राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran








11 आप मुझे आने वाले मैचों में गेंदबाजी करते हुए देखेंगे ...

डेमोक्रेट सम्मेलन में बोलीं हिलेरी- कमला हैरिस के पास अमेरिका को ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 130 | नई दिल्ली, बुधवार,21 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या : सुप्रीम कोर्ट ने 22 तक मांगी रिपोर्ट, राष्ट्रीय कार्य बल का गठन

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या मामले की मंगलवार को स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर एक राष्ट्रीय प्रोटोकॉल तैयार के लिए 10 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्य बल का गठन किया। शीर्ष अदालत ने कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज की 31 वर्षीया स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में आज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अलावा पश्चिम बंगाल सरकार को अलग-अलग जांच प्रगति विवरण 22 अगस्त तक पेश करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि यह कार्य बल चिकित्सा से संबंधित पेशेवरों की सुरक्षा, भलाई और अन्य संबंधित मामलों पर गौर करेगी।

पीठ ने मामले की जांच कर रही सीबीआई को जांच की प्रगति का विवरण 22 अगस्त तक अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। इसके अलावा राज्य सरकार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में उस महिला डॉक्टर की कथित हत्या के बाद वहां 14-15 अगस्त को हुई तोड़फोड़ घटनाओं की जांच प्रगति का विवरण 22 अगस्त तक प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार को कथित सुस्त और लापरवाह रवैये के लिए फटकार लगाई। न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार को सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहिए। अदालत ने कहा कि आरजी कर अस्पताल में उपद्रव करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। शीर्ष अदालत ने 18 अगस्त 2024 को स्वतः संज्ञान मामला दर्ज किया था। नौ अगस्त 2024 को अस्पताल की ड्यूटी के दौरान उस महिला डॉक्टर के साथ कथित तौर पर शर्मसार करने वाली घटना हुई थी। इस मामले को लेकर चल रहे देशव्यापी डॉक्टरों के आंदोलन के दौरान 14-15 अगस्त की दरमियानी रात को उसी सरकारी मेडिकल कॉलेज-अस्पताल पर अज्ञात लोगों की भीड़ ने हमला किया, जिसमें उसके इमरजेंसी वार्ड को काफी नुकसान पहुंचाया गया था। महिला प्रशिक्षु डॉक्टर की कथित हत्या के इस मामले के विरोध में कोलकाता, दिल्ली समेत देशभर के डॉक्टर लगातार जगह-जगह धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी बीच, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 13 अगस्त को मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। पीड़िता के माता-पिता समेत कुछ अन्य लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद कार्रवाई करते हुए अदालत ने यह आदेश पारित किया था। सीबीआई ने दिल दहलाने वाली घटना में उस मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष से भी पूछताछ की है। कोलकाता पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।




## मौसम

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 81,500 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर मोदी, खरगे और राहुल ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज 80वीं जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की 80वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- हमारे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूर्व पीएम राजीव गांधी को याद किया। उन्होंने कहा, आज देश सद्भावना दिवस मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, भारत के महान सपूत थे। उन्होंने करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगाई और अपने अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में पहुंचाया। उन्होंने आगे कहा, मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे उनके कई सुखद कदम देश में परिवर्तनकारी बदलाव लाए। हम भारत रत्न राजीव गांधी को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने पिता की 80वीं जयंती पर नई दिल्ली स्थित वीर भूमि पहुंचे। यहां उन्होंने पिता राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक तस्वीर एक्स पर पोस्ट कर पिता को याद किया।

### बागेश्वरधाम जा रहे ऑटो ट्रक से टकराया, 7 की मौत

छतरपुर/भोपाल। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में मंगलवार तड़के भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। हादसा सिविल लाइन थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर ग्राम कदारी के पास हुआ। बागेश्वर धाम जा रहे उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं से भरे एक ऑटो की ट्रक से भिड़ंत हो गई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें चार की हालत गंभीर है, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मिक चौबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश के महोबा रेलवे स्टेशन से 13 श्रद्धालु ऑटो में सवार होकर दर्शन के लिए बागेश्वर धाम जा रहे थे। ऑटो मंगलवार सुबह करीब पांच बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर ग्राम कदारी के पास पहुंचा था, तभी चालक को झपकी आ गई और ऑटो ट्रक से जा टकराया। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं।

**मुख्यमंत्री ने वैशाली में पूरे परिसर के विकास कार्यों का निरीक्षण कर लिया जायजा**

# बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह बुद्ध स्मृति स्तूप का निर्माण कार्य तेजी से करें पूरा : नीतीश



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को वैशाली जिला के वैशालीगढ़ स्थित निमाणार्धीन बुद्ध सम्यक दर्शन-सह-बुद्ध स्मृति स्तूप का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर के विकास कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्तूप के भू-तल एवं प्रथम तल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने पुस्तकालय एवं ध्यान कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य की प्रगति की अद्यतन जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने आगंतुक केंद्र स्थित सम्मेलन कक्ष में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह बुद्ध स्मृति स्तूप परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजना के मुख्य अवयवों- बुद्ध स्तूप (पत्थर की संरचना), संग्रहालय ब्लॉक, पुस्तकालय एवं ध्यान कक्ष, आगंतुक केंद्र, अतिथि गृह, प्रदर्श योजना आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और बचे हुए कार्य को दो माह में पूर्ण कर लिया जाएगा।

### वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक जगह

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक जगह है। भगवान बुद्ध के जितने भी अस्थि कलश मिले हैं, उसमें वैशाली में मिला अस्थि कलश सबसे प्रामाणिक है। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-बुद्ध स्मृति स्तूप के बन जाने के बाद यहां बौद्ध भिक्षु के साथ-साथ बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी आएंगे। बोधगया और राजगीर आनेवाले श्रद्धालु भी यहां आएंगे। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय में महात्मा बुद्ध के जीवन से संबंधित घटनाओं और बौद्ध धर्म से जुड़े प्रसंगों को यहां दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले वैशालीगढ़ की क्या स्थिति थी और बाद में हमने इसको विकसित करने को लेकर जो योजना बनाई, उसके तहत जो कार्य किए गए हैं उसकी भी विवरणी को भी यहां दर्शाएं। इससे लोग जान सकेंगे कि इस ऐतिहासिक धरोहर को विकसित करने के लिए कितने कार्य किए गए हैं।

**पर्यटकों के आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे :** समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यहां हमेशा आते रहते हैं और यहां के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते रहते हैं। योजना के अनुरूप कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। परिसर में वृक्षारोपण भी कराएं। यहां अच्छे ढंग से वाटर बॉडी का भी निर्माण कराएं। साथ ही परिसर के अंदर भी रास्ते का निर्माण ठीक से कराएं। उन्होंने कहा कि आवागमन को भी बेहतर किया जा रहा है ताकि आसानी से और कम समय में पर्यटक यहां पर पहुंच सकें। अधिक से अधिक संख्या में पर्यटकों के आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, विधायक सिद्धार्थ पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव सह भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, तिरहुल प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शिवदीप लांडे, वैशाली के जिलाधिकारी यशपाल मीणा, वैशाली के पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय सहित अन्य अधिकारीगण और अभियंतागण उपस्थित थे।

**विज्ञापन वापस लेने के केन्द्र के निर्देश के बाद आयोग ने उठाया कदम**

# यूपीएससी : 45 पदों पर सीधी भर्ती के लिए जारी विज्ञापन रद्द

### संघ लोक सेवा आयोग ने लेटरल एंट्री भर्ती प्रक्रिया को किया रद्द

प्रात : किरण




नई दिल्ली/ एजेंसी। संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव स्तर के 45 पदों के लिए लेटरल एंट्री संबंधी विज्ञापन रद्द कर भर्ती प्रक्रिया भी रद्द कर दी। आयोग ने यह कदम केंद्र सरकार द्वारा लेटरल एंट्री का विज्ञापन वापस लेने के निर्देश के बाद उठाया है। यूपीएससी ने आज जारी एक परिपत्र में लिखा, ह्लसभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि रोजगार समाचार, विभिन्न समाचार पत्रों और आयोग की वेबसाइट पर 17 अगस्त, 2024 को प्रकाशित विभिन्न विभागों में संयुक्त सचिव, निदेशक व उप सचिव स्तर के 45 पदों के लिए लेटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन संख्या 54/2024 को, अपेक्षित प्राधिकारी के अनुरोध पर रद्द कर दिया गया है। इससे पहले मंगलवार को केन्द्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण, लोक शिकायत राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी अध्यक्ष प्रीति सूदन से लेटरल एंट्री के लिए जारी विज्ञापन को रद्द करने के लिए पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के तहत, विभिन्न मंत्रालयों में सचिव, यूआईडीएआई का नेतृत्व आदि जैसे महत्वपूर्ण पद बिना किसी आरक्षण प्रक्रिया का पालन किए लेटरल एंट्री को दिए गए हैं। इसके अलावा यह सर्वविदित है कि बदनाम राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य एक सुपर-नौकरशाही चलाते थे और यह प्रधानमंत्री कार्यालय को नियंत्रित करती थी। पत्र में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृढ़ विश्वास है कि लेटरल एंट्री की प्रक्रिया को हमारे संविधान में निहित समानता और सामाजिक न्याय विशेष रूप से आरक्षण के प्रावधानों के संबंध से जुड़े सिद्धांतों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। हमारी सरकार का प्रयास प्रक्रिया को संस्थागत रूप से संचालित, पारदर्शी और खुला बनाने का रहा है। लेटरल एंट्री का अर्थ है कि देश के शीर्ष सरकारी पदों पर सीधे नियुक्ति करना। वर्तमान में शीर्ष नौकरशाही से जुड़े पदों पर संघ लोक सेवा आयोग की नियमित चयन और प्रशिक्षण प्रक्रिया के बाद विभिन्न पदों पर रहने के बाद नियुक्ति होती है। 17 अगस्त को संयुक्त सचिव और निदेशक स्तर पर नियुक्ति के लिए यूपीएससी ने विज्ञापन दिया था। यूपीएससी को लिखे पत्र में कहा गया था कि लेटरल एंट्री पदों को विशिष्ट माना गया है और एकल-कैडर पदों के रूप में नामित किया गया है, इसलिए इन नियुक्तियों में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करने के संदर्भ में इस पहलू की समीक्षा और सुधार की आवश्यकता है।

**2014 से पहले अधिकांश प्रमुख लेटरल एंट्री तदर्थ तरीके से की गई थी :** पत्र में पूर्ववर्ती सरकारों में लेटरल एंट्री की स्थिति भी बताई गई है। इसमें कहा गया है कि यह सर्वविदित है कि द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने सिद्धांत रूप में लेटरल एंट्री का समर्थन किया था, जिसका गठन 2005 में वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में किया गया था। 2013 में छठे वेतन आयोग की सिफारिशें भी इसी दिशा में थीं। हालांकि, इससे पहले और बाद में लेटरल एंट्री के कई हाई-प्रोफाइल मामले भी हैं। इसके अलावा 2014 से पहले अधिकांश प्रमुख लेटरल एंट्री तदर्थ तरीके से की गई थीं, जिसमें कथित पक्षपात के मामले भी शामिल हैं, हमारी सरकार का प्रयास प्रक्रिया को संस्थागत रूप से संचालित, पारदर्शी और खुला बनाने का रहा है।

## भाजपा की लेटरल एंट्री जैसी साजिशों को हम नाकाम करके दिखाएंगे : राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार के लेटरल एंट्री के विज्ञापन पर रोक लगाने के आदेश पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की लेटरल एंट्री जैसी साजिशों को हम हर हाल में नाकाम करके दिखाएंगे। राहुल गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, संविधान और आरक्षण व्यवस्था की हम हर कीमत पर रक्षा करेंगे। भाजपा की ह्यलेटरल एंट्रीह्ल जैसी साजिशों को हम हर हाल में नाकाम कर के दिखाएंगे। मैं एक बार फिर कह रहा हूं 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को तोड़ कर हम जातिगत गिनती के आधार पर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पोस्ट में लिखा, संविधान जयते! हमारे दलित, आदिवासी, पिछड़े और कमजोर वर्गों के सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस पार्टी की लड़ाई ने भाजपा के आरक्षण छीनने के मंसूबों पर पानी फेरा है। लेटरल एंट्री पर मोदी सरकार की चिट्ठी ये दर्शाती है कि तानाशाही सत्ता के अहंकार को संविधान की ताकत ही हरा सकती है। राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया पार्टियों की मुहिम से सरकार एक कदम पीछे हटी है, पर जब तक बीजेपी-आरएसएस सत्ता में है, वो आरक्षण छीनने के नए-नए हथकंडे अपनाती रहेगी।

## पीएम मोदी ने सामाजिक न्याय के प्रति दिखाई है प्रतिबद्धता : अश्विनी

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्र सरकार में लेटरल एन्ट्री के संबंध में जारी विज्ञापन पर रोक लगाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय का स्वागत किया है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को एक बार पुनः बेहद महत्वपूर्ण निर्णय द्वारा प्रतिस्थापित किया है। यूपीएससी ने लेटरल एंट्री के लिए एक बेहद पारदर्शी तरीका अपनाया था। उसमें भी अब आरक्षण का सिद्धांत लागू करने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सामाजिक न्याय के प्रति हमेशा अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। वैष्णव ने मीडिया से कहा कि पहले ओबीसी आयोग जो एक साधारण बॉडी थी हमने उसे संवैधानिक दर्जा दिया। नीट हो, मेडिकल एडमिशन हो, सैनिक विद्यालय या नवोदय विद्यालय हों, हमने सभी जगह आरक्षण के सिद्धांत को लागू किया है। यही नहीं हमने डॉ. अंबेडकर के पंच तीर्थ को भी गौरवपूर्ण स्थान दिलाया है। आज बेहद गौरव की बात है कि राष्ट्रपति भी आदिवासी समाज से आती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के सैचुरेशन प्रोग्राम के तहत देश के अंतिम व्यक्ति तक सभी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। इसका अधिकतम लाभ हमारे एससी, एसटी और ओबीसी समाज के लोगों को मिल रहा है।

## लैंड फॉर जॉब घोटाला: सीबीआई से जुड़े मामले पर 5 सितंबर को सुनवाई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब घोटाले से जुड़े सीबीआई के मामले में सुनवाई टाल दी है। आज स्पेशल जज विशाल गोगने के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली है। मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी।

कोर्ट ने 31 जुलाई को निर्देश दिया था कि सक्षम प्राधिकार लालू प्रसाद यादव समेत 32 लोक सेवकों के खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति देने पर 20 अगस्त तक फैसला करे। कोर्ट ने सक्षम प्राधिकार से कहा था कि अगर 20 अगस्त तक फैसला नहीं होता है तो सक्षम प्राधिकार का अधिकृत अधिकारी कोर्ट आकर देरी के संबंध में स्पष्टीकरण दें।

इसके पहले 15 जुलाई को कोर्ट ने सक्षम प्राधिकार को अभियोजन चलाने की अनुमति देने पर दो हफ्ते में फैसला करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कोर्ट को बताया था कि लालू यादव समेत दूसरे लोक सेवकों के खिलाफ ट्रायल के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। कोर्ट ने गृह मंत्रायल के 19 जुलाई की उस सूचना पर गौर किया, जिसमें उचित कार्रवाई के लिए सक्षम प्राधिकार को भेजने की बात कही गई है। कोर्ट ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा है कि सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों के ट्रायल में तेजी लायी जाए और हर हफ्ते केसों की सुनवाई हो। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश सक्षम प्राधिकार पर भी लागू होते हैं। सीबीआई ने 7 जून को इस मामले में अंतिम चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें 78 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इन 78 आरोपितों में से रेलवे में नौकरी पाने वाले 38 उम्मीदवार भी शामिल हैं।

## राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग वाली याचिका दूसरी बेंच में ट्रांसफर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने को लेकर गृह मंत्रालय को फैसला करने का आदेश देने की मांग करने वाली भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका दूसरी बेंच में ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। जस्टिस संजीव नरुला की बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता ये बताने में नाकाम रहे कि इसमें कोई संवैधानिक अधिकार है लेकिन याचिकाकर्ता का कहना है कि इसमें जनहित का मसला जुड़ा हुआ है। उसके बाद कोर्ट ने कार्यकारी चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच के पास याचिका ट्रांसफर करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान सुब्रमण्यम स्वामी ने खुद दलील रखते हुए कहा कि उन्होंने 2019 में गृह मंत्रालय को लिखा था कि बैकओप्स लिमिटेड का रजिस्ट्रेशन ब्रिटेन में 2003 में हुआ था और राहुल गांधी उस कंपनी के निदेशकों में से एक थे। याचिका में कहा गया है कि कंपनी की ओर से 10 अक्टूबरम, 2005 और 31 अक्टूबर, 2006 को भरे गए सालाना आयकर रिटर्न में कहा गया है कि राहुल गांधी की नागरिकता ब्रिटेन की है। याचिका में कहा गया है कि कंपनी ने खुद को भंग करने के लिए 17 फरवरी, 2009 को अर्जी दाखिल की थी, उसमें भी राहुल गांधी की नागरिकता ब्रिटेन की बताई गई है। याचिका में कहा गया है कि ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद 9 और भारतीय नागरिकता कानून का उल्लंघन है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी, जिसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी। जम्मू-कश्मीर में 90 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए तीन चरणों में चुनाव कराये जाने हैं, जिसके पहले चरण में 24 सीटों पर मतदान कराये जाएंगे। राजपत्र में जारी अधिसूचना के अनुसार पहले चरण के चुनाव के नामांकन 27 अगस्त, मंगलवार तक कराये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की समीक्षा 28 अगस्त को होगी और नाम 30 अगस्त तक वापस लिये जा सकेंगे। पहले चरण का मतदान 18 सितम्बर बुधवार को कराया जायेगा। तीनों चरण की मतगणना चार अक्टूबर को करायी जायेगी। केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा में नौ अनुसूचित जनजाति और सात सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। पहले चरण में चुनाव के लिए पम्पोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनपोरा, डोडा, डोडा पश्चिम, रामबन, बनिहाल सीटों पर चुनाव होगा।

**बैठक** | **पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री के बीच द्विपक्षीय शिखर बैठक में आठ समझौते पर हस्ताक्षर**

# भारत और मलेशिया के बीच उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। भारत और मलेशिया ने अपनी विस्तारित रणनीतिक साझीदारी को समग्र रणनीतिक साझीदारी का रूप देने और सेमीकंडक्टर, फिनटेक, रक्षा उद्योग, एआई और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का मंगलवार को फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, संचार, वित्तीय तकनीक आदि आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये तथा भारत मलेशिया सीईओ रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान की। बैठक के बाद श्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में श्री इब्राहिम का उनके पहले भारत दौरे पर स्वागत किया और कहा, मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही मुझे भारत में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया के बीच विस्तारित रणनीतिक साझीदारी का एक दशक पूरा हो रहा है। और पिछले दो सालों में, श्री इब्राहिम के सहयोग से हमारी साझीदारी में एक नई गति और ऊर्जा आई है। आज हमने आपसी सहयोग के सभी क्षेत्रों पर व्यापक रूप से चर्चा की है। श्री मोदी ने कह, भारत और मलेशिया सदियों से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। मलेशिया में रह रहे लगभग 30 लाख भारतीय प्रवासी हमारे बीच एक जीवंत सेतु हैं। भारतीय संगीत, खान-पान और उत्सव से लेकर मलेशिया में तोरण गेट तक में हमारे लोगों ने इस मित्रता को संजोया है। आसियान और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में मलेशिया, भारत का अहम साझीदार है। भारत आसियान केन्द्रीयता को प्राथमिकता देता है। हम सहमत हैं कि भारत और आसियान के बीच मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा को समयबद्द तरीके से पूरा करना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि पिछले वर्षों में मलेशिया द्वारा भारत में पांच अरब डॉलर तक का निवेश किया गया है। उन्होंने कहा, आज हमने निर्णय लिया है कि हम अपने सहयोग को ह्यव्यापक रणनीतिक साझीदारी के स्तर तक बढ़ाएंगे। हमारा मानना है कि आर्थिक सहयोग के मामले में दोनों देशों के लिए अभी भी काफी संभावनाएं और संभावनाएं मौजूद हैं। सेमीकंडक्टर, फिनटेक, रक्षा उद्योग, एआई और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे जिन क्षेत्रों में नई और आधुनिक तकनीक की जरूरत है, हम सहयोग बढ़ाएंगे। डिजिटल तकनीक में सहयोग के लिए भारत के यूपीआई को मलेशिया के पे-नेट से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# राज्य सभा चुनाव : बिहार से मनन मिश्रा भाजपा के उम्मीदवार, आज करेंगे नामांकन

प्रात : किरण



पटना। देश के सात राज्यों की 10 राज्यसभा सीटों पर उप चुनाव होने हैं। चुनाव के नामांकन का आज यानी बुधवार को अंतिम दिन है। ऐसे में अब अंतिम समय में भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पार्टी की बैठक के बाद इस नाम पर अंतिम मुहर लग गई है। भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए बिहार के लिए मनन कुमार मिश्रा को अपना उम्मीदवार बनाया है। यहां रिक्त जिन दो सीटों पर राज्यसभा चुनाव होने हैं, उनमें एक सीट पर पहले से ही उपेंद्र कुशवाहा के नाम की घोषणा की जा चुकी है। मनन कुमार मिश्रा मूल रूप से गोपालगंज जिले के रहने वाले हैं। वह बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रह चुके हैं और फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में वकालत करते हैं। ये दोनों प्रत्याशी नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को अपना पर्चा भरेंगे। उस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा सहित राजग के तमाम

● **उपेन्द्र कुशवाहा भी आज करेंगे नामांकन**

नेताओं के उपस्थित रहने की संभावना है। भाजपा के विवेक ठाकुर व राजद की मीसा भारती के लोकसभा सदस्य चुन लिए जाने के कारण राज्यसभा की दो सीटों पर उप चुनाव हो रहा। विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से ये दोनों सीटें राजग के पक्ष में जा रही हैं। प्रत्याशियों के चयन में राजग ने अगड़ा और पिछड़ा की उस केमेस्ट्री का ध्यान रखा है, जिसके आधार पर वह विधानसभा के चुनाव में दांव आजमाना चाहती है। कुशवाहा पिछड़ा वर्ग से हैं और बार कांउसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन सवर्ण।

## संक्षिप्त समाचार

### मेडिकल कॉलेज में नहीं खुल सका ब्लड बैंक

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा समेत आसपास के जिलों के रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए अल्मोड़ा में मेडिकल कॉलेज तो खोला गया, लेकिन लंबी मांग के बाद भी यहां आज तक ब्लड बैंक स्थापित नहीं हो सका है। इस कारण यहां उपचार के लिए भर्ती होने वाले रोगियों के तीमारदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में ब्लड बैंक खोलने की नगर के लोग लंबे समय से मांग कर रहे हैं। कुछ महीनों पहले यहां ब्लड बैंक खोलने के लिए एक टीम सर्वे करने भी आई थी। इसके बाद यह मामला फिर से अधर में लटक गया। आज भी मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वाले रोगियों के तीमारदारों को खून की जरूरत पड़ने पर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पर निर्भर रहना पड़ता है। कई बार यहां भी खून की व्यवस्था नहीं होने पर रोगियों को हल्द्वानी या अन्य महानगरों में रेफर करना मजबूरी बन जाती है। इन सब परेशानियों के बाद भी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन यहां ब्लड बैंक के संचालन के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है। डॉ सीपी भैंसोड़ा, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक खोले जाने के प्रयास जारी हैं। सर्वे टीम ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। स्वीकृति मिलते ही यहां ब्लड बैंक का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

### शौचालय कर्मी से मारपीट

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** नशे में धुत एक व्यक्ति ने नगरपालिका के पास स्थित शौचालय में तैनात एक कर्मचारी से मारपीट कर दी। पीड़ित कर्मचारी ने इस मामले में पुलिस को तहरीर सौंपी है। शनिवार देर शाम एक व्यक्ति नगरपालिका के पास स्थित शौचालय में शौच करने गया। इस दौरान शौचालय में मौजूद भ्यारखोला निवासी महेश कुमार से उसकी खुले पैसों को लेकर बहस हो गई। थोड़ी ही देर में मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि उक्त व्यक्ति नशे में धुत्त था उसने कर्मचारी महेश कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। वहां मौजूद दूसरे कर्मचारी चेतन कुमार ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो उसकी भी पिटाई की गई। घटना के दौरान दोनों कर्मचारियों को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को कोतवाली ले गई। कुछ देर बाद सफाई कर्मचारी भी कोतवाली पहुंचे और उन्होंने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने बताया कि मेडिकल की कार्रवाई के बाद मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

### विस सत्र के लिए गैरसैंण पहुंचे सीएम, होगी भाजपा विधानमंडल दल की बैठक



**चमोली, एजेंसी।** भाजपा विधानमंडल के मुख्य सचेतक आदेश कुमार चौहान के मुताबिक, सभी विधायक मंगलवार को भराड़ीसैंण पहुंच जाएंगे। वह स्वयं गैरसैंण के लिए रवाना हो चुके हैं। 21 अगस्त से गैरसैंण (भराड़ीसैंण) विधानसभा सत्र का आगाज होगा। इसके लिए सीएम धामी गैरसैंण पहुंच गए हैं। भाजपा विधानमंडल दल की बैठक आज शाम को भराड़ीसैंण में होगी। बैठक में विपक्ष के हमलों की काट के लिए सत्ता पक्ष के विधायक अपनी रणनीति को धार देंगे। तीन दिन के इस अल्प अवधि के सत्र में विपक्ष ज्यादा से ज्यादा मुद्दे उठाने की रणनीति बना रहा है। वह कानून व्यवस्था, आपदा, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, भू-कानून जैसे मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरने की तैयारी में है। भराड़ीसैंण में होने वाली विधानमंडल दल की बैठक में भाजपा विपक्ष के हमलों की काट की रणनीति बनाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, संसदीय एवं विधायक कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल समेत सरकार के सभी मंत्री और अधिकांश विधायक के इस बैठक में शामिल होंगे। भाजपा विधानमंडल के मुख्य सचेतक आदेश कुमार चौहान के मुताबिक, सभी विधायक मंगलवार को भराड़ीसैंण पहुंच जाएंगे। वह स्वयं गैरसैंण के लिए रवाना हो चुके हैं।

# तपोवन में बादल फटा...तीन कॉलोनियों के 70 घरों में घुसा मलबा, 50 लाख से अधिक का नुकसान

**नैनीताल, एजेंसी।**
तपोवन के पास बादल फटने के कारण देवखड़ी नाले ने कृष्णा विहार,देवकी विहार, गायत्री कॉलोनी में भयंकर तबाही मचाई। नाला टूटने से 70 घरों में मलबा घुस गया। बड़े-बड़े पत्थर लोगों के घरों में घुस गए। दो बसें आधी मलबे में दब गई। 15 कारें बह गई। उधर बटाईदार की झोपड़ी नाले टूटने के कारण बह गई। पांच सदस्यों ने बड़ी मुश्किल से जान बचाई। उधर घरों में पानी घुसने से लोगों का करीब 50 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हो गया।

सोमवार शाम 6-45 बजे देवखड़ी नाला टूट गया। नाले का पानी और मलबा लोगों के घरों में घुसने लगा। डेढ़ घंटे में नाले का पानी मलबा, बोल्डर सहित 70 घरों में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए छत में भागे। जब तक पानी कम नहीं हुआ। लोग घरों की छत में ही बैठे रहे।

बारिश का पानी कम होने के बाद जब लोग घरों से उतरे तो मंजर खौफनाक था। घरों में दो-दो फिट मलबा घुस गया था। लोगों के घरों में रखा सामान, फ्रिज, कूलर आदि खराब हो गए। सड़कें एक से पांच फिट मलबे में दब गई। लोगों की घरों की भूमिगत टंकी मलबे से भर गई। बारिश रुकने के बाद लोग अपना सामान निकालने में लगे रहे।उधर वन विभाग फतेहपुर रेंज के वनक्षेत्राधिकारी केएल



आर्या ने बताया कि कक्ष संख्या 13 तपोवन के पास बादल फटने के कारण ये हाल हुए हैं। कहा कि आधे घंटे में करीब 120 एमएम बारिश हुई है। देवखड़ी नाले के उपर पहाड़ है। इसके नीचे लोगों के घर हैं। जब नाला टूटा तो उसके पास नीचे दो बस खड़ी थी। ये बस आधे मलबे में दब गई। सड़क पर पांच फिट मलबा आ गया। उधर 15 कारों में मलबा घुस गया। लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पानी और मलबे के कारण सड़क पर खड़ी कार और बाइकें बह गई। लोगों ने बताया कि 15 वाहन बहे। बाद में ये वाहन किसी की दीवार दो कोई मोड़ पर जाकर रुका।

बस ने मलबे को काफी हद तक लोगों के घरों में घुसने से बचाया। नाला टूटने के जिस स्थान पर बस खड़ी थी। बस के कारण मलबा बस के आसपास रूक गया। बसें आधी मलबे से दब गई।

नाले के पास एक मकान पर भारी मलबा घुस गया। उस मकान के खिड़की तक मलबा भर गया। घर वालों ने बताया कि मलबा और पानी खिड़की से उनके अंदर आ गया। कहा कि थोड़ी देर और पानी नहीं रुकता तो उनका मकान बह जाता।

विवेक बृजवासी ने आरोप लगाया कि जिस समय वन विभाग नाले को साफ कर रहा था तो उन्होंने अपने खेत से जेसीबी को नाले तक जाने का रास्ता दिया। उस समय हमने वन विभाग से कहा कि यहां पर तार के जाल और पत्थर लगा दो वे नहीं माने। कहा कि वन विभाग की लापरवाही से उनके पूरे धान बह गए। खेत में मलबा घुस गया। उनके बटाईदार की झोपड़ी और पूरा सामान बह गया। उनके परिवार ने बमुश्किल जान बचाई।

नाले के बगल से तीन इंच की पेयजल लाइन आ रही है। ये नाला टूटने के कारण पूरी तरह बह गई। इससे करीब 1200 परिवार के सामने पेयजल संकट पैदा हो गया है।

## भूस्खलन और भू-धंसाव की चपेट में मखमली घास का मैदान, इस वजह से बढ़ी समस्या



**उत्तरकाशी, एजेंसी।**
वर्ष 2019-20 में जब दयारा बुग्याल में भूस्खलन और भू-धंसाव की तस्वीरें सामने आई थी तो वन विभाग ने इसे बचाने के लिए पहल की थी। तब ओडिशा से जूट और नारियल के रेशों से तैयार जाल (केयर नेट) के कई बंडल मंगवाए गए थे, जिन्हें बिछाकर भूस्खलन और भू-धंसाव को रोकने को प्रयास किया गया था। मैदान दयारा बुग्याल दरक रहा है। यह भूस्खलन और भू-धंसाव की चपेट में है। पूर्व में यहां वन विभाग ने सुरक्षात्मक कार्य भी करवाए थे, लेकिन सुरक्षात्मक कार्य के बावजूद भी भूस्खलन और भू-धंसाव नहीं थम रहा है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बुग्याल संरक्षण योजना के तहत दोबारा से दयारा बुग्याल के संरक्षण के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाएगा। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर और समुद्रतल से 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित दयारा बुग्याल करीब 28 वर्ग किमी में फैला हुआ है। वर्ष 2019-20 में जब दयारा बुग्याल में भूस्खलन और भू-धंसाव की तस्वीरें सामने आई थी तो वन विभाग ने इसे बचाने के लिए पहल की थी। नारियल के रेशों से तैयार जाल (केयर नेट) के कई बंडल मंगवाए गए थे, जिन्हें बिछाकर भूस्खलन और भू-धंसाव को रोकने को प्रयास किया गया था। लेकिन हाल में यहां हुए पारंपरिक अंढूड़ी उत्सव(बटर फेस्टिवल) में फिर से यहां भूस्खलन और भू-धंसाव की डराने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, इससे साफ है कि यहां वन विभाग की ओर से पूर्व में कराए सुरक्षात्मक कार्य से भी बुग्याल में सक्रिय भूस्खलन व भू-धंसाव नहीं थम रहा है। इसका एक कारण यहां नियमित समय अंतराल पर सुरक्षात्मक कार्य न किया जाना भी है, जिसे वन विभाग के अधिकारी भी स्वीकारते हैं। ऐसे में समय रहते दयारा के संरक्षण के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार नहीं की गई तो यह प्राकृतिक धरोहर धीरे-धीरे नष्ट हो सकती है।

## डैम में नहाते समय युवक को रील बनाना पड़ा भारी, डूबने से हुई मौत



**उधम सिंह नगर, एजेंसी।** नानक सागर डैम में एक युवक को दोस्तों के साथ डैम में नहाते समय रील बनाना ऐसा भारी पड़ा कि युवक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। मामला जनपद उधम सिंह नगर के नानकमत्ता का है, जहां डैम में अपने दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। वहीं आसपास के लोगों की मदद से शव को डैम से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सितारगंज ले आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दरअसल, एक युवक निवासी सितारगंज अपने दोस्तों के साथ नानक सागर डैम में नहाने के लिए गया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान पानी में छलांग लगाते हुए वीडियो बना रहा था। इसी बीच पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। वहीं घटनास्थल पर मौजूद दोस्तों ने युवक को बचाने की कोशिश की, लेकिन कोशिश नाकामयाब रही। उन्होंने युवक को पानी से बाहर निकाला। साथ ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उमेश को सितारगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक अतुल कुमार ने बताया कि मृतक को मृत अवस्था में सरकारी अस्पताल लाया गया था।

## रुद्रप्रयाग में नहीं थम रहा बारिश का कहर, केदारनाथ हाईवे का 100 मीटर हिस्सा ढहा



**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड में बारिश का कहर अभी भी नहीं थम रहा। इस भारी बारिश के चलते मैदानों से लेकर पहाड़ी क्षेत्रों के मार्ग पूरी तरह से प्रभावित हो चुके है। इसी बीच बारिश के कारण रुद्रप्रयाग में केदारनाथ हाईवे के क्षतिग्रस्त होने की खबर सामने आई है। इसमें केदारनाथ हाइवे का एक सौ मीटर हिस्सा ढह गया है। इसके चलते मार्ग बाधित हो गया है। जानकारी के अनुसार, बीती देर रात्रि को केदारघाटी में हुई तेज बारिश के कारण केदारनाथ हाईवे का 100 मीटर हिस्सा ढह गया है। इसी के साथ सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच का मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है। ऐसी स्थिति में लोगों को आवाजाही में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

फिलहाल पैदल आवाजाही पूरी तरह से ठप हो चुकी है। वहीं केदारघाटी में लगातार बारिश के चलते जिले के 13 लिंक मार्ग बाधित हो गए है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी यातायात व्यवस्था डगमगाई हुई है।

## पति ने पत्नी पर लगाया ढाई साल की बच्ची की हत्या का आरोप, शरीर पर मिले कंघे से पीटने के निशान

**रुड़की, एजेंसी।** नदीम अपनी पत्नी और ढाई साल की बच्ची के साथ रुड़की पहुंचा। बच्ची मृत अवस्था में थी। नदीम ने बताया कि उसकी बच्ची की सामान्य मौत नहीं है। उसकी ही पत्नी ने बच्ची को मार दिया है।

एक युवक ने अपनी ही पत्नी पर ढाई साल की बच्ची की हत्या का आरोप लगाया है। ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी नदीम चंडीगढ़ के रामगढ़ में रहता है। पत्नी और ढाई साल की बच्ची भी उसके साथ ही वहां रहते थे।

रविवार रात को नदीम अपनी पत्नी और ढाई साल की बच्ची के साथ रुड़की पहुंचा। बच्ची मृत अवस्था में थी। नदीम ने बताया कि उसकी बच्ची की सामान्य मौत नहीं है। उसकी ही पत्नी ने बच्ची को मार दिया है।

यह बात जब परिचत और परिजनों को पता चली तो वहां हंगामा होने लगा। मामले की जानकारी पाकर कोतवाली रुड़की प्रभारी निरीक्षक आरके सकलनी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। नदीम ने पुलिस को बताया कि पहली पत्नी से उसका तलाक हो चुका है। उसे एक ढाई साल की बच्ची है, जो उसके साथ रहती थी। जनवरी माह में उसने दूसरी शादी की थी। इसके बाद वह अपनी पत्नी और बच्ची को लेकर चंडीगढ़ ही चला गया था। नदीम ने बताया कि 16 अगस्त को वह अपने दोस्त के साथ किसी काम से अमृतसर गया था। इस दौरान उसकी पत्नी का फोन आया। उसकी प [illegible] च्ची को टॉयलेट में गिरने से चोट लग गई है। यह सुनकर नदीम ने कहा कि उसे समीप के अस्पताल में ले जाओ।

कुछ देर बाद फिर से उसकी पत्नी का फोन आया, उसने बताया कि बच्ची अब ठीक है। रात 12 बजे वह अपने घर पहुंचा, बच्ची को उसने आइसक्रीम खिलाई। इसके बाद वह लोग सो गए, लेकिन सुबह के समय जब वह उठा तो बच्ची नहीं उठी। उसे हिलाया, लेकिन फिर भी बच्ची नहीं बोली। इस पर वह तुरंत ही उसे अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने बताया कि बच्ची की मौत हो चुकी है।

बच्ची की मौत हो सकता है चोट लगने से हुई है। यह सुनकर वह सन रह गया। नदीम के मुताबिक बच्ची के शरीर पर चोट के निशान थे। चंडीगढ़ पुलिस ने बच्ची का पीएम कराया। पीएम करने के बाद वह रुड़की आ गए। नदीम का आरोप है कि उसकी पत्नी ने ही उसकी बच्ची को बेरहमी से पीटा है।

## बीजेपी नेत्री के पुत्र पर अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से किया हमला

**ऊधम सिंह नगर-** उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर में बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है। ऐसा ही एक मामला पंतनगर थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने भाजपा नेत्री के बेटे पर घर में घुसकर लोहे की रोड और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद घायल को परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुट चुकी है। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में चार नकाब पोस बदमाश युवक पर धारदार हथियार व रॉड से हमला करते हुए दिखाई दे रहे है।

जानकारी के मुताबिक, घटना उधम सिंह नगर जिले के पंतनगर थाना क्षेत्र स्थित मेट्रो पोलिस कालोनी की है, जहां भाजपा नेत्री मधु राय भाटिया अपने बेटे पीयूष राय भाटिया और बच्चों के साथ रहती है। इसी बीच बीते रविवार देर रात वह नैनीताल से घर पहुंचे थे। जैसे ही पीयूष गाड़ी से समान निकाल रहा था, वैसे ही एक कार से बदमाश आए और पीयूष पर हमला बोल दिया। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमे मुंह में नकाब लगा कर चार बदमाश पीयूष पर रॉड से हमला करते हुए दिखाई दे रहे है। इस घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद परिजन खून से लथपथ पीयूष को जिला अस्पताल ले गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। वहीं इस मामले में आईपीएस सीओ सिटी निहारिका तोमर ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम गठित कर दी है।

## राज्य आंदोलनकारियों ने सीएम धामी से की मुलाकात, 10 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने पर व्यक्त किया आभार

**उधम सिंह नगर, एजेंसी।**
रक्षाबंधन के अवसर पर अपने गृह क्षेत्र खटीमा पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से राज्य आंदोलनकारियों ने मुलाकात की। इस विशेष मुलाकात में आंदोलनकारियों ने 10त्न आरक्षण दिए जाने के लिए सीएम का आभार एवं धन्यवाद जताया। अपने तय कार्यक्रम के चलते चंपावत के देवीधुरा मंदिर के लिए रवाना होने से पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहिया पावर हाउस में बनाए गए नए हेलीपैड का विधिवत पूजा पाठ कर लोकार्पण किया। बता दें कि हेलीपैड पर एकत्र हुए राज्य आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर राज्य स्थापना के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलनकारियों को 10त्न आरक्षण दिए जाने पर आभार जताया। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का प्रथम दिवस से ही लक्ष्य है कि आंदोलनकारियों को उनका अधिकार दिया जाए। जिसके लिए सरकार लगातार कार्य कर रही थी। धामी ने कहा कि हम विधानसभा में विधेयक लेकर आए और



जो अब राज्यपाल की स्वीकृति के बाद कानून का रूप ले चुका है। जिसका फायदा अब राज्य के आंदोलनकारियों को प्राप्त हो सकेगा। वहीं सीएम ने आगे कहा कि हम पहले दिन से ही कह रहे थे कि जो हम कहते हैं वह हम करते हैं। यह हमारी संस्कृति भी है और हमारी कार्यशैली भी है।

## रानीखेत के इस गांव में सेब से लदे पेड़ पर्यटकों के लिए बने खिंचाव का केंद्र

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में रानीखेत ब्लॉक के बिल्लेख गांव में पेड़ सेब से लदे हुए हैं, जो स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी खिचांव का केंद्र बना हुआ है। यहां गांव में एप्पल मैन के नाम से जाने जाने वाले गोपाल उप्रेती के सेब के बगीचे है, जिन्होंने 60 नाली में इस बगीचे में कई नवीनतम प्रजाति के सेब के पेड़ लगाए हुए हैं। इन दिनों यहां सेब तोड़ने का और पैकिंग का कार्य किया जाता है। दरअसल, बड़ी बात ये है कि कुमाऊं की पहली एप्पल ग्रेडिंग



मशीन भी गोपाल उप्रेती के यहां लगी हुई है। इसलिए सेब की ग्रेडिंग कर पैकिंग भी यहीं की जाती है। इसके बाद सेबों को मंडी में भेजा जाता है। सबसे बड़ा धनिया का पौधा उगाने का खिताब भी गोपाल उप्रेती के नाम दर्ज है। इसके चलते गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज किया गया है। साथ ही गोपाल उप्रेती के बगीचे में कई स्थानीय लोगों को रोजगार भी दिया गया है। वहीं गोपाल उप्रेती ने बताया कि 60 नाली भूमि पर सेब का बगीचा तैयार किया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com


# चोर दरवाजे से आरक्षण का हक मार रही थी मोदी सरकार, दबाव पड़ा तो आदेश लिया वापस- आप

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

लेटरल इंट्री के जरिए आईएएस स्तर के 45 बड़े पदों को भरने का आदेश वापस लेने पर आम आदमी पार्टी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर कटाक्ष किया है। आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि मोदी सरकार चोर दरवाजे से एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण का हक मार रही थी, लेकिन जब चारों तरफ से उस पर दबाव पड़ा तो उसने मजबूरी में आदेश वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लेटरल इंट्री से 45 बड़े पद भरने जा रही थी, लेकिन उसमें आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इससे पहले, सरकार 2018 से 2024 के बीच एससी, एसटी, ओबीसी को बिना आरक्षण दिए लेटरल इंट्री से 63 बड़े पद भर चुकी है। उन्होंने पूछा कि केंद्र सरकार बताए कि पहले जिन 63 लोगों को लेटरल इंट्री के जरिए नौकरी दी जा चुकी है, अब क्या उनकी नियुक्ति का आदेश भी वापस लेगी। क्योंकि डीओपीटी के अनुसार, 45 दिन से ज्यादा सरकारी नौकरी में रखने पर आरक्षण देना अनिवार्य है और यह बात केंद्र ने भी सुप्रीम कोर्ट में स्वीकारा है। फिर भी एससी, एसटी, ओबीसी समाज के साथ अन्याय किया जा रहा है। लेटरल इंट्री के जरिए बड़े पदों को भरने की हो रही कोशिश को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह, विधायक कुलदीप कुमार और विशेष रवि ने पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता की। जस्मीन शाह ने कहा कि लोकतंत्र में जब आप चोरी-छिपे कुछ करने जाते हो और फिर जब आपकी चोरी पकड़ी जाती है तो आप कहने लगते हैं कि नहीं, इनके साथ तो न्याय होना चाहिए। केंद्र में भाजपा की ही सरकार है। भाजपा की सरकार का ही आदेश भी है। इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में भी पेश करती है और कहती है कि हम तो एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के साथ खड़े हैं। 45 दिन से ज्यादा की अगर सरकारी नौकरी होगी तो हम उनको आरक्षण देंगे। लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार पहले ही 63 लोगों को आईएएस स्तर की नौकरी दे चुकी है। 45 और लोगों को देने वाले थे। लेकिन केंद्र सरकार पर चारों तरफ से दबाव आया तो अब अपने आदेश को वापस ले लिया। भाजपा की केंद्र सरकार यह बताए कि जिन 63 लोगों को लेटरल इंट्री के जरिए नौकरी दे चुकी है, क्या उनकी नियुक्ति भी वापस लेगी। अगर भाजपा की मंसा साफ है तो मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में आरक्षण खत्म करने के जितने पाप किए हैं, चाहे विश्वविद्यालय, क्लास 3, 4 की आउटसोर्सिंग, लेटरल इंट्री समेत सभी चीजों पर एससी, एसटी, ओबीसी के युवाओं के साथ क्या न्याय करेगी। जब तक केंद्र यह साफ नहीं करेगा, तब 45 पदों को भरने का आदेश वापस लेने का फैसला मजबूरी में उठाया गया कदम ही माना जाएगा।

जस्मीन शाह ने कहा कि पूरा देश जानता है कि अगर कोई ऐसी पार्टी है जो संविधान और आरक्षण की दिन-दहाड़े हत्या करने पर तुली है, तो वह भाजपा है। पिछले कई सालों से हम देख रहे हैं कि भाजपा से जुड़े कई नेता आरक्षण और संविधान विरोधी बयान देते आ रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के बड़े-बड़े नेता, मंत्री और सांसद कह रहे थे कि उन्हें 400 से अधिक सीटें चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि 400 क्यों चाहिए, तो कहने लगे कि मोदी जी बड़ा काम करने वाले हैं। उन्हें लगा कि देश की जनता बेवकूफ है और उनका इशारा नहीं समझेगी। लेकिन भारतीय मतदाताओं की सूझबूझ की दाद देनी पड़ेगी कि उन्होंने समय रहते भाजपा की चाल को समझ लिया। मतदाता समझ गए कि भाजपा के 400 पार का मतलब आरक्षण को खत्म करना है। इसलिए 400 पार का नारा देने वाली भाजपा 240 पर आकर सिमट गई। हमें यकीन था कि जनता के इस जनादेश के बाद भाजपा को सबक मिलेगा और उनके तेवर बदलेंगे। वो आरक्षण को और मजबूत करने के बारे में सोचेंगे, लेकिन पिछले एक हफ्ते में हुई दो घटनाओं ने बता दिया कि भाजपा ने 2024 के चुनाव से कोई सीख नहीं ली।

जस्मीन शाह ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करके जिस आरक्षण को खुलेआम खत्म करना चाहती थी, जनता का जनादेश उसके पक्ष में न जाने के बाद अब वह उसे चोरी-छिपे अंजाम देने की कोशिश कर रही है। सबसे पहले एक मामला सामने आया, जिसमें भाजपा ने आईएएस अधिकारी, डायरेक्टर और अंडर सेक्रेटरी जैसे बड़े-बड़े 45 सरकारी पदों पर लेटरल एंट्री के लिए विज्ञापन निकाला, जिसमें आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं थी। यह पहली बार नहीं है कि भाजपा ऐसा पाप कर रही है। मोदी सरकार 2018 से 2024 के बीच अब तक 63 पदों को लेटरल एंट्री के माध्यम से भर चुकी है, जहां आरक्षण लागू नहीं था। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद जब पहला विज्ञापन निकला, तब पता चला कि अब वो आईएएस की भर्ती में भी आरक्षण को खत्म करना चाहती हैं। जस्मीन शाह ने आगे कहा कि यह कोई इकलौता मामला नहीं है। भाजपा शासित राज्य सरकारों में भी यही हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार पिछले 4-5 सालों से 69,000 सहायक शिक्षकों की भर्ती कर रही थी, लेकिन उसमें एससी, एसटी समाज के युवाओं को अपने हक की नौकरियां नहीं मिलीं।

## इंस्पायर अवार्ड के लिए अधिक से अधिक कराएं नामांकनः अनिल कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

रहरा। संकुल स्तरीय मासिक बैठक में संकुल पिपलौती खुर्द की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने प्रतिभाग किया और उपस्थित शिक्षकों ने इंस्पायर अवार्ड के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के अधिक से अधिक आवेदन करने के लिए, निर्देशित किया।खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने डीबीटी की पेंडेंसी को समाप्त करने,यूडायस पोर्टल का कार्य समय से पूर्ण करने, पुस्तकों का डाटा प्रेरणा पोर्टल पर फीड करने,नवीन नामांकन के अंतर्गत घर-घर जाकर 6 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का नामांकन करने एवं निपुण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु छात्र-छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए अध्यापकों को प्रेरित किया और कहा कि उक्त सभी कार्य समय अन्तर्गत पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को प्रत्येक संकुल केंद्र पर संकुल के अंतर्गत आने वाले शिक्षकों की बैठक का आयोजन शासन के निर्देश पर किया जाता है। उन्होंने विद्यालय में छात्र छात्राओं का शत प्रतिशत रूप से ठहराव हो इसके लिए अभिभावको से बेहतर तालमेल स्थापित करें। आगामी अक्टूबर माह में चयनित निपुण स्कूलों में निपुण असेसमेंट का आयोजन किया जाना है।इस अवसर पर संकुल शिक्षक संजय सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, इंचार्ज अध्यापक मदनपाल , प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार, राशिद अली,अमीरूनिशा आदि मौजूद रहे।

## ट्रैफिक पुलिस ऑफिसरों की टीम निकली सदर बाजार में

- फेडरेशन के साथ पहले हुई मीटिंग, फिर किया मुआयना
- समस्या नहीं हुई हल, 15 दिन बाद सड़कों पर व्यापारी
- हर चौक पर सुबह और शाम रहेगी ट्रैफिक पुलिस तैनात

संवाददाता



पुरानी दिल्ली स्थित सदर बाजार में जाम लगना आम बात हो गई है। इसको लेकर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन ट्रैफिक पुलिस को यातायात जाम के विरोध में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों और फेडरेशन के सदस्यों के साथ एक मीटिंग हुई। इसमें ट्रैफिक पुलिस के ट्रैफिक इंस्पेक्टर मदन मोहन सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे। फेडरेशन की ओर से चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, वाइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल, महासचिव कमल कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. शाकिर, उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता सहित अनेक व्यापारी नेता उपस्थित थे।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने ट्रैफिक अधिकारियों को बताया की आए दिन ट्रैफिक जाम के कारण कारोबार काफी प्रभावित हो रहा है। हालत यह है कि रात को भी बाजार से निकलना मुश्किल हो गया है। प्रमुख चौक-चौराहों से लेकर अंदर गलियों तक जाम लग रहा है। गोदाम से दुकान तक सामान ढुलाई में लगे ठेलों की लंबी लाइन लग जाती है। क्योंकि आगे चौराहों पर ऑटो और ई-रिक्शा की वजह से जाम लग जाता है। व्यापारियों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस नदारद रहती है, जिसकी वजह से पूरे बाजार में जाम लगता है।

रात को दुकान बंद करने के बाद व्यापारियों को घर जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं ग्राहकों को आने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस जाम की वजह से कई ग्राहकों के जेब भी कट जाता है। सदर बाजार के 12 टूटी, कुतबरोड, सिंगाड़ा चौक, सदर थाना चौक, पुल मिठाई रोड आदि इन सभी जगहों पर जाम लगा रहता है। दूसरी और सदर बाजार थाने से लेकर 12 टूटी चौक तक एमसीडी द्वारा पार्किंग दी हुई वह दो-दो तीन-तीन लेने गाड़ियां लगा देता है। इसके कारण भी काफी जाम रहता है। फेडरेशन और ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने पूरे सदर बाजार का राउंड लिया और व्यापारियों ने अपनी दिक्कत के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी।

फेडरेशन ने ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को 15 दिन का समय देते हुए कहा के अगर इस समय ट्रैफिक समस्या हल हो गई तो फेडरेशन प्रदर्शन नहीं करेगी। वरना सड़कों पर उतर के ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर मदन मोहन ने कहा कि ई-रिक्शा की समस्या हल करने के लिए, ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की भी मदद की जरूरत है। कई ई रिक्शा बिना नंबर के चलते हैं। इसके साथ उन्होंने आश्वासन दिया कि हर चौक पर ट्रैफिक पुलिस का सिपाही सुबह 10:00 से 1:00 तक और शाम को 5:00 से 8:00 तक तैनात रहेगा। उसके साथ-साथ नगर निगम और लोकल पुलिस का भी सहयोग चाहिए। जिसमें अवैध पटरी से भी काफी ट्रैफिक जाम की दिक्कत है।

## जिला स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन

अमरोहा। समग्र शिक्षा माध्यमिक परियोजना के संयोजन में जिला स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज में किया गया। सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल गजरौला, जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज अमरोहा, सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल दाऊद सराय, राना इंटरनेशनल स्कूल अमरोहा की टीमों ने प्रतिभाग किया। सेंट मैरी गजरौला प्रथम, सेंट मैरी अमरोहा द्वितीय व राना इंटरनेशनल स्कूल अमरोहा की टीम तृतीय स्थान पर रही। जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेताओं को प्रधानाचार्य अगला लेख डा. जीपी सिंह ने पुरस्कृत किया। जिला समन्वय समग्र शिक्षा माध्यमिक मदनपाल सिंह ने सभी का आभार जताया। इस दौरान दीपक उपाध्याय, उमाशंकर, अनूप सिंह, सुनील जार्ज, आकाशदीप आदि मौजूद रहे।

## किसान सुरेंद्र शर्मा के परिजनों को 25 लाख रुपया मुआवजा दे योगी सरकारः राशिद

प्रातः किरण संवाददाता



अमरोहा।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष पूर्व मंत्री माननीय अजय राय जी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नामित एक प्रतिनिधिमंडल मण्डल पूर्व सांसद कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राशीद अल्वी जी के नेतृत्व में ग्राम कूबी में म्रतक किसान श्री सुरेंद्र कुमार शर्मा जी के घर गया उनके परिवारजनों से मिला उन्हें सांत्वना दी पूरे घटनाक्रम की जानकारी की ओर कहा इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी आपके साथ है उसके उपरांत प्रतिनिधि मंडल धरना स्थल पर पहुँचा जहां पिछले लगभग 500 दिनों से किसान अपनी जमीन का जो नहर में जा रही है उचित मुआवजे के लिए धरना दे रहे है किसानों से मुलाकात की पूरी जानकारी हासिल की पिछले 11 अगस्त को इसी धरना स्थल पर किसान श्री स्वर्गीय सुरेंद्र शर्मा जी की आघात लगने ले कारण म्रत्यु हो गयी थी।इस अवसर पर पूर्व सांसद राशिद अल्वी जी ने कहा कि योगी जी और मोदी जी की सरकारें किसानों की अनदेखी कर रही है लगातार किसान भाजपा सरकारो के जुर्म सितम ओर अन्याय के सिकार हो रहे है कुबि के किसानों के साथ बहुत ही ना इंसाफी हो रही है अन्न दाता भूखे प्यासे सर्दी में बरसात में गर्मी में खुले आसमान के नीचे अपनी ही जमीन का मुआवजा प्राप्त करने के लिए धरना दे रहे है योगी जी और मोदी जी की सरकारें आंख ओर कान बन्द किये बैठी है इसी आघात के कारण किसान सुरेद्र शर्मा की जान चली गयी भाजपा एवं योगी मोदी की सरकार की नजर में किसान की जान की कोई कीमत नही है। कांग्रेस के डेलिगेशन ने डीएम को ज्ञापन सौप कर म्रतक किसान सुरेंद्र शर्मा के परिवारजनों को 25 लाख रुपए का मुआवजा देने की माग की है और कुबि के किसानों को उनकी जमीन का सर्किल रेट से 4 गुना मुआवजा देने की माग की है जिला प्रशासन ने म्रतक सुरेंद्र शर्मा के परिवारा जनो को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की थी अब प्रसाशन मुआवजा देंने में आना कानी कर रहा है कांग्रेस इस मामले में चुप नही बैठेगी सड़क से लेकर संसद तक इस मामले को उठाएगी।इस मौके पर रिजवान कुरेशी, जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया मुरादाबाद जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद प्रदेश सचिव जिला प्रभारी अनीस विशाल अंसारी विजय शर्मा जिला अध्यक्ष संभल प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह शहर अध्यक्ष अमरोहा फैज आलम रानी पूर्व जिला अध्यक्ष तारिक मोहम्मद खान विधानसभा प्रभारी चौधरी नरेंद्र सिंह जिला महासचिव राजकुमार अरुण मयंक कुमार गुर्जर शाहिद सिद्दीकी खेड़ी सचिन चौहान अब्दुल सत्तार सैफी जयपाल सिंह जाटव विनोद कुमार सक्सेना इंतजार नकवी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चलते ऑटो से छीन लिया था युवती का सरेआम मोबाईल

संवाददाता



प्रसाद नगर थाना की पुलिस टीम ने दो झपटमार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से मोबाइल और चोरी की स्कूटी बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आकाश उर्फ सूचा और दीपक उर्फ कालिया के रूप में हुई है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि आकाश 3 आपराधिक मामलों में और कालिया एक मामले में पहले से शामिल है।

3 अगस्त को स्नैचिंग की एक वारदात एक युवती से हुई थी। जब वह अपनी मां के साथ चांदनी चौक से ऑटो लेकर पूसा इंस्टीट्यूट की तरफ जा रही थी। जब उनका ऑटो बीएलके हॉस्पिटल के मेन गेट पर पहुंचा दो झपटमार स्कूटी से वहां पहुंचे और उस युवती का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। उस मामले में पुलिस जांच कर रही थी। एसएचओ अफसर रजा की देखरेख में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से छानबीन शुरू किया था। झपटमार जिस तरफ से स्कूटी से आए थे और वारदात को अंजाम देकर जिस रूट से भागे उस रूट को भी चेक किया गया। लगातार प्रयास के बाद आकाश के बारे में पुलिस को पता चला। वह करोलबाग के देव नगर स्थित सीपीडब्ल्यूडी क्वार्टर में रहता है। वहां जाकर आकाश को पुलिस ने दबोचा, तलाशी में छीना गया मोबाइल बरामद किया गया। उसके बाद आकाश की निशानदेही पर उसके साथी दीपक के बारे में पता लगाया गया और उसे रोहतक रोड से पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से वह स्कूटी बरामद की गई जो वारदात के दौरान इस्तेमाल की गई थी।

छानबीन में पुलिस को पता चला वह स्कूटी राजेंद्र नगर थाना इलाके से चुराई गई थी। यह लोग कनॉट प्लेस, मंदिर मार्ग, प्रसाद नगर और ख्याला इलाके में अब तक कई वारदात को अंजाम दे चुके हैं। दोनों साथ चलते हैं और टारगेट की तलाश करके उनके साथ वारदात को अंजाम देते हैं।

## पत्रकार एकता समन्वय समिति ने किया पांचवा विशाल भोले का भंडारा

प्रातः किरण संवाददाता



मुरादाबाद। पत्रकार एकता संवय समिति की ओर से पांचवा विशाल भंडारा कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन डेंटल कॉलेज के पास निकट खुशी रेस्टोरेंट के पास किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यशपाल आर्य जी एवं कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि अरविंद गुरुजी सिद्धबली सेवा संस्था के संस्थापक रहे सावन के इस पवित्र महीने में प्रतिवर्ष भोले के भक्तों के लिए भंडारा लगाया जाता है यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार एकता समन्वय समिति के श्रीमान विश्वामित्र मिश्रा जी के तत्वाधान में किया जाता है भोलेनाथ की कृपा पूरी संगठन पर बनी रहे और सभी भक्तों पर बनी रहे सुबह 9:00बजे से शाम 5:00 बजे तक या भंडारा चला जिसमें केले समोसे पूरी छोले चावल हलवा आदि प्रसाद बनाया गया इस कार्यक्रम अहम् सहयोग पत्रकार एकता समन्वय समिति के मंडल प्रभारी अवनीश त्यागी जग्गू बोहरा पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉ करम सिंह जिला अध्यक्ष सच्ची सोती जिला महामंत्री बबलू शर्मा जी जिला प्रभारी पूनम शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी आदि सभी लोगों के सहयोग से कार्यक्रम किया गया और सभी अतिथियों का संगठन के सभी पदाधिकारीयों ने हार्दिक स्वागत किया और सभी लोगों ने मिलकर भोले के भक्तों की सेवा की और मानसखंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से चंदन सिंह मेहरा एवं आनंद सिंह बिष्ट हरि सिंह मेहरा आदि सभी गणमान्य अतिथि रहे ढोल नगाड़ों से भोले के भक्तों का स्वागत किया और सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया ढ़ोल बजाकर पत्रकार एकता समन्वय समिति समाज के क्षेत्र में रक्तदान शिविर भोजन वितरण जैसे कार्यक्रम वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम भोले के भंडारा जैसे कार्यक्रम अभी तक कर चुकी है आगे भी करती रहेगी समाज के क्षेत्र में एक अलग पहचान बन चुका है यह संगठन पत्रकार एकता संगठन की केंद्रीय कमेटी का भी बहुत-बहुत दिल से धन्यवाद राष्ट्रीय संरक्षक श्रीमान योगेंद्र सिंह त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान विश्वामित्र मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मान डॉ तनवीर आलम, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मान लियाकत अली, कोषाध्यक्ष श्रीमान आशीष बरनवाल,राष्ट्रीय सचिव श्रीमान गोपेश कुमार जी आप सभी केंद्रीय कमेटी का दिल से धन्यवाद आभार व्यक्त करता है।

## ग्राम समाज की भूमि की पैमाइश कराने के विरोध में मारपीट

अमरोहा। ग्राम समाज की भूमि की पैमाइश कराने के विरोध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को मारपीट कर घायल कर दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी में लेखपाल ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के साथ ग्राम समाज की भूमि की पैमाइश कराई थी। गांव निवासी एक व्यक्ति से 25 बीघा भूमि को कब्जा मुक्त भी कराया था। आरोप है कि इसके बाद से आरोपी अमहद मुतलिब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रशीद से रंजिश मानने लगा। रशीद के फार्म हाउस में घुसकर उसने मारपीट भी की।शोर होने पर आसपास लोगों की भीड़ जमा हुई तो आरोपी फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मुतलिब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## आप ने लेटरल एंट्री को लेकर भाजपा पर निशाना साधा, संविधान विरोधी बताया

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने ह्यलेटरल एंट्रीह्व के मुद्दे को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और उस पर ह्यसंविधान विरोधी होने का आरोप लगाया। केंद्र ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से इस पर उठे विवाद के बीच लेटरल एंट्री के माध्यम से भर्ती के लिए जारी किया गया नवीनतम विज्ञापन वापस लेने को कहा। आप नेता जस्मीन शाह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा, आईएएस अधिकारियों की नियुक्ति में आरक्षण समाप्त करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, पूरा देश जानता है कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो संविधान और आरक्षण विरोधी है। वे आईएएस अधिकारियों की नियुक्तियों में आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने ह्य400 पारह्व का नारा दिया था, लेकिन लोगों ने उनके इरादों को समझ लिया और उन्हें 240 सीटों तक सीमित कर दिया। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी की अध्यक्ष प्रीति सूदन को पत्र लिखकर विज्ञापन रद्द करने को कहा है।

यूपीएससी ने 17 अगस्त को लेटरल एंट्री के माध्यम से 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी। इसे सरकारी विभागों में विशेषज्ञों (निजी क्षेत्र से भी) की नियुक्ति भी कहा जाता है।

इस निर्णय की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की थी। उनका दावा था कि इससे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आरक्षण अधिकारों का हनन होगा।

यूपीएससी लेटरल एंट्री के जरिए सीधे उन पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति करता है, जिन पदों पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों की तैनाती होती है। इसमें निजी क्षेत्रों से अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों को विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सीधे ज्वाइंट सेक्रेटरी और डायरेक्टर व डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त किया जाता है। केंद्र सरकार ने लेटरल एंट्री के माध्यम से 45 विशेषज्ञों की विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उपसचिव जैसे प्रमुख पदों पर नियुक्ति करने की घोषणा की थी।

## ग्राम पंचायत मन कुआं में सफाई व्यवस्था बेहाल



प्रातः किरण संवाददाता

छजलैट। विकासखंड छजलैट की ग्राम पंचायत मन कुआं में सफाई व्यवस्था बेहद खराब है यहां बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शौचालय का पानी का टैंक भी काफी दिनों से टूटा पड़ा है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मी ने ग्राम प्रधान सतपाल सिंह को टैंक के बारे में अवगत भी कराया। इससे ग्राम प्रधान ने कहा जब पैसा नहीं तो कहां से ठीक कराऊं।मोहल्ले वालों का जीना हुआ दुश्वार संचारी रोग अभियान का भी ढिंढोरा पीटा जाता है लेकिन ग्राम पंचायत मन कुआं में इसका भी नहीं हुआ कोई असर सामुदायिक शौचालय के टैंक का ढक्कन ना होने से ग्राम के लोग झेल रहे हैं गंदगी की मार। इसी गंदगी से बन रही है नई-नई बीमारियां ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी की लापरवाही से खुला टैंक का ग्राम वासी उठा रहे हैं।

## सीबीआई मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक बढ़ा दी है। आज केजरीवाल की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद केजरीवाल को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 8 अगस्त को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत आज तक बढ़ाई थी। इससे पहले 10 जुलाई को कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल को पेश होने का आदेश दिया था। 17 मई को ईडी ने सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया गया है। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के. कविता हैं।

## भाजपा का एकमात्र मकसद बाबा साहब का संविधान और आरक्षण खत्म करना- संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने भाजपा के संविधान और आरक्षण विरोधी मंसूबे को लेकर देशवासियों को आगाह किया है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने एक वीडियो संदेश में लोगों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा का एकमात्र मकसद बाबा साहब के संविधान और आरक्षण को खत्म करना है। मोदी सरकार ने लेटरल एंट्री से जिन 45 अफसरों को नियुक्त करने का फैसला वापस लिया है, वह मात्र तात्कालिक दिखावा है। आगामी दिनों में चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद मोदी सरकार आईएएस में भी आरक्षण खत्म कर देगी। सरकार ने पहले ही लेटरल एंट्री से 63 आईएएस अधिकारी नियुक्त कर चुकी है। उन्होंने कहा कि लेटरल एंट्री के जरिए आईएएस जैसे अहम पदों में आरक्षण खत्म कर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक छीना जा रहा है। इसलिए सबको मिलकर भाजपा की राजनीति को देश से खत्म करना होगा, वर्ना आरक्षण और संविधान खत्म हो जाएगा।

भाजपा द्वारा आरक्षण को खत्म करने की रची जा रही साजिश पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा देश में आरक्षण को खत्म करना चाहती है। हम लोगों ने लोकसभा चुनाव के दौरान हर रैलियों-सभाओं में देश की जनता को जागरूक किया। यही कारण रहा कि 400 का नारा देने वाली भाजपा 240 पर रूक गई। 400 सीट तो छोड़िए, अगर भाजपा को 300 सीट भी मिल जाती तो आज भारत का संविधान और आरक्षण खत्म करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती। देश की जनता ने भाजपा को 240 पर जरूर रोका, लेकिन वो अपनी हरकतों से आज भी बाज नहीं आ रही है। भाजपा का एकमात्र मकसद किसी भी तरह से आरक्षण को खत्म करना है।

संजय सिंह ने कहा कि सफाईकर्मियों, सुरक्षा कर्मियों, चपरासियों, तीसरी और चौथी श्रेणी की सरकारी नौकरियों को आउटसोर्सिंग के नाम पर खत्म कर दिया गया। ये वही नौकरियां थीं, जिनमें दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की भागीदारी होती थी, लेकिन अब आउटसोर्सिंग के जरिए इन नौकरियों से भी आरक्षण खत्म कर दिया गया है। आईएएस में भी आरक्षण खत्म कर दी है। अब लेटरल इंट्री के जरिए सीधे आईएएस अधिकारी बनाए जाएंगे, यही मोदी जी का मुख्य मकसद है। अब तक प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने 63 आईएएस अधिकारियों को लेटरल एंट्री के जरिए नियुक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी ने यह गुनाह किया है और अब वह बेनकाब हो चुके हैं। किस आधार पर उनकी नियुक्ति की गई? हाल ही में उन्होंने 45 और आईएएस अधिकारियों की भर्ती इसी तरह पिछले दरवाजे से करने के लिए विज्ञापन निकाला है। इसका क्या आधार है?

संजय सिंह ने कहा कि भाजपा बाबा साहब के संविधान को नहीं मानती और वह देश से आरक्षण को खत्म करना चाहती है। वह देश के पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों का हक छीनना चाहती है। इसलिए देश की जनता का जागरूक होना बेहद जरूरी है। आज जनता ने शोर मचाया, तो भाजपा की केंद्र सरकार को मजबूरी में लेटरल एंट्री से भर्ती का अपना आदेश रद्द करना पड़ा। लेकिन हमें सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि भाजपा का असली मकसद आरक्षण को खत्म करना है। सांसद संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में 18 से 20 हजार पिछड़े वर्ग के लोगों की नौकरियां मारी गईं, जिसमें अब कोर्ट ने राहत दी है। इसी तरह, देश के 40 विश्वविद्यालयों में 80 से 90 प्रतिशत दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और यहां तक कि दिव्यांगों के भी हक मारे गए हैं। उन पदों को अब तक खाली रखा गया है। इसलिए जागिए और लोगों को जगाइए। जब तक भाजपा सत्ता में रहेगी, तब तक बाबा साहब के संविधान और आरक्षण पर खतरा बना रहेगा।

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न प्राप्त राजीव गांधी की जयंती

- संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधीः कटारिया
- पंचायत राज व्यवस्था को राजीव गांधी जी ने मजबूत कियाः अंसारी

प्रातः किरण संवाददाता



अमरोहा। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी द्वारा जिला कलेक्ट परिसर में स्थित शहीद स्मारक पार्क में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न प्राप्त संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी जी जयंती के अवसर पर उनको पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। शहीद स्मारक पार्क में वृक्षारोपण किया गया अस्पतालों में बीमारी को फल वितरण किए गए, रोडवेज पर रेलवे स्टेशन पर गरीब लोगों को भोजन कराया गया और स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि आज ऐसे वीर सपूत की जयंती है जिन्होंने भारत माता की अखंडता ओर एकता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए पर देश को टूटने नही दिया। जिन्होंने हमेशा भारत माता की अखंडता,एकता के लिए काम किया देश में संचार क्रांति और कंप्यूटर क्रांति को बढ़ावा दिया स्वर्गीय राजीव गांधी जी भारत देश में संचार क्रांति और कंप्यूटर क्रांति के जनक माने जाते हैं स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश की पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत किया ग्राम सभाओं को अधिकार दिए, उन्होंने कहा कि जब तक ग्रामसभा और ग्राम पंचायतों को अधिकार नहीं मिलेंगे तब तक सही मायने में भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत नहीं होगी उन्होंने हमेशा देशहित और जनहित को सर्वोपरि रखा देश को एक सूत्र में बांध के रखा युवाओं को रोजगार दिए देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया परंतु भारत को टूटने नहीं दिया। इस मौके पर प्रदेश सचिव जिला प्रभारी आनिस विशाल अंसारी, जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया, शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी, प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह, तारीख मोहम्मद खान, सचिन चौहान, मयंक कुमार गुर्जर, राजकुमार अरुण, शाहिद सिद्दीकी, इकबाल अंसारी, जीशान अली, अब्दुल सत्तार सैफी, चौधरी नरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश पवार, इंतजार अहमद नकवी, नाजिम अली तुर्क, अकरम अली, मलिक अथिया नकवी, अली इमाम रिजवी, डॉक्टर मुशर्रफ खान, जयपाल सिंह जाटव, विनोद कुमार सक्सेना, आबिद खान, जाहिद अली सैफी आदि बहुत से पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं ने कि मारपीट

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के गोंगाकुरा गांव में बच्चो के बीच हुई विवाद पर तीन- चार महिलाओं ने एक महिला के साथ मारपीट की। मारपीट में घायल हुई महिला इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंची जहां महिला का इलाज किया गया। घायल महिला की पहचान याशिम खातुन के रूप में हुई है। घायल महिला ने बताया कि मेरा बेटा मुहल्ले के ही बच्चों के साथ खेल रहा था कि तभी मेरे बच्चे के साथ मुहल्ले के बच्चों ने मारपीट किया जिसके बाद मै अपने बच्चे को छुड़ाने गई तो मुहल्ले की कुछ महिलाओं ने मेरे साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

### 5 लाभुकों के खिलाफ थाना में दर्ज हुई प्राथमिकी

जमुई [ झाझा ] प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पांच लाभुको पर सरकारी राशि का दुरूपयोग कर आवास निर्माण नही करने के मामलें में थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। इस संदर्भ में ग्राम आवास पर्यवेक्षक आसिफ अलीम ने धमना पंचायत के बैजंती देवी, विमली देवी, जोगेंद्र यादव तथा हथिया पंचायत के उमेश यादव, गीता देवी के खिलाफ आवेदन दिया। बीडीओ रविजी ने बताया कि पंचायत में वैसे लाभुक जिनका 45 हजार रूपए राशि आवास निर्माण के लिए भुगतान किया गया लेकिन वे सरकारी राशि का दुरूपयोग करके आवास निर्माण का कार्य नही करवाया जिसपर ग्राम आवास पर्यवेक्षक को बीते 3 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। बीडीओ ने बताया कि लगातार आवास योजना का कार्य लाभुकों के द्वारा किया जा रहा है कि नही या फिर सरकारी राशि मिलने का दुरूपयोग किया जा रहा है इसको लेकर हर पंचायत में लगातार जांच भी किया जा रहा है।

# आरक्षण एससी-एसटी के विकास का एक शक्तिशाली अस्त्र : प्रो. गौरी शंकर

## एससी-एसटी के लिए आरक्षण के भीतर आरक्षण और क्रीमी लेयर कॉन्सेप्ट लागू करने का कोई औचित्य नहीं

प्रात : किरण संवाददाता







जमुईः-भारत में अनुसूचित जाति एवं जन जातियों को संविधान के माध्यम से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान किया है। अब आजादी के 77 साल बाद आरक्षण के भीतर आरक्षण और क्रीमी लेयर लागू करने का फरमान माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी हो चुका है। इस मुद्दे को लेकर देश भर के अनुसूचित जाति / जन जाति संगठन के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों ने भी विरोध जताया है. 21.8.24 को इस मुद्दे को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन की तिथि भी निर्धारित है।अनुसूचित जाति /जन जाति समुदाय के लिए आरक्षण का औचित्य एवं महत्त्व विषय पर स्थानीय केकेएम कॉलेज जमुई के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि आरक्षण एससी-एसटी के उन्मेष व विकास का एक बहुत शक्तिशाली अस्त्र है। इसके बिना इन जातियों का उद्धार संभव नहीं। अतः आरक्षण में छेड़छाड़ करना और एससी-एसटीके लिए क्रीमी लेयर के कंसेप्ट को लागू करने का ना कोई औचित्य है और नहीं तो किसी को स्वीकार्य एवं शिरोधार्य है। आरक्षण स्वतंत्रता से पूर्व का अन्वेषण है। यह आजादी के बाद दलितों के लिए संवैधानिक आश्वासन है और वर्तमान समय की अनिवार्यता भी है.152 वर्ष पूर्व सन 1882 में हंटर आयोग की गर्भ से आरक्षण का जन्म हुआ था। 19वीं सदी के महान भारतीय विचारक और समाज सुधारक ज्योति वा फूले अनिवार्य शिक्षा के साथ-साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग अंग्रेजों से की थी। अंग्रेजों ने फूले की मांग पर ही अस्पृश्य और पिछड़े लोगों के हित में हंटर आयोग स्थापित किया था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद 1950 में भारतीय संविधान लागू होने के साथ ही एससी एसटी के लिए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के अनुच्छेद 15 एवं 16 के तहत शैक्षणिक संस्थानो और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था दी थी। आरक्षण का लाभ एससी एसटी के लोगों को जरूर मिला है। लेकिन यह मुट्ठी पर लोगों तक ही सीमित रह गया है। आजादी के 78 साल बाद भी ऊंचे पदों पर आसीन दलितों और आदिवासियों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। ऐसे में एससी एसटी समुदाय में क्रीमी लेयर लागू करने की आवश्यकता नहीं है। चुकी सामाजिक न्याय और समता स्थापित करने में आरक्षण शत प्रतिशत सफल नहीं हो सका है। आज भी अनुसूचित जाति, जनजातियों के साथ भेदभाव सामाजिक अन्याय जारी है और आर्थिक असमानता भी व्याप्त है। इसीलिए एससी एसटी में क्रीमी लेयर लागू करना उचित नहीं जान पड़ता है। प्रो.पासवान ने आगे कहा कि एक तरफ अनारक्षित जातियों के लिए सभी सिद्धियों के द्वार खुले हैं। नव निधियां उनकी पांव चूमती हैं। धरती भी उन्ही की है। उनके पास सारी सुविधाएं हैं। लेकिन दूसरी ओर युगों- युगों से करोड़ों, उपेक्षित लांछित, जजएससी-एसटी हैं, जिनका शोषण नियति और रूदन संस्कृति है। अभाव उनका सहचर है। उनके लिए न कोई राजा है रानी, यदि है तो सिर्फ आग में जली जिंदगानी। उनकी ऐसी स्थिति है कि मिलती भरपेट न रोटी है, न तन ढकने को लंगोटी है। किस्मत-किस्मत को रोती है, उनकी तकदीर ना होती है। जमुई जिला अनुसूचित जाति जनजाति/ कर्मचारी संघ के महासचिव श्री नंदकिशोर पासवान ने कहा कि आरक्षण अनुसूचित जाति/ जन जातियों की उन्नति का सबसे बड़ा साधन है। आरक्षण की उत्पत्ति और विकास भारतीय समाज में जाति भेदभाव, अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता को खत्म करने के उद्देश्य से हुई थी। लेकिन इसमें भी शत प्रतिशत सफलता नहीं मिल पाई है। इस स्थिति में एससी /एसटी जाति के लिए क्रीमी लेयर लागू करने के निर्णय पर पुनर्विचार करना जरूरी है। आरक्षण दलितों के लिए रामबाण औषधि है। आरक्षण का सिद्धांत नया नहीं पुराना है। सन 1902 में छत्रपति शाहूजी महाराज ने वंचित, कमजोर, पददलितों के लिए आरक्षण की शुरूआत की थी। सन 1932 में आरक्षण का कंसेप्ट और स्पष्ट हो गया था, जब गांधी जी और अंबेडकर के बीच दलितों के लिए विधानसभाओं में सीटों का आरक्षण सुनिश्चित किया गया था। यही नहीं सन 1921 में मद्रास प्रेसीडेंसी में अनुसूचित जाति के लिए आठ प्रतिशत आरक्षण हेतु सरकारी आज्ञा पत्र जारी किया गया था। माननीय उच्चतम न्यायालय को एससी /एसटी में क्रीमी लेयर लागू करने के निर्णय को वापस लेना चाहिए। ऐसा करने से देश के दलितों का हित होगा।

## रेफरल अस्पताल की जर्जर भवन की बदलेगी सूरत, राज्य स्वास्थ्य समिति ने प्रबंधक से मांगा रिपोर्ट




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र में एक मात्र सरकारी अस्पताल के जर्जर भवन से लेकर पूरे अस्पताल परिसर की रूप रेखा अब बदलने की कगार पर आने वाली है। अस्पताल के जर्जर भवन को लेकर लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही खबर और अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रबंधक के द्वारा विभाग को अस्पताल की बदहाली से अवगत करवाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग की नजर अस्पताल के जिर्णोद्धार पर पड़ी है। अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार ने बताया कि अस्पताल के जर्जर भवन को लेकर लगातार जिला स्वास्थ्य विभाग से राज्य स्वास्थ्य समिति को लिखे गए पत्र के आलोक में मंगलवार को राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा फोन कर अस्पताल की भवन, परिसर की पूरी जानकारी ली गई साथ ही अस्पताल के जर्जर भवन, परिसर की तस्वीर मांगी गई। जिसकी सारी रिपोर्ट बनाकर राज्य स्वास्थ्य समिति को भेजा गया। प्रबंधक ने बताया कि चार माह पूर्व अस्पताल के जर्जर भवन को लेकर विभागीय जेई भी आकर अस्पताल का निरीक्षण किया था। बताते चले कि रेफरल अस्पताल भवन पूरी तरह जर्जर की स्थिति में पहुंच चुका है। आए दिन छत का प्लास्टर टूटकर फर्श पर गिर रहा है तो कभी मरीज या उसके परिजनों पर गिरा है। अस्पताल की जर्जर भवन की स्थिति देखकर डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी, मरीज और उसके परिजनों में हमेशा अनहोनी होने का खतरा बना रहता है।

## कांग्रेस कार्यालय में पूर्व पीएम राजीव गांधी की मनाई गई जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] मंगलवार को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय झाझा में कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुभाष यादव की अध्यक्षता में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 80 वीं जयंती कार्यक्रम मनाया गया। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदय शंकर झा शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी देश के छठे युवा प्रधानमंत्री के रूप में एक अलग पहचान स्थापित किया। उन्होंने महात्मा गांधी के पंचायती राज के सपनों को साकार किया देश में संचार और सूचना क्रांति को गति प्रदान किया युवा को मताधिकार दिलाने के लिए अहम भूमिका निभाई देश की एकता और अखंडता के लिए शहीद भी हुए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के नेता संजय चंद्रवंशी ने कहा कि देश को स्वर्गीय राजीव गांधी जैसे नेता पर हमेशा गर्व करना चाहिए कार्यक्रम में जोगिंद्र सिंह ,अरुण सिंह ,सरफराज अंसारी, धर्मेंद्र मंडल एवं अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सतर्कता जरूरी- कई पेंशनभोगियों की पेंशन रुकी आधार एप से नि:शुल्क कर सकेंगे वेरिफिकेशन

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। यदि आपका आधार कार्ड 2015 से पहले से बना है और इन 10 सालों में अपडेट नहीं हुआ है तो डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन अपडेट करा लें। आधार एप से निःशुल्क वेरिफिकेशन पूरा किया जा सकता है जबकि आधार सेंटर पर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करने में 50 रूपए का खर्च आएगा। बताया जाता है कि आधार कार्ड बनाने के समय दो तरीके के डॉक्यूमेंट के लिए गए थे जिनमें एक पहचान पत्र जबकि दूसरा आवासीय प्रमाण पत्र था। इन प्रमाण पत्रों की ओरिजिनल कॉपी को स्कैन करके वेरिफिकेशन किया जाना है। वेरिफिकेशन नहीं होने के कारण कई तरह की दिक्कतें आ सकती है। और अगर बैंक में केवाईसी भी पूरा नहीं हुआ तो फिर परेशानी और ज्यादा बढ़ सकती है। आपको बैंक के लेनदेन में दिक्कत हो सकती है। बैंकों में कई ऐसे मामले आने शुरू हो गए हैं।कई पेंशन धारी के पेंशन रुक गए हैं। बैंकों में ऐसे मामले रोज सामने आ रहे हैं। इधर जिले में आधार केन्द्रों की संख्या बेहद कम है इसके चलते लोगों को केवाईसी करने में परेशानी आ रही है। जिले के सभी डाकघरों में आधार केंद्र खोले जाने है लेकिन कई पोस्ट ऑफिस में अब तक आधार सुधार केंद्र नहीं खुले हैं।ई-केवाईसी इसलिए किया गया है जरूरी सीएससी चलाने वाले अजय कुमार दास बताते हैं कि अगर 10 साल के अंतराल में अगर अपने आधार कार्ड का कोई प्रयोग नहीं किया है तो डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराना आवश्यक है। अगर इस प्रक्रिया को निःशुल्क करना है तो आप इसे ऑनलाइन भी करा सकते हैं। बस यह साबित करना होता है कि जिस वक्त अपने आधार कार्ड बनवाया था, उसे वक्त जो दस्तावेज लगाए थे, वही है। इसके लिए उन्हें दस्तावेज अपलोड कराने होते हैं।आधार कार्ड के प्रयोग न होने की स्थिति में माना जाता है कि इस संबंधित व्यक्ति कहीं बाहर चला गया। ई-केवाईसी संबंधित व्यक्ति की प्रमाणीकरण प्रक्रिया है। कई जगह वेरिफिकेशन में आ रही है परेशानी आधार कार्ड में बायोमेट्रिक करना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि कई जगह वेरिफिकेशन में दिक्कतों का सामना आ सकता है। दरअसल 10 साल बाद आपके फोटो में अंतर आना स्वाभाविक है। मिलान के दौरान दिक्कत आती है। फोटो से लेकर फिंगरप्रिंट में भी अंतर आने लगता है। मिलान न होने पर आधार कार्ड प्रयोग में नहीं आएगा। इसलिए बायोमेट्रिक कराना आवश्यक है।इधर ई-केवाईसी पेंडिंग होने के चलते बैंक खाते में बड़ी संख्या में होल्ड लग रहे हैं। बैंक शाखाओं में सबसे अधिक संख्या केवाईसी करने वालों की ही है। इनमें ज्यादातर ऐसे मामले हैं, जिनमें ग्राहकों के आधार और बाकी डॉक्यूमेंट में अंतर है। 10 वर्षों में बायोमेट्रिक कराना आवश्यक जानकारी के अनुसार आधार कार्ड को समय-समय पर अपडेट कराना आवश्यक है।बच्चों को 5 से 7 साल इसके बाद 15 से 17 साल के बीच में बायोमेट्रिक कराना आवश्यक है। इसके बाद हर 10 सालों में बायोमीट्रिक कराना आवश्यक है। निर्धारित समय के अंतर्गत बायोमेट्रिक नहीं कराई जाती है,तो दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। जिले में ऐसे आधार कार्डों की संख्या जिले में सैकड़ो में है। विशेषज्ञ बताते हैं कि निर्धारित समय के अंतर्गत बायोमेट्रिक भी कर लें, अन्यथा की स्थिति में शुल्क देना होगा। आधार कार्ड का 10 सालों में कोई प्रयोग नहीं हुआ है, तो ई- केवाईसी करा लें।

## जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना को अविलंब हटाने की मांग : जिला अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई चकाई :- शिक्षा विभाग में पदस्थापित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना मानस मिलिंद के द्वारा किए जा रहे मनमानी कार्य को देखते हुए बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धर्म चंदन रजक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए हटाने की मांग की है। श्री रजक ने कहा कि शिक्षकों के प्रति शोषण अत्याचार से ग्रसित होकर, जानबूझकर शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत के क्रम में श्री रजक ने कहा कि शिक्षकों का प्रोन्नति के फल स्वरुप एवं राघवेंद्र शर्मा बनाम बिहार सरकार के द्वारा दिए गए प्रोन्नति के फल स्वरुप बकाया एरिया का भुगतान जानबूझकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के द्वारा नहीं किया जा रहा है। समय-समय पर सरकार के द्वारा घोषित महंगाई भत्ता,आवास भत्ता का बकाया एरिया भुगतान जानबूझकर आज तक नहीं किया गया है ।

श्री रजक ने कहा कि शिक्षा विभाग में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के पदस्थापन की तिथि से आज तक उदासीनता पूर्वक कार्य कर शिक्षकों के साथ आर्थिक शोषण किया जा रहा है। जिसकी लिखित सूचना संघ के अध्यक्ष के द्वारा माननीय जिलाधिकारी राकेश कुमार जमुई को अपने पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। संघ ने चेतावनी देते हुए जिलाधिकारी महोदय से अनुरोध किया है कि शिक्षकों का समस्या समाधान नहीं होने पर शिक्षा भवन कार्यालय जमुई के सामने शिक्षक भूख हड़ताल पर रहने को बिवस होंगे। जिसकी सारी जवाब देही जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना शिक्षा की होगी।

## सरायगढ़-देवघर स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब 22 सितंबर तक

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा हेतु सुपौल-सहरसा-मानसी-खगड़िया-मुंगेर-सुलतानगंज- भागलपुर के रास्ते सरायगढ़ एवं देवघर के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 05573/05574 सरायगढ़-देवधर-सरायगढ़ स्पेशल का परिचालन अब 22 सितंबर तक किया जाएगा ।

## बाबा कुशेश्वर सेवा संस्था के सातवां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक सम्पन्न





प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान( दरभंगा ) ।बाबा कुशेश्वर सेवा संस्था के सातवां स्थापना दिवस कुशेश्वरस्थान के असमा पुल स्थित संस्था के सेवा शिविर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजीव कुमार पैद्दार व संचालन संस्था के पूर्व सचिव व वरिष्ठ कार्यकर्ता अमित पैद्दार के संचालन में हुई। पत्रकार महेश कानोड़िया, शिवजी राय, एवं हिरणी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र पासवान व संस्था के अध्यक्ष राजीव कुमार पोद्दार ने सयुक्त रूप से केक काट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष श्री पोद्दार ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में होने वाले किसी भी तरह के आपदा में संस्था के सदस्य अपने संसाधनों से पीड़ितों को सेवा में जुट जाते हैं। श्रावणी मेला में कुशेश्वरस्थान शिव मंदिर में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के सेवा में लगाए गए सेवा शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्था के सदस्य चंदन चौपाल, श्याम बाबा, बमबम चौपाल, डॉ0 ललित नारायण कुमार, सौरभ कानोड़िया, विजय पासवान, गौरव कुमार, सौरभ दास, चंदन कानोड़िया, श्रवण कुमार, उज्वल सोनी, माधव आनंद सहित कई सदस्यों को संजीव अग्रवाल मेडल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित। कार्यक्रम को पत्रकार महेश कानोड़िया, शिवजी राय, सहित कई अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर संस्था के अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थिति थे।

## पेरिस में गोल्ड की उम्मीद बरकरार, पैरालंपिक 2024 में इस गेम्स के लिए बिहार से रवाना हुआ शैलेश

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई : पेरिस में खेले गए ओलंपिक 2024 में जमुई विधायक श्रेयसी सिंह के बाद अब बिहार का एक और खिलाड़ी नजर आएगा. श्रेयसी सिंह के साथ ही अब जमुई के शैलेश भी पेरिस पेरालंपिक 2024 में हिस्सा लेंगे. शैलेश इस साल पेरिस में आयोजित हो रहे पैरालंपिक खेलों में भारतीय दल का हिस्सा बनेंगे. शैलेश कुमार का चयन भारत की तरफ से किया गया है. वो पेरिस के लिए रवाना हो चुके हैं। जमुई : पेरिस पैरालंपिक 2024 में शामिल होने के लिए बिहार के शैलेश कुमार रवाना हो गए हैं. बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से रविवार को सम्मान और शुभकामना के साथ बिहार से विदा किया गया. पेरिस में 28 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित होने वाली 17वीं पैरालंपिक में शैलेश हाई जम्प ळ-42/63 श्रेणी में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे. बिहार के जमुई जिले के अलीगंज प्रखंड के इस्लामनगर गांव के रहने वाले हैं शैलेश कुमार पेरिस पैरालंपिक में होगा जमुई के लाल का जलवा : बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि पैरालंपिक में भारत के 84 खिलाड़ियों के साथ अब तक की सबसे बड़ी भारतीय टीम 12 खेलों में हिस्सा लेगी. जिसमें हाई जम्प ळ-42/63 श्रेणी की प्रतिस्पर्धा के लिए शैलेश कुमार भारतीय टीम में चुने गए हैं. समाज कल्याण विभाग में बाल विकास प्रोजेक्ट ऑफिसर के रूप में कार्यरत शैलेश अभी गुजरात के गांधीनगर स्थिति साई के प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण ले रहे थे। आज पूरा बिहार अपनी शुभकामनाओं के साथ पेरिस पैरालंपिक के लिए इन्हें विदा कर रहा है. हमें उम्मीद ही नहीं पूरा यकीन है कि शैलेश पदक जीत कर बिहार और देश का नाम रोशन करेंगे। शिवाजी कुमार, कन्वीनर, पैरालंपिक व एशियन गेम्स शैलेश ने बिहार सरकार का जताया आभार : पेरिस पैरालंपिक के लिए बिहार से रवाना होने से पहले शैलेश ने सबका आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि बिहार सरकार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से हमेशा ही मुझे पूरा सहयोग और प्रोत्साहन मिलता रहा है, जिसकी बदौलत आज मैं इस स्थान पर पहुंचा हूं. मेरा सिलेक्शन एथलेटिक्स के तीन खेलों के लिए हुआ था लेकिन मैंने हाई जम्प में ही आगे बढ़ने का निर्णय लिया. यही वजह है कि इसी में आज ओलंपिक तक पहुंचा हूं. मैं पैरालंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा और पदक जीत कर राज्य और देश का नाम रोशन करने की कोशिश करूंगा। पढ़ाई और खेल के लिए गिरवी रख दी जमीनद्ध : शैलेश के पिता बेहद ही गरीब किसान हैं. खेतीबारी और कुछ मवेशी पालकर वो अपनी जीविका चलाते हैं. एक समय ऐसा आया कि बच्चों की पढ़ाई के लिए पैसा इकट्ठा करना भी मुश्किल हो गया था. उन्होंने खेत को गिरवी रखकर, कर्ज लेकर पढ़ाया. शैलेश के पिता ने कहा कि शुरू से ही उसकी एड़ी में दिक्कत थी. स्कूल के टाइम से ही वो खेलने में काफी दिलचस्पी लेता था, कब उसने ये सब खेला और प्रैक्टिस की हमें तब पता चला जब उसका सलेक्शन हुआ। मेडल लेकर आया तो हम सभी हैरान थे : शैलेश के पिता ने कहा कि शैलेश दो भाई और एक बहन है. शैलेश का बड़ा भाई पुलिस में है और शैलेश ने खेल में अपना कैरियर बनाकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहा है. हम लोगों को तो ये भी जानकारी नहीं थी कि ये खेलता क्या है. पहली बार मैडल लेकर आया तो हम सभी हैरान थे. उसने अपनी मेहनत की बदौलत देश का नाम रोशन किया है। अब ओलंपिक में लाएगा गोल्ड : महज 23 साल की उम्र में ही फ्रांस में पारा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल हासिल किया था. वहीं बेंगलुरू में आयोजित 5वीं इंडिन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद में गोल्ड मेडल झटका था. अब उसका सलेक्शन पैरालंपिक 2024 के लिए हुआ है तो ये खुशी की बात है. गोल्ड का सूखा मेरा भाई खत्म करेगा और जीत का परचम लहराकर लौटेगा। पेरिस में गोल्ड का सूखा शैलेश खत्म करेगा. वह एशियन गेम्स की तरह पेरिस पैरालंपिक में गोल्ड जीतकर आएगा और देश का नाम रोशन करेगा. हमें पूरी उम्मीद है कि वह वहां पर राष्ट्रगान बजवाएगा। शैलेश के परिजन एशियाई पारा गेम्स में गोल्ड झटक चुके हैं शैलेश : बताते चलें कि शैलेश जमुई जिले के अलीगंज प्रखंड क्षेत्र के इस्लामनगर के रहने वाले हैं तथा इससे पहले उन्होंने चीन के हांगझो में आयोजित हुए एशियाई पारा गेम्स में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था. अब इस बार पेरिस पेरालंपिक में गोल्ड की उम्मीद बढ़ गई है।

## एक्सिस बैंक ने लांच किया वन स्टॉप समाधान नियो फॉर मर्चेंट्स

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एक्सिस बैंक ने वीजा और मिंटोक के साथ भागीदारी में मर्चेंट के लिए नियो लांच करने की घोषणा की। यह अत्याधुनिक बैंकिंग समाधानों के साथ व्यवसायों को सशक्त बनाने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता के लिहाज से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नियो फॉर मर्चेंट्स एप पूरे देश में मर्चेंट के लिए भुगतान परिदृश्य को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार है। उक्त एप मर्चेंट को भुगतान स्वीकार करने, लेन-देन रिपोर्ट देखने और मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये सीधे सेवा अनुरोध करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे उन्हें अपने रिलेशनशिप मैनेजर पर निर्भर रहना होता है। एप्लिकेशन की ऑल-इन-वन कार्यक्षमता कम लागत वाले समाधान प्रदान करती है, ओम्नी चैनल भुगतान का अनुभव बेहतर बनाती है।

संजीव मोघे, प्रेसिडेंट और हेड- काड्र्स और पेमेंट्स ने कहा कि हम मर्चेंट समुदाय के लिए व्यापक डिजिटल समाधान पेश करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं, ताकि उन्हें अपने व्यवसाय की लागत कम करने और किफायती तरीके से डिजिटल भुगतान स्वीकार करने में मदद मिल सके। हमारी नई पेशकश नियो मर्चेंट समुदाय की सभी व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए वन-स्टॉप समाधान है। यह एप्लिकेशन हमें उनके व्यवसाय को सुचारू रूप से संचालित करने, सुविधा बढ़ाने और मजबूत डिजिटल परितंत्र तैयार करने की दिशा में उनका समर्थन करने का शानदार मौका प्रदान करता है।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा को लेकर की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई जिलाधिकारी राकेश कुमार तथा पुलिस अधीक्षक डॉ॰ शौर्य सुमन की अध्यक्षता में मंगलवार 20 अगस्त को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई । बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा गतिविधियों की निगरानी, सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की निगरानी, सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान और अध्ययन, गति सीमा और ट्रैफिक कालमिंग मेजर्स की समीक्षा, उचित स्थान पर एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करना ताकि पीड़ित को ससमय अस्पतालों में पहुंचाने में सुविधा हो तथा प्रतिक्रिया समय में सुधार हो सके, जिले में पूर्व हुई दुर्घटना की संख्या के अनुसार विभिन्न प्रकार के एंबुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद/ लीड एजेंसी बिहार को नियमित रूप से सूचनाओं से अवगत कराना तथा दुर्घटना प्रवण क्षेत्र /ब्लैक स्पॉट आदि के संबंध में तथा 4Es-Engineering, Education, Enforcement, और ऐंर्शैल्लू८ के महत्व के संबंध में सड़क सुरक्षा से संबंधित उपाय के अनुशंसा करना, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए गुड सेमेरिटन को बढ़ावा देना, तथा सड़कों पर वाहनों के तीव्र गति (Over Speeding) के कारण हो रही दुर्घटनाओं को न्यून करने के उद्देश्य से वाहनों की अधिकतम गति सीमा निर्धारित करने हेतु सड़कों को चिन्हित किया जाना तत्पश्चात अधिकतम गति सीमा के निर्धारण के पश्चात संबंधित कार्य एजेंसी द्वारा पर्याप्त ट्रॅल्ली लगाने की समीक्षा किया गया। बैठक में सिविल सर्जन जमुई, अनुमंडल पदाधिकारी जमुई, जिला परिवहन पदाधिकारी जमुई समेत पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नरकटियागंज-पनियहवा रेलखंड के मध्य पैच डबलिंग कार्य को ले ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। समस्तीपुर मंडल के नरकटियागंज-पनियहवा रेलखंड के मध्य हरिनगर एवं भैरोगंज स्टेशन पर पैच डबलिंग कार्य के मद्देनजर इस रेलखंड पर चलने वाली कुछ ट्रेनों के परिचालन में निम्नानुसार अस्थायी बदलाव किया गया हैः 21 अगस्त एवं 22 अगस्त को परिचालन रद्द की गई ट्रेनें: 05040 बढ़नी-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल ट्रेन ।, 05039 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट पैसेंजर स्पेशल ट्रेन ।, 05450 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल ट्रेन । 05449 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट पैसेंजर स्पेशल ट्रेन । ट्रेनों का आंशिक समापन : 1. 05096 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का 22 अगस्त तक बगहा में आंशिक समापन किया जाएगा ।, 05498 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का 21 अगस्त एवं 22 अगस्त को बगहा में आंशिक समापन किया जाएगा ।15201 पाटलिपुत्र-बगहा एक्सप्रेस का 22 अगस्त तक नरकटियागंज में आंशिक समापन किया जाएगा ।, ट्रेनों का आंशिक प्रारंभ : 05095 नरकटियागंज-बढ़नी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का 22 अगस्त तक आंशिक प्रारंभ बगहा से ।, 05497 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का 22 अगस्त एवं 23 अगस्त को आंशिक प्रारंभ बगहा से । 15202 बगहा-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन का 21अगस्त से 23 अगस्त तक आंशिक प्रारंभ नरकटियागंज से । ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन : 21अगस्त को खुलने वाली 12212 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते ।, 21अगस्त को खुलने वाली 12558 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते । 22 अगस्त को खुलने वाली 15052 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते ।, 21 अगस्त को खुलने वाली 15656 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते ।, दिनांक 21 अगस्त को खुलने वाली 15274 आनंद विहार-रक्सौल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कप्तानगंज-सीवान-मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल के रास्ते ।, दनांक 20 अगस्त को खुलने वाली 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी अवध एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कप्तानगंज-सीवान-मुजफ्फरपुर के रास्ते ।

सम्पादकीय

## बलात्कार की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक

ये कैसी विडम्बना है कि जहां एक तरफ लाल किले की प्राचीर से देश में न्यायिक सुधार, 2047 में विकसित भारत और महिलाओं के खिलाफ अपराध में सजा की बात की जा रही थी तो दूसरी तरफ देश की बेटियां न्याय की मांग करते हुए आंदोलन कर रहीं थी। जश्न-ए-आजादी के बीच महिलाओं का ये आंदोलन कई सवाल खड़े कर रहा है कि आखिर कब तक इसी तरह बलात्कार होते रहेंगे, कब तक ऐसे दरिंदे खुलेआम घूमते रहेंगे, कब तक महिला सुरक्षा को लेकर जबानी जमा खर्च होता रहेगा। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लेडी डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी ने हर किसी झकझोर दिया है। इसको लेकर देश भर गुस्सा है। विपक्ष से लेकर सेलिब्रिटीज, राजनेता और आम आदमी हर किसी के जहन में यही सवाल है कि आखिर आजादी के इतने बरसों बाद भी महिलाएं सुरक्षित और आजाद क्यों नहीं हैं। कोलकाता के रेप-मर्डर मामले की जांच अब सीबीआई के हाथों में है।

आपराधिक आंकड़ों पर गौर किया जाए तो पता चलता है कि देश में बलात्कार चैथा सबसे आम अपराध है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2019 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार देश भर में 32033 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए थे या ये भी कहा जा सकता है कि हर रोज औसतन 88 मामले दर्ज हुए। इसके अलावा नाबालिगों के साथ उत्पीड़न और बलात्कार की घटनाएं भी सामने आतीं रहतीं हैं। ब्यूरो की इन आंकड़ों से जाहिर है बलात्कार की घटनाएं कम नहीं हुई हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में भी बलात्कार की घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक हैं।

खैर, कोलकाता की घटना के बाद एक फिर डॉक्टर आंदोलित हैं और हड़ताल पर चले गए हैं। इन डॉक्टरों को देश के अन्य राज्यों के डॉक्टरों का भी समर्थन मिल रहा है। कोलकाता में डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो रहीं हैं। डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें माकूल सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए। सभी अस्पतालों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। मृतक डॉक्टर के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और इस मामले में जल्द से जल्द न्याय हो। हड़ताली डॉक्टरों की एक प्रमुख मांग यह है कि हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा के लिए देश में एक नया केंद्रीय कानून या सेंट्रल हेल्थकेयर प्रोटेक्शन एक्ट बनाया जाए। साथ ही इस घटना की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी सख्त कदम उठाए जाने की बात कही है। देश भर के डॉक्टर कोलकाता के डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखा रहे हैं। डॉक्टरों की चिंता बेवजह नहीं है। हालांकि, जहां तक केंद्रीय कानून की मांग है तो पहले ये देखना होगा कि क्या बलात्कार की इस तरह की घटनाओं के पीछे कानून का कमजोर होना है या फिर किसी कड़े कानून की कमी इसकी वजह है। वैसे, ज्यादातर राज्यों में मेडिकेयर सर्विस पर्सन्स एंड मेडिकेयर सर्विस इंस्टिट्यूशंस (प्रिवेंशन ऑफ वॉयलेंस एंड डैमेज-लॉस टु प्रॉपर्टी) एक्ट पहले से ही लागू है। मगर इन राज्यों में भी इसके तहत दर्ज मामलों में दस फीसदी ही आरोप तय होने के बाद अदालत पहुंच सके। तो ये माना जा सकता है कि असल समस्या कानून की कमी नहीं बल्कि उस पर सख्ती से अमल है। बहरहाल, अस्पताल में लेडी डॉक्टर ही नहीं बल्कि पुरुष डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ और दिगर स्वास्थ्य कर्मी भी हमलों का शिकार होते रहते हैं। बात सिर्फ यहीं तक नहीं हैं अस्पतालों में मरीजों की सुरक्षा भी बड़ा मसला है। अस्पतालों में भर्ती महिला मरीजों भी यौन हमलों की खबरें आतीं रहतीं हैं। देश में शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों को लेकर व्यापक जरूरी कदम उठाए जाने की जरूरत है। मंहगी शिक्षा और मंहगी दवाएं तथा अस्पतालों में इलाज और जांच के नाम पर होने वाला खर्च भी चर्चा का विषय है। कतिपय अस्पतालों में मेडिसिन और सर्जिकल आइटम की सप्लाई के गोरखधंधे, कमीशनखोरी, और इससे जुड़े रैकेट के सक्रिय होने की बात तो सब जानते हैं लेकिन कोलकाता के इस मामले में सेक्स रैकेट और ड्रग्स का एंगल भी सामने आया है।

## लेटरल भर्ती में आरक्षण मुद्दे पर विपक्ष में फूट

सनत जैन

केंद्र सरकार द्वारा यूपीएससी के पदों पर बिना आरक्षण लैटरल भर्ती 2018 के बाद से लगातार की जा रहीं हैं। लेकिन इस मामले ने 2024 में तूल पकड़ लिया है। 2018 से लेकर अभी तक केंद्र सरकार विभिन्न मंत्रालयों में विशेषज्ञों के नाम पर लैटरल भरती समूह में करती चली आ रहा है। इस बार केंद्र सरकार द्वारा 45 पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित कराया गया है। पिछले 6 वर्षों में लगभग 200 पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं। उसके बाद से आरक्षण मुद्दे पर पूरे देश में बवाल हो गया है। मोदी सरकार द्वारा 2018 के बाद से लैटरल नियुक्तियां समूह में की जा रही हैं। अभी तक यूपीएससी परीक्षा के माध्यम से इनका चयन होता था। 15-20 वर्ष की सेवा के पश्चात, चयनित अधिकारी उप सचिव, संयुक्त सचिव और सचिव पद पर पहुंचते थे। अब सीधे ही भर्ती विभिन्न मंत्रालयों में उपसचिव, संचालक और संयुक्त सचिव के रूप में की जा रही है। एक तरह से यह नियमों का दुरुपयोग है। संवैधानिक प्रावधानों का पालन भी सरकार नहीं कर रही है। जिसके कारण यह मामला अब तूल पकड़ रहा है। एनडीए के सहयोगी दलों ने भी इस तरह से की जा रही नियुक्तियों का विरोध शुरू कर दिया है। जनता दल यू ने इस तरह की भर्ती पर गंभीर चिंता जताई है। वहीं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा है कि इस तरह की नियुक्तियों में आरक्षण का पालन किया जाना चाहिए। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी इसे संविधान विरोधी बताते हुए आरक्षण खत्म करने की मांग की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है, सरकार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विचारधारा से जुड़े हुए लोगों को प्रमुख पदों पर सीधे नियुक्त कर रही है। इस तरह की नियुक्तियों से दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के हितों का नुकसान हो रहा है। संविधान में जिस तरह से कार्यपालिका में अधिकारियों का चयन किया जाना है, उसका पालन भी सरकार नहीं कर रही है। सरकार में पूंजीपतियों का सीधा हस्तक्षेप बढ़ रहा है। लैटरल नियुक्तियों में उन लोगों की भर्ती हो रही है, जो कारपोरेट जगत से सीधे सरकारी सेवा के महत्वपूर्ण पदों पर आ रहे हैं। इनकी नियुक्ति विशिष्ट तरीके से की जा रही है। कांटेक्ट पर नियुक्ति होने के कारण यह कभी भी छोड़ कर जा सकते हैं। इन पर जिम्मेदारी भी तय नहीं की जा सकती है। सेबी में माधवी बुच को पहले डायरेक्टर और फिर अध्यक्ष बनाने का मामला भी विवादों में आ गया है। जो खुलासे हुए हैं, वह बड़े आश्चर्यचकित करने वाले हैं। सरकार के ऊपर यह आरोप लग रहा है कि औद्योगिक समूहों के अधिकारियों को पिछले दरवाजे से सरकारी पदों पर नियुक्ति की जा रही है। यह अधिकारी औद्योगिक समूह के हित में नीतियां बनाते हैं। संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन हो रहा है। सरकार जब किसी निर्णय में फंसने लगती है तो इस स्थिति में सरकार कांग्रेस के ऊपर ठीकरा फोड़कर बचने का रास्ता बनाती है। सरकार की ओर से यही प्रयास किया गया है। इस तरह की नियुक्तियां 50 वर्षों से हो रही हैं। 1976 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को लैटरल एंट्री के माध्यम से वित्त सचिव बनाया गया था। राजीव गांधी की सरकार ने सेम पित्रोदा को नॉलेज कमीशन का अध्यक्ष बनाया था। विमल जालान को मुख्य आर्थिक सलाहकार रिजर्व बैंक बनाया गया था। 2009 में कौशिक बसु को केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार के पद पर नियुक्त किया गया था। रघुराम राजन को भी वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया था। मोंटेक सिंह अहलुवालिया 2004 से 2014 तक योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद पर रहे। 2009 में नंदन नीलकेणी को भी यूआईडीएआई का मुखिया बनाया गया था। पिछले 50 वर्षों में केंद्र सरकार में विशेषज्ञ के रूप में जिन लोगों की नियुक्ति हुई थी, उनकी संख्या वर्तमान की तुलना में बहुत कम है। वित्त और तकनीकी के जानकार उस समय देश में बहुत कम विशेषज्ञ थे। जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जानकारी और विशेषज्ञता रखते थे। पिछले 6 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा उप सचिव, सचिव और संचालक स्तर पर जो नियुक्तियां की जा रहीं हैं। उसमें हमेशा से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी या भारतीय सेवा के अधिकारी ही नियुक्त किए जाते थे। लैटरल भर्ती का मुद्दा अब गरमा गया है। इसे उच्च पदों पर आरक्षण खत्म करने से लेकर जोड़ा जा रहा है। सरकार ने अपनी जिद नहीं छोड़ी, ऐसी स्थिति में एनडीए सरकार में दरार पड़ सकती है। केंद्र सरकार पहले ही जाति आरक्षण और संविधान को खत्म करने के आरोप में बुरी तरह से घिरी हुई है। बजट सत्र में भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वित्त मंत्रालय में अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर वित्त मंत्री को सदन के अंदर घेरा था। इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार है। आरक्षण जैसे संवेदनशील मसले पर यदि उसके सहयोगी दल उसका साथ नहीं देंगे, तो सरकार के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो सकती है। सरकार के अस्तित्व पर भी संकट आ सकता है।

# भारतीय कृषि का अमृतकाल



**किसान की आय बढ़ाने के लिए हमने छह सूत्रीय रणनीति बनाई है। उत्पादन बढ़ाना, खेती की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम दिलाना, प्राकृतिक आपदा में राहत की उचित राशि दिलाना, कृषि का विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना इसके अहम पहलू हैं। उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने के लिए सबसे जरूरी हैं अच्छे बीज, जो कम पानी और विपरीत मौसम में भी बेहतर उत्पादन में सक्षम हो सकें। ऐसे बीजों की 109 नई किस्मों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र और किसानों को समर्पित किया है।**

**बीते 10 वर्षों में कृषि परिदृश्य तेजी से बदला है। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के बीच उत्पादकता बढ़ाने की चुनौती खड़ी हो गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल फसलों की 1500 नई किस्में तैयार करने का है। वर्तमान में विज्ञान से ही किसानों का कल्याण संभव है। मुझे अपने कृषि विज्ञानियों पर गर्व है जो जलवायु अनुकूल किस्में तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कृषि में किए जा रहे नवाचारों से कृषि एवं किसान कल्याण सुनिश्चित होगा। किसान होने के नाते मैं भलीभांति समझता हूं कि बढ़िया उत्पादन के लिए अच्छे बीज कितने आवश्यक हैं। अगर बीज उन्नत और मिट्टी एवं मौसम की प्रकृति के अनुकूल होंगे तो उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। मोदी जी ने यह समझा और व्यापक विजन के साथ इस दिशा में कार्य करने के लिए मार्गदर्शित किया। विविधता भारतीय कृषि की विशेषता है। यहां कुछ दूरी के अंतराल पर ही खेती का मिजाज बदल जाता है। जैसे मैदानी खेती अलग है तो पहाड़ों की खेती अलग। इन सभी भिन्नताओं और विविधताओं को ध्यान में रखते हुए फसलों की 109 नई किस्में जारी की गई हैं। इनमें खेती की 69 किस्में और बागवानी की 40 किस्में राष्ट्र को समर्पित कर दी गई हैं। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने और श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार पूरी तरह संकल्पबद्ध है।**

शिवराज सिंह चौहान

कृषि विकास और किसान कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अन्न के माध्यम से हमारे जीवन संचालन के सूत्रधार अन्नदाता के जीवन में सुख-समृद्धि लाना हमारा संकल्प है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे। किसान की आय बढ़ाने के लिए हमने छह सूत्रीय रणनीति बनाई है। उत्पादन बढ़ाना, खेती की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम दिलाना, प्राकृतिक आपदा में राहत की उचित राशि दिलाना, कृषि का विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना इसके अहम पहलू हैं। उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने के लिए सबसे जरूरी हैं अच्छे बीज, जो कम पानी और विपरीत मौसम में भी बेहतर उत्पादन में सक्षम हो सकें। ऐसे बीजों की १०९ नई किस्मों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र और किसानों को समर्पित किया है।

बीते १० वर्षों में कृषि परिदृश्य तेजी से बदला है। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के बीच उत्पादकता बढ़ाने की चुनौती खड़ी हो गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल फसलों की १५०० नई किस्में तैयार करने का है। वर्तमान में विज्ञान से ही किसानों का कल्याण संभव है। मुझे अपने कृषि विज्ञानियों पर गर्व है जो जलवायु अनुकूल किस्में तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कृषि में किए जा रहे नवाचारों से कृषि एवं किसान कल्याण सुनिश्चित होगा। किसान होने के नाते मैं भलीभांति समझता हूं कि बढ़िया उत्पादन के लिए अच्छे बीज कितने आवश्यक हैं। अगर बीज उन्नत और मिट्टी एवं मौसम की प्रकृति के अनुकूल होंगे तो उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। मोदी जी ने यह समझा और व्यापक विजन के साथ इस दिशा में कार्य करने के लिए मार्गदर्शित किया। विविधता भारतीय कृषि की विशेषता है। यहां कुछ दूरी के अंतराल पर ही खेती का मिजाज बदल जाता है। जैसे मैदानी खेती अलग है तो पहाड़ों की खेती अलग। इन सभी भिन्नताओं और विविधताओं को ध्यान में रखते हुए फसलों की १०९ नई किस्में जारी की गई हैं। इनमें खेती की ६९ किस्में और बागवानी की ४० किस्में राष्ट्र को समर्पित कर दी गई हैं। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने और श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार पूरी तरह संकल्पबद्ध है।

हमारा संकल्प है कि किसान के परिश्रम का उचित मूल्यांकन हो और उन्हें फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर रहे हैं। किसानों की आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में है और उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ भारत की चिंता भी रही है कि मानव शरीर और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित उत्पादन हो। आज भारत नई हरित क्रांति का साक्षी बन रहा है। हमारे अन्नदाता ऊर्जादाता तथा ईंधनदाता भी बन रहे हैं। मोदी जी के प्रयासों से खेती के साथ ही पशुपालन, मधुमक्खी पालन, औषधीय खेती, फूलों-फलों की खेती सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों को सशक्त बनाया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों की प्राथमिकता में कृषि और किसान रहे ही नहीं। जबकि मोदी जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। वर्ष २०१३-१४ में कृषि मंत्रालय का बजट २७ हजार ६६३ करोड़ रुपये था जो २०२४-२५ में बढ़कर १ लाख ३२ हजार ४७० करोड़ रुपये हो गया है। यह बजट सिर्फ कृषि विभाग का है। कृषि से संबद्ध क्षेत्रों और फर्टिलाइजर सब्सिडी के लिए अलग बजट है। मोदी सरकार किसानों को यूरिया और डीएपी सस्ती दरों पर उपलब्ध करा रही है। यूरिया पर सरकार किसानों को करीब २,१०० रुपये सब्सिडी जबकि डीएपी के एक बैग पर १०८३ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसान स्वावलंबी और सशक्त हुआ है। फसलों के नुकसान पर भी फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक सुरक्षा कवच है।

मोदी सरकार में किसान को सशक्त बनाने के लिए बीज से लेकर बाजार तक हर वह फैसला लिया, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाए। उनकी मुश्किलें कम करे और मुनाफा बढ़ाए। इसी कड़ी में एक लाख करोड़ रुपये की एग्री इन्फ्रा फंड के जरिये कृषि से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। पूरे देश में ७०० से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र किसान और विज्ञान को जोड़ रहे हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के जरिये टेक्नोलाजी से दूरदराज की हमारी माताओं-बहनों को भी जोड़ा जा रहा है। कृषि सखियों को प्रशिक्षण देने के पहले चरण में अब तक ३५ हजार कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

मोदी जी का विजन है कि भारत कृषि में आत्मनिर्भर बने। इस दिशा में भी रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में हम १८,००० करोड़ रुपये की लागत से १०० निर्यात केंद्रित बागवानी क्लस्टर बनाएंगे। किसानों के लिए मंडी तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए १५०० से अधिक मंडियों का एकीकरण किया जाएगा। साथ ही ६,८०० करोड़ रुपये की लागत से तिलहन मिशन की शुरूआत कर रहे हैं। सब्जी उत्पादन क्लस्टर बनाने की भी तैयारी है। इससे छोटे किसानों को सब्जियों-फल और अन्य उपज के लिए नए बाजार और बेहतर दाम मिलेंगे। सरकार ने यह संकल्प भी लिया है कि दलहन फसलों में तुअर, उड़द और मसूर की पूरी खरीद एमएसपी पर की जाएगी।

यजुर्वेद में उल्लिखित है अन्नानां पतये नमः क्षेत्राणां पतये नमः अर्थात अन्न के स्वामी और खेतों के स्वामी अन्नदाताओं को नमन। कृषि पराशर में भी उल्लेख है - अन्न ही प्राण है, अन्न ही बल है एवं अन्न ही समस्त प्रयोजनों का साधन है। किसानों के बिना इस देश का अस्तित्व ही अधूरा है। इसलिए हमारे प्राचीन शास्त्रों में भी किसानों को प्रणाम किया गया है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसका आत्मा। हमारे लिए किसान की सेवा भगवान की पूजा है। आज प्रधानमंत्री मोदी जी के दीर्घकालिक विजन तथा सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी, समावेशी और समग्र विकास वाले सोच के साथ भारत एवं भारतीय कृषि निरंतर आगे बढ़ रही है और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे किसान भाई-बहन आजादी के अमृतकाल में आत्मनिर्भर भी बनेंगे और समृद्ध संपन्न होने के साथ-साथ देश के अन्न भंडार भरते रहेंगे ।

**(लेखक भारत सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री है)**

# बिना डर के चुनाव के लिए तैयार कश्मीर!

मनु श्रीवत्स

हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे संगठन अब सक्रिय नही हैं। यह एक बड़ा बदलाव कश्मीर में हुआ है। जिससे आम कश्मीरी के अंदर का डर समाप्त हुआ है और लोग अब चुनाव से दूर भागने की जगह चुनाव आदि में हिस्सा ले रहे हैं। एक सुरक्षित वातावरण मिलने के बाद आम आदमी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा है। ड्ढ हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे संगठन अब इतिहास का हिस्सा हो चुके और उनका नाम लेने तक को भी कोई तैयार नही है। जमायते इस्लामी जैसे संगठन अब चुनाव में भागीदारी की बात करने लगे हैं।

हाल ही में हुए कुछ आतंकवादी हमलों के बावजूद जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की घोषणा कर चुनाव आयोग ने एक बड़ा और साहसिक फैसला लिया है इसके लिए आयोग मुबारकबाद का पात्र है। इस निर्णय से यहां आतंकवादियों के इरादों को जबरदस्त धक्का लगा है वहीं उन तत्वों की भी हार हुई है जो पिछले दिनों के आतंकवादी हमलों का हौव्वा खड़ा कर प्रदेश में चुनाव न करवाए जाने का एक माहौल बनाने में जुटे हुए थे। आतंकवादी हमलों का डर ऐसे लोगों द्वारा खड़ा किया जा रहा था जो जम्मू-कश्मीर के जमीनी हालात से न तो परिचित हैं और न ही आतंकवाद और आतंकवादियों की कार्यशैली को ठीक से समझते हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद 1989-1990 से है और प्रदेश ने आतंकवाद के कई रूप देखे हैं। दरअसल लोकसभा चुनाव में जो जबरदस्त मतदान हुआ था और जिस शानदार ढ़ग से चुनाव संपन्न हुए थे उसके बाद कोई कारण शेष बचता नही था कि प्रदेश में और अधिक समय के लिए विधानसभा चुनाव को टाला जाता। आतंकवादी और अलगवावादी तत्व लोकसभा चुनाव में आम लोगों की भारी भागीदारी से बौखलाए हुए थे। हर लिहाज से विधानसभा चुनाव के लिए समय व माहौल अनुकूल था। ऐसे में चुनाव आयोग से यही उम्मीद थी कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को और अधिक न टाला जाए। कुछ लोगों को यह सरकारी भाषा लग सकती है, मगर सच्चाई यही है कि लगभग 37 साल के बाद बिना किसी डर और खौफ के लोगों ने इस बार के लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। वर्षों बाद कश्मीर के लोगों ने लोकसभा चुनाव के दौरान दिल से खुल कर मतदान किया। अपना वोट डालने के लिए मतदाताओं को किसी भी तरह की रुकावट का सामना नहीं करना पड़ा, क्योंकि 1987 के विधानसभा चुनाव के बाद पहला मौका था जब किसी भी तरह के चुनावी बहिष्कार का आह्वान सामने नही था।

लोगों को जब सुरक्षित माहौल मिला तो लोगों ने निराश भी नही किया और वे बेखौफ होकर मतदान करने निकले। आतंकवाद के गढ़ माने जाने वाले सोपोर सहित कई इलाकों में भारी संख्या में लोगों ने मतदान किया जबकि कुछ समय पहले तक इन इलाकों में कोई चुनावी पोस्टर भी नही लगने दिया जाता था।

ऐसा इसलिए संभव हुआ क्योंकि हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे संगठन अब सक्रिय नही हैं। यह एक बड़ा बदलाव कश्मीर में हुआ है। जिससे आम कश्मीरी के अंदर का डर समाप्त हुआ है और लोग अब चुनाव से दूर भागने की जगह चुनाव आदि में हिस्सा ले रहे हैं। एक सुरक्षित वातावरण मिलने के बाद आम आदमी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा है। आंकड़े बताते है कि कश्मीर घाटी की तीनों लोकसभा सीटों पर इस बार बहुत ही अच्छा मतदान हुआ और पिछले कई रिकॉर्ड टूटे। बारामूला में इस बार 59 प्रतिशत, श्रीनगर में 38 प्रतिशत और अनंतनाग-राजौरी सीट पर 53 प्रतिशत मतदान हुआ।

### खत्म हुई है दहशत

जम्मू-कश्मीर के हालात पर बात करते हुए समय आतंकवाद और हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे संगठनों के बीच के महीन भेद को समझना बहुत आवश्यक है। बड़े से बड़े आतंकवादी हमले का जमीन पर असर कुछ दिन रहता है और फिर लोग उसे अपना मुकद्दर समझ कर अपनी ज़िन्दगी में व्यस्त हो जाते हैं। मगर आतंकवादी हमलों के ठीक विपरीत हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे संगठन बड़ी बारीकी व चालाकी के साथ लंबे समय तक दहशत का माहौल बनाए रखने में कहीं न कहीं कामयाब रहा करते थे। लगभग सभी चुनावों के बहिष्कार का आह्वान किया जाना इसी रणनीति का हिस्सा रहता था।

जम्मू-कश्मीर के हालात में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है वह उन संगठनों को निष्क्रिय कर देने से संभव हुआ है जो आतंकवाद के मददगार थे और एक डर व खौफ का माहौल बनाए रखते थे। इन संगठनों में हुर्रियत कांफ्रेंस एक ऐसा बड़ा नाम था जिसके हाथ में बंदूक तो नही थी मगर हुर्रियत के नेताओं के ब्यान और आए दिन बंद के आह्वान से वातावरण में एक अजीब सी बेचैनी और खौफ हमेशा बना रहता था। आम आदमी उसी खौफजदा माहौल में अपनी जिंदगी गुजारने को मजबूर था।

हुर्रियत कांफ्रेंस और उसके जैसे कुछ अन्य अलगाववादी संगठनों का आज अपना कोई अस्तित्व तक नहीं बचा है। ।हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे संगठन अब इतिहास का हिस्सा हो चुके और उनका नाम लेने तक को भी कोई तैयार नही है। जमायते इस्लामी जैसे संगठन अब चुनाव में भागीदारी की बात करने लगे हैं। मीरवायज मौलवी फारूक सहित अन्य कई अलगवादी नेताओं के सुर बदले हुए हैं। केंद्र सरकार की बड़ी सफलता यह रही है कि उसने आतंकवाद से निपटने के लिए जो दृढ़ता दिखाई है उसमें एक निरंतरता रही है। अगर एक तरफ आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों पर सख्ती की गई है तो साथ ही साथ उनके समर्थकों को भी बख्शा नही गया है। सरकार की कई मामलों में आलोचना करने में मुखर रहने वाले जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सहित कश्मीर के कई राजनीतिक नेता इस बात को मानते हैं कि कुछ वर्षो से हालात में लगातार सुधार हुआ है। कानून व व्यवस्था कई अन्य प्रदेशों की तुलना में बहुत ही अच्छी है। आतंकवाद का रंग बदलता रहा है

यह सही है कि हाल के दिनों में हुए आतंकवादी हमलों ने कुछ हद तक चिंताएं जरूर बढ़ा दी थीं मगर जो जम्मू-कश्मीर के हालात से परिचित हैं और जिन लोगों ने आतंकवाद के साए में अपना जीवन जिया है, उनके लिए हर आतंकवादी हमला एक तरह का इम्तिहान है। हमें हालात का जाएजा लेते समय अपने चश्में और दूरबीन को अच्छी तरह से साफ कर स्थिति को देखना व समझना चाहिए। यह एक छद्म युद्ध है।

पिछले दिनों हुए हमले कैसे हुए और सुरक्षा बलों की रणनीति में क्या कमियां रह गई इस पर बात करते समय यह याद रखना चाहिए कि आतंकवाद अपना रंग और समय निरतंर बदलता रहता है। एक ही तरह की रणनीति आतंकवादियों की कभी भी नही रही। सुरक्षा एजेंसियां इन हमलों के कारणों का पता लगाने में जुटी भी हुई हैं, लेकिन यह हमले ऐसे भी नही हैं जो जम्मू-कश्मीर के लिए नए हों और जिनसे किसी भी तरह से विधानसभा चुनाव पर असर पड़ सकता हो। जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बल आतंकवाद से जुझते हुए इतने मजबूत हो चुके हैं कि किसी भी तरह परिस्थिति से कैसे निपटना है, वे भली-भांति जानते हैं।

अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर पुलिस हर दिन बहादुरी के साथ आतंकवाद का मुकाबला कर रही है। हमें कम से कम अपने सुरक्षा बलों पर यकीन होना चाहिए और वह भी तब, जब कि हमारे सुरक्षा बलों ने विपरीत हालात में भी हमें कभी निराश नही किया है। सरकार कोई भी रही हो जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ जंग में एक निरतंरता हमेशा बनी रही है। लेकिन विड़बंना यह है कि ऐसे लोग आतंकवाद, हालात और सुरक्षा बलों पर ज्ञान देने लगते हैं जिन्होंने न तो जम्मू-कश्मीर को देखा है और न ही आतंकवाद को समझा है और न ही हालात से वाकिफ हैं। जम्मू-कश्मीर नब्बे के दशक से इस तरह के और इससे भी अधिक खतरनाक हमलों को देख व झेल चुका है।

# धीमा न्याय निर्भयाओं को कर रहा कमजोर

प्रियंका सौरभ

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में हुए शर्म से डुबो देने वाले हौलनाक कांड ने कई तरह के सवाल पैदा किए हैं। कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओं को रोकने के तमाम प्रयासों के बीच मेडिकल स्टूडेंट (ट्रेनी लेडी डॉक्टर) की रेप के बाद की गई हत्या से सारे देश में उबाल है। ऐसे मामलों में धीमी न्याय प्रक्रिया भी निर्भयाओं के हौसले को कमजोर करती है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम (2013) जैसे प्रगतिशील कानूनों के अस्तित्व के बावजूद, निगरानी, जवाबदेही और संस्थागत समर्थन की कमी के कारण उनका कार्यान्वयन कमजोर बना हुआ है। राष्ट्रीय महिला आयोग के एक अध्ययन में पाया गया कि कई कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समितियों का अभाव है, जो यौन उत्पीड़न अधिनियम को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। संस्थाओं के भीतर भ्रष्टाचार, हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय में बाधा उत्पन्न कर सकता है तथा प्रभावशाली अपराधी अकसर रिश्वत या राजनीतिक संबंधों के माध्यम से कानूनी परिणामों से बच निकलते हैं। कई कानून प्रवर्तन अधिकारियों और न्यायिक कर्मियों में लैंगिक मुद्दों पर पर्याप्त प्रशिक्षण और संवेदनशीलता का अभाव है, जिसके कारण पीड़ित को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति पैदा होती है और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों का अनुचित तरीके से निपटारा होता है।

पुरुषों के वर्चस्व और महिलाओं पर नियंत्रण को प्राथमिकता देने वाले पितृसत्तात्मक मानदंड, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के जारी रहने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये मानदंड अकसर अपमानजनक व्यवहार को उचित ठहराते हैं या कम करते हैं, परिवार के पुरुष सदस्यों पर आर्थिक निर्भरता अक्सर महिलाओं को हिंसा सहने के लिए मजबूर करती है, क्योंकि अपमानजनक स्थिति से बाहर निकलने पर वित्तीय अस्थिरता या अभाव हो सकता है।

विशेषकर यौन हिंसा के पीड़ितों को अकसर सामाजिक कलंक और बहिष्कार का सामना करना पड़ता है, जो उन्हें अपराधों की रिपोर्ट करने या न्याय मांगने से हतोत्साहित करता है। मीडिया में महिलाओं और हिंसा के बारे में प्रस्तुतीकरण अक्सर मामलों को सनसनीखेज बना देता है, कभी-कभी मुद्दे की गंभीरता को कमतर आंकता है या पीड़ितों के बारे में नकारात्मक रूढ़िवादिता को मजबूत करता है। विशेष रूप से यौन हिंसा की रिपोर्टिंग से होने वाले रुढ़िवादी सांस्कृतिक कलंक के कारण कम रिपोर्टिंग होती है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के प्रवर्तन में बाधा आती है। यौन हिंसा की अनुमानित घटनाओं और रिपोर्ट किए गए मामलों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर दिखाता है, जो रिपोर्टिंग में सांस्कृतिक बाधाओं को उजागर करता है। अपर्याप्त फंडिंग और स्टाफिंग सहित संस्थागत संसाधन की कमी, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों का जवाब देने की क्षमता को सीमित करती है। कई पुलिस स्टेशनों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों को संभालने के लिए समर्पित महिला अधिकारियों या विशेष प्रकोष्ठों की कमी है, जिसके कारण मामले को ठीक से नहीं निपटा जा पाता है। राजनीतिक प्रभाव और भ्रष्टाचार के कारण अकसर कानूनों का चयनात्मक प्रवर्तन होता है, जहां शक्तिशाली व्यक्तियों से जुड़े मामलों को या तो दबा दिया जाता है या खराब तरीके से जांच की जाती है। महिलाओं में कानूनी जागरुकता की कमी, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, न्याय पाने की उनकी क्षमता को सीमित करती है और इसके परिणामस्वरूप उन्हें बचाने के लिए बनाए गए कानूनों का कम उपयोग होता है। कई महिलाएं महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 जैसे कानूनों के तहत अपने अधिकारों से अनजान हैं, जिसके कारण रिपोर्ट करने और कानूनी सहारा लेने की दर कम है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण, संवेदनशीलता और संसाधन आवंटन के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

# नौकरशाही का पिछवाड़ा यानि लेटरल एंट्री

राकेश अचल

देश में आजकल लेटरल एन्ट्री विवाद का मुद्दा है। ये मुद्दा बंगाल के बलात्कार काण्ड पर भी भारी पड़ गया है। लेटरल एन्ट्री यानि किसी भी सिस्टम में पिछवाड़े से प्रवेश करना कहा जाता है। ये सिस्टम उतना ही पुराना है जितनी मानव सभ्यता। आप यदि थोड़ा सा अन्वेषण करेंगे तो आपको इस पिछवाड़ा प्रवेश के तमाम उदाहरण मिल जाएंगे। लेटरल एन्ट्री एक सुरक्षित उपक्रम है। हमारे यहां घरों से लेकर कानून और सियासत में एक न एक लेटरल एन्ट्री गेट होता ही है। और होना भी चाहिए।

घरों में लेटरल एन्ट्री आपातकाल के लिए बनाई जाती है। कानून में लेटरल एन्ट्री की व्यवस्था बचाव के लिए की गयी है और राजनीति में लेटरल ऐंट्री उन लोगों के लिए की गयी है जो या तो चुनाव नहीं लड़ सकते या फिर हार जाते है। हमारी संसद का उच्च सदन जिसे आप राज्य सभा के रूप में जानते हैं लेटरल एन्ट्री के जरिये ही सजाया जाता है। लेटरल एन्ट्री आखिर लेटरल ऐंन्ट्री है। उस पर सियासत होना भी चाहिए या नहीं, ये विवाद का एक नया विषय हो सकता है?

ताजा विवाद केंद्र सरकार द्वारा लेटरल एंट्री के जरिये 45 विशेषज्ञों की विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उपसचिव जैसे प्रमुख पदों पर नियुक्ति करने की घोषणा के बाद शुरू हुआ है। संघ लोक सेवा आयोग की सेवाओं में लेटरल एंट्री को लेकर सियासी सरगर्मी शुरू हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लेटरल एंट्री के माध्यम से भर्ती को लेकर केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। खड़गे ने दावा किया कि यह आरक्षण छीनकर संविधान को बदलने का ह्यभाजपाई चक्रव्यूह है। इससे पहले भी कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सरकार पर निशाना साधा था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि इससे आरक्षण खत्म हो जाएगा।

राज्य सभा में लेटरल एन्ट्री का विरोध इसलिए नहीं होता क्योंकि सभी राजनीतिक दल इसका लाभ उठाते हैं लेकिन नौकरशाही में लेटरल एन्ट्री पर हंगामा स्वाभाविक है। इसके जरिये सरकार अपनी पसंद के लोगों को महत्पूर्ण पदों पर विशेषज्ञ बनाकर बैठाती है। ये एक तरह का उपकार भी है और औजार भी। ब्यूरोक्रेसी में लेटरल एंट्री एक ऐसी प्रथा है जिसमें मध्य और वरिष्ठ स्तर के पदों को भरने के लिए पारंपरिक सरकारी सेवा संवर्गो के बाहर से व्यक्तियों की भर्ती की जाती है। नौकरशाही में लेटरल एंट्री औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान शुरू किया गया था, जिसमें 2018 में रिक्तियों के पहले सेट की घोषणा की गई थी। उम्मीदवारों को आमतौर पर प्रदर्शन के आधार पर संभावित विस्तार के साथ तीन से पांच साल तक के अनुबंध पर नियुक्त किया जाता है। इसका उद्देश्य बाहरी विशेषज्ञता का उपयोग करके जटिल शासन और नीति कार्यान्वयन चुनौतियों का समाधान करना है।

लेटरल एन्ट्री के दुष्परिणाम हाल हमें हम बांग्लादेश में देख चुके है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सरकार में इसी तरह से सभी महत्वपूर्ण पदों पर अपनी पार्टी के लोगों को न सिर्फ बैठा दिया था बल्कि उनके लिए बाकायदा आरक्षण की व्यवस्था कर दी थी। इसी व्यवस्था के फलस्वरूप बांग्लादेश में तख्ता पलट हो गया। हमारे यहां ऐसा असम्भव है क्योंकि हम सहनशील लोग है। हम अभी तक नीट पेपर लीक काण्ड पर शिक्षा मंत्री नहीं हटा पाए, सरकार तो क्या खाक हटाएंगे? आई वाश के रूप में परीक्षाएं करने वाली संस्था के एक पदाधिकारी की बलि जरूर ले ली गयी। सत्ता पक्ष अपने फैसले के समर्थन में कांग्रेस की सरकार के समय पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह और मोंटेक सिंह आहलूवालिया की वित्त सचिव और योजना आयोग में की गयी नियुक्तियों का हवाला देती है।

दरअसल मै तो इस मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार का अहसानमंद हूँ कि सरकार लेटरल एन्ट्री के जरिये केवल पांच साल के लिए नियुक्तियां कर रही है, अन्यथा सरकार चाहती तो उन्हें अगले 35 साल तक के लिए नियुक्त कर सकती थी, क्योंकि बकौल अमित शाह भाजपा अभी 35 साल और सत्ता में रहने वाली है। मुझे इस बात पर भी आपत्ति है कि कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष लेटरल एन्ट्री के मुद्दे पर सारी लड़ाई एक्स सोशल मीडिया एक्स पर लड़ रही है जबकि ये लड़ाई सोशल मीडिया पर नहीं, सड़क और अदालतों में लड़ी जाना चाहिए। जनता को यदि ये फैसला गलत लगता है तो जनता को अर्थात नौजवानों को ये लड़ाई अपने हाथ में लेना चाहिए, क्योंकि राजनीतिक दल इस लड़ाई के पात्र नहीं है। वे सब एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। अगर लेटरल एन्ट्री खराब व्यवस्था है तो इसे अदालत में भी चुनौती दी जाना चाहिए, अन्यथा तिल का ताड़ बनाने का कोई लाभ नहीं है।

मुझे क्या देश के अधिकांश लोगों को पता है कि भाजपा सरकार ने पिछले दस साल में तमाम विश्व विद्यालयों और नेशनल बुक ट्रस्ट जैसे तमाम संगठनों में संघ दक्ष लोग बैठा दिए हैं जो लगातार शिक्षा, समाज अर्थव्यवस्था और इतिहास के साथ ही विभिन्न कलाओं का संघीकरण करने में जुटे हैं। कांग्रेस और विपक्ष इन्हें रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है, पिछली सरकार तो भाजपा की ताकतवर सरकार थी, ये सरकार तो बैशाखियों पर टिकीं सरकार है, कमजोर सरकार है, लेकिन पूरे जोर-शोर से अपने हिडन एजेंडे पर काम कर रही है। मुझे नहीं लगता कि देश का कथित रूप से ताकतवर विपक्ष बैशाखा सरकार को सिस्टम में संघियों की लेटरल एन्ट्री को रोक पायेगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 21 अगस्त, 2024



# संक्षिप्त खबरें

## भारत बंद का समर्थन करेगी दलित सेना

इसुआपुर । अनुसूचित जाति, जनजाति के उप वर्गीकरण तथा आरक्षण के अन्य मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लिए गए असंवैधानिक निर्णय के विरोध में अनुसूचित जाति व जनजाति के विभिन्न संगठनों द्वारा 21 अगस्त 2024 को आहूत भारत बंद कार्यक्रम के समर्थन में दलित सेना भी शामिल होगा। इस आशय की जानकारी दलित सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रखंड के रामचौरा पंचायत के पूर्व मुखिया बिगन मांझी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। साथ ही कहा है कि दलित सेना इस आंदोलन में प्रदेश से लेकर जिला तथा प्रखंड स्तर तक बढ़-चढ़कर अपनी भागीदरी सुनिश्चित करेगी।

## सोंधी नदी में डूबने से बसडीला के युवक की मौत

माँझी। माँझी तथा कोपा थाना क्षेत्र की सीमा पर मरहा के समीप स्थित सोंधी नदी में सोमवार की रात बाइक से उछलकर गहरे पानी मे गिरकर डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कोपा थाना क्षेत्र के बसडीला गाँव निवासी नन्द किशोर राम के 19 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार राम के रूप में की गई है। घटनास्थल पर पहुँचे बदहवास परिजनों के रुदन क्रन्दन से वहाँ का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक सूरज अपने घर का एकलौता चिराग था। उसके पिता मजदूरी करते हैं। परिवार के भरण पोषण के लिए सूरज टोटो गाड़ी खरीदकर उसे चलाता था। सूरज टोटो गाड़ी की होने वाली आमदनी से अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सूरज की एक छोटी बहन अभी अविवाहित है। पिता नन्द किशोर राम तथा माँ का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

## अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन से गिरे व्यक्ति की हुई दर्दनाक मौत

बगहा। बगहा में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन से गिरे रेल यात्री की दर्दनाक मौत हो गईं है। मृतक की पहचान सीतामढ़ी जिलें के मेजरगंज डुमरी खुर्द निवासी राम बालक साह के रूप में हुईं है। दरअसल दिल्ली में मजदूरी कर रहा राम बालक रक्षाबंधन में अपनी बहन से राखी बंधवाने घर आया था इसी बीच सीतामढ़ी के बैरगनिया से पुनः मजदूरी करने दिल्ली जाने के दौरान शख़्स पानी भरने चलती ट्रेन से उतर रहा था तभी एकाएक उसका पैर फिसल जाने के दौरान यह हादसा हुआ, घटना पूर्व मध्य रेल के बगहा रेल्वे स्टेशन के समीप की है। इधर सूचना पर जीआरपी ने रेल यात्री के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। रेल प्रशासन की सूचना पर परिजन अस्पताल में पहुँचे हैं ।

## पुलिस ने भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब किया जब्त

छपरा ' पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में शराब सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण एवं परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने को लेकर कार्रवाई करते हुए गत 4 अगस्त से 19 अगस्त तक महासमकालीन अभियान जिला भर में चलाया गया। इस दौरान 145 कांड एवं 140 सनहा दर्ज किया गया, तथा कुल 349 अभियुक्तों को गिरफ्तारी के साथ 4834 लीटर देशी शराब, 3159.2 लीटर विदेशी शराब, 44.5 लीटर स्प्रीट बरामद किया गया ' जबकि इस अभियान में 31 मोटरसाईकिल, एक नाव , पिकअप 2, स्कार्पियों 1, ट्रक 1, टेम्पु 4, गैस सिलेन्डर 2, चूल्हा 1, नारियल का रस्सी 24 बंडल, मोबाईल 7 सेट , रिक्शा 1, मीठा 706 कि.ग्रा. एवं नगद 17,950 रुपए जब्त किया गया। इस अभियान में 55 शराब की भट्ठी को भी ध्वस्त कर लगभग 23000 लीटर अर्धनिर्मित शराब विनष्ट किया गया। इस आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय से दी गई ' जिसमें यह भी कहा गया कि शराब माफियाओं के विरुद्ध आगे भी पुलिसिया कार्रवाई जारी रहेगा ।

## भाषा के आह्वान पर 25 अगस्त तक डॉक्टर काला बिल्ला लगाकर करेंगे काम

बगहा। कलकत्ता में हुई महिला चिकित्सक हत्या के विरोध में बिहार में सभी सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक बांहों पर काली पट्टी लगा काम करेंगे। इसी क्रम में अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में भी चिकित्सको ने बांहों पर काली पट्टी लगाकर काम किया। जानकारी देते हुए अस्पताल चिकित्सक डा.तारिक नदीम ने बताया कि भाषा के आह्वान पर सभी सरकारी चिकित्सक हत्या के विरोध में मृत महिला चिकित्सक को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर 25 अगस्त तक काली पट्टी लगा काम करेंगे। इसके बावजूद अगर सरकार द्वारा कोई इंसाफ नहीं मिलता है या दोषियों के खिलाफ कोई करवाई नहीं होती है, तो भाषा द्वारा आगे का निर्णय लिया जाएगा।

# महत्वपूर्ण परियोजनाओं हेतु भू-अर्जन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

## विकास से संबंधित परियोजनाओं के लिये भू-अर्जन की प्रक्रिया को तेजी से करें पूरा : डीएम

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिला में क्रियान्वित की जा रही एवं प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने बैठक किया। निदेश दिया गया कि भारतमाला परियोजना, राम-जानकी पथ परियोजना के लिये भूर्जन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिये सभी संबंधित अंचलाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जिला में चार बाईपास सड़कों - छपरा बाईपास, रिविलगंज बाईपास, अमनौर बाईपास एवं गड़खा बाईपास का निर्माण का क्रियान्वयन कराया जा रहा है।सभी संबंधित अंचलाधिकारी जिला भू-अर्जन कार्यालय के समन्वय से इन सभी परियोजनाओं के लिये भू अर्जन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने में अपेक्षित एवं सक्रिय सहयोग देंगे।

मकेर, नगरा, रिविलगंज, पानापुर एवं इसुआपुर में नये प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन के निर्माण हेतु संबंधित अंचलाधिकारी प्राथमिकता से तीन-चार उपयुक्त स्थल चिन्हित करेंगे। जहाँ सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं होगी, वहाँ भू-अर्जन के माध्यम से जमीन ली जायेगी, इसके लिये अंचलाधिकारी उपयुक्त स्थल चिन्हित करें। अपर समाहर्त्ता की अध्यक्षता में एसडीओ एवं डीसीएलआर की एक समिति सभी चिन्हित स्थलों का भ्रमण कर उपयुक्त स्थल का प्रस्ताव देगी। प्रमंडलीय मुख्यालय में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाना है, इसके लिये भी कुछ स्थल चिन्हित किये गये हैं। भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर सभी चिन्हित जमीन की तुलनात्मक विवरणी विभिन्न महत्वपूर्ण पैरामीटर के आधार पर तैयार करेंगे। इसके बाद जो जमीन सबसे उपयुक्त पाई जायेगी, उसे फाइनल किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों के विकास हेतु जमीन की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण अवयव है। जिला में भविष्य में औद्योगिक विकास के उद्देश्य से सोनपुर में 250 एकड़ जमीन चिन्हित करने हेतु सीओ कार्रवाई करें। बैठक में अपर समाहर्त्ता, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, राजस्व शाखा प्रभारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता एवं अंचलाधिकारी जुड़े थे।

# लायंस क्लब ऑफ छपरा द्वारा वेद विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। इसुआपुर के वेद विद्यालय में लायंस क्लब ऑफ छपरा द्वारा आयोजित भव्य पौधारोपण कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया। इसुआपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ बीके सिंह, जिन्होंने कई दशकों तक जनकल्याण और मानव सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया, उनकी स्मृति में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 से अधिक पौधे उनके द्वारा संस्थापित वेद विद्यालय और फार्म गार्डन में लगाए गए। इस विशेष अवसर पर, वेद पाठशाला, इसुआपुर के 30 वेद विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण करते हुए पौधारोपण किया, जिससे वातावरण अद्वितीय रूप से पवित्र हो गया और ऐसा आभास हुआ जैसे धरती पर स्वर्ग उतर आया हो। लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. विकाश कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वेद पाठशाला में पौधारोपण करना क्लब के लिए बड़े सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यह स्थान वेद मंत्रों की पवित्र ध्वनि और ऊर्जा से सराबोर है, और यहां पौधारोपण करके हम प्रकृति के साथ आध्यात्मिक संबंध स्थापित कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ और लायंस क्लब ऑफ छपरा के उपाध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने की, जबकि उनके बड़े भाई और प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. प्रतीक कुमार सिंह ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्री सुशील कुमार वर्मा ने पूरे कार्यक्रम के दौरान अपनी ऊजार्वान उपस्थिति से सभी को प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, कैबिनेट कोषाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार संकल्प, रीजनल चेयरपर्सन डॉ. विक्की आनंद, डॉ. शर्मिला आनंद और क्लब के सचिव राकेश मिश्रा की उपस्थिति में नेवाजी टोला चौक पर पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह के समय किया गया।

# मोदी सरकार लेटरल एंट्री सिस्टम से देश के संविधान को कुचलने का काम कर रही है: डॉ रोहिणी

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण लोकसभा क्षेत्र से राजद गठबंधन की पूर्व प्रत्याशी डॉ रोहिणी आचार्य ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि केन्द्र की एनडीए हुकूमत बाबा साहब अम्बेडकर के लिखे संविधान और आरक्षण के साथ खिलवाड़ कर रही है। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने डॉ रोहिणी आचार्य के हवाले से बयान जारी कर कहा है कि संघ लोक सेवा आयोग में लेटरल एंट्री सिस्टम के तहत 31 लोगों का चयन एससी/एसटी/ईबीसी और ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण की हकमारी कर बाबा साहब के संविधान को कुचलने वाला फरमान बताया है। डॉ रोहिणी ने मोदी सरकार की कार्यशैली को अलोकतांत्रिक करार देते हुए कहा है कि लेटरल एंट्री सिस्टम से बिना क्अर की परीक्षा दिए 31 लोगों को सीनियर अधिकारी बना दिया गया जो भारतीय संविधान के मूल भावना के खिलाफ है। डॉ रोहिणी ने भाजपा सहित एनडीए के घटक दलों पर संविधान और लोकतंत्र का गलाघोंट एससी, एसटी, ईबीसी एवं ओबीसी के लोगों को मिलने वाले आरक्षण व संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रहे हजारों होनहार युवाओं के पीठ और सीने में खंजर भोंकने का काम किया है जिसे इंडिया गठबंधन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने मोदी सरकार को आगाह करते हुए कहा है कि अविलम्ब लेटरल एंट्री सिस्टम के तहत चयनित 31 लोगों की सूची को निरस्त करें अन्यथा सड़क से लेकर संसद तक विरोध झेलने को तैयार रहें। डॉ रोहिणी ने भाजपा की सहयोगी जदयू के शीर्ष नेतृत्व पर तंज कसते हुए जानना चाहा है कि क्या वह भाजपा के इस आरक्षण और संविधान विरोधी काले कारनामों में आपकी सहभागिता नहीं है ?

# नदी की तेज धार में फंसे 10 श्रद्धालुओं का एसएसबी के जवानों ने किया सफल रेस्क्यू



प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। सोमवार की देर शाम वाल्मीकि आश्रम के दर्शन करने आए 10 श्रद्धालुओं की जान उस वक़्त सांसत में फंस गई जब नदी पार करते समय अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया और उसकी तेज धार में फंसे श्रद्धालुओं को बहा ले जाने पर नदी आमदा दिखी। बतादें की वाल्मीकि आश्रम के दर्शन के बाद श्रद्धालु लौट रहे थे।लौटे समय तमसा नदी को पार कर रहे थे तभी नदी में तेज बहाव के साथ पानी का स्तर में वृद्धि हो गई जिससे सभी श्रद्धालु नदी में फंस गए।इस पर एसएसबी के एफ समवाय प्रभारी को सूचना प्राप्त हुई।सूचना प्राप्त होते ही तत्परता दिखाते हुए अपने बलकर्मियों के साथ नदी के पास पहुंचे और अदम्य साहस धैर्य व कुशलता का परिचय दिखाते हुए मानव श्रृंखला बना कर एवं उपलब्ध संसाधन का प्रयोग करते हुए सभी 10 श्रधालुओं को जिसमे (पुरुष - 08 महिला - 02) सकुशल रेस्क्यू कर बाहर निकल लिया गया।बतातें चलें कि 15 दिन पूर्व भी एसएसबी के जवानों ने इसी नदी में फंसे 69 श्रद्धालुओं की रेस्क्यू कर जान बचाई थी, जो सभी अखबारों की सुर्खियां बनी थी।

21 वीं वाहिनी एसएसबी की एफ समवाय यहां पर तैनात है जो हर पल सहायता हेतु तत्पर रहती है।

# विश्व मच्छर दिवस के मौके पर छात्राओं को वेक्टर रोगों के बारे में किया गया जागरूक

## हर साल 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है : डॉ हरेंद्र कुमार

- मानसून के दौरान मच्छरों का बढ़ जाता है प्रकोप
- सरकारी अस्पताल में है जाँच व इलाज की सुविधा

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया, विश्व मच्छर दिवस के मौके पर सरस्वती शिशु बालिका विद्या मंदिर, राज देवड़ी, बेतिया की छात्राओं को जिला मलेरिया कार्यालय के कर्मियों द्वारा वेक्टर रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। जिले के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ हरेंद्र कुमार ने बताया कि मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार, फाइलेरिया आदि से बचाव को लेकर जिले में जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान मच्छरों का प्रकोप कुछ ज्यादा ही बढ़ जाता है, वहीं समय पर इलाज नहीं मिलने से गंभीर बीमारियों का खतरा भी होता है। इसी के बारे में लोगों को जागरूक करने के मकसद से हर साल 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है व आम लोगों को मच्छरों से होने वाले खतरों के बारे में बताया जाता है, साथ ही उनसे कैसे बचा जाए, इसके भी उपाय बताए जाते हैं। भीबीडीएस प्रकाश कुमार, सुजीत कुमार ने बताया कि मच्छर के काटने से बचने के लिए साफ सफाई आवश्यक है, वहीं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग लाभदायक है। सरकारी अस्पताल में है जाँच व इलाज की सुविधाः वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ हरेंद्र कुमार ने बताया कि वेक्टर रोग होने पर इसकी जाँच व इलाज की सुविधाएं सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि डेंगू के लक्षण तेज बुखार, सिरदर्द, जी मिचलाना, थकान, उल्टी, मांसपेशियों में गंभीर दर्द होता है। वहीं मलेरिया एक खास तरह के परजीवी से होता है, जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से शरीर में प्रवेश कर जाता है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मलेरिया का ज्यादा खतरा होता है। मलेरिया के लक्षण में व्यक्ति को ठंड लगना शरीर में दर्द बुखार डायरिया तनाव व थकान खून की कमी चक्कर आना है। वहीं जिला मलेरिया ऑफिस में इस सम्बन्ध में जागरूकता को लेकर डॉ हरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मीटिंग की गई जिसमें भीडीसीओ रमेश मिश्रा, भीबीडीएस प्रकाश कुमार, सुजीत कुमार, डाटा ऑपरेटर स्टीफन कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# अंबेडकर ज्ञान मंच द्वारा रेप पीड़ित बेटियों के न्याय होते निकाला गया कैंडल मार्च

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल। अम्बेडकर ज्ञान मंच ने रक्षाबंधन के मौके पर देश की बहन बेटियों को न्याय दिलाने का संकल्प लेते हुए रक्सौल की नाबालिग लड़की के साथ हुए सामूहिक रेप, मुजफ्फरपुर की दलित लड़की व कोलकत्ता की डॉक्टर के साथ सामूहिक रेप के बाद नृशंस हत्या के खिलाफ कैंडल मार्च निकाल दुष्कर्मियों व हत्यारों को फांसी दिलाने की मांग की। इस मौके पर मंच के सदस्यों ने केंद्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में शहर के प्रधान पथ के अम्बेडकर चौक स्थित संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कैंडल मार्च निकाल सरकार और पुलिस प्रशासन से बहन बेटियों के सुरक्षा की मांग की तथा केंद्र व राज्य सरकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। यह विरोध मार्च अम्बेडकर चौक से शहर के प्रधान पथ होते कोइरिया टोला आदि मुख्य रास्ते से शहर का भ्रमण करते हुए रक्सौल की रेप पीड़िता मासूम बच्ची के बलात्कारियों को अविलंब गिरफ्तार करने तथा फरार आरोपियों के घरों को बुलडोजर से तोड़ने तथा मुजफ्फरपुर की दलित बालिका के साथ दिल्ली की निर्भया से भी विभत्स घटना को लेकर जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया।साथ ही बताया गया कि देश में दलित, आदिवासियों व महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहा है, जिसमें विफल सरकारों से इन्हें सुरक्षा देने की मांग करते हुए चेतावनी दिया गया कि अगर रक्सौल की रेप पीड़िता को न्याय तथा उचित मुआवजा नहीं मिला तो अम्बेडकर ज्ञान मंच चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।बता दें कि गत मई के चुनावी महीने में रक्सौल की एक तेरह वर्षीय मासूम लड़की के अपहरण के बाद उसे बंधक बना कुछ युवकों ने नशे का इंजेक्शन देकर चार दिनों तक बलात्कार किया तथा उसे बेहोशी की हालत में छोड़ फरार हो गए। बावजूद अभी तक इस जघन्य रेप कांड के मुख्य आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करने में विफल साबित हुई है। इस मामले को अंबेडकर ज्ञान मंच ने गंभीरता से लेते हुए सत्ता व विपक्षी नेताओं तथा शहर के स्वयंसेवी संगठनों व बुद्धिजीवियों की निष्क्रियता के बाद खुद मोर्चा संभाल लिया है। इस कैंडल मार्च में मंच के संस्थापक मुनेश राम, पूर्व प्रधानाध्यापक जगन राम, अनुमंडल अध्यक्ष प्रकाश कुमार पासवान, भाग्य नारायण साह, मनोज पासवान, नरेंद्र कुमार, छोटेलाल राम, ताराचंद राम, मुन्ना राम, पंकज पासवान, सोहन राम सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# खेत में मिला युवक का शव

प्रात : किरण, संवाददाता

परसा। दरियापुर थाना क्षेत्र स नगर पंचायत परसा बाजार के वार्ड 14 मोहम्मदपुर गांव के एक युवक की हत्या कर शव को मक्का की खेत में फेकने दिया गया।मक्का के खेत में शौच करने के लिए एक बच्चा खेत में गया।शव देख चिल्लाते हुए खेत से भगा और बच्चा के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।ग्रामीणों द्वारा मृतक युवक की पहचान दरियापुर थाना क्षेत्र स्व धर्मदेव ठाकुर का 32 बर्षीय पुत्र मुन्ना ठाकुर के रूप में किया गया।युवक की मौत की खबर पर भाई पहुँच शव की पहचान किया।भाई द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया।शव की सूचना मिलते ही दरियापुर पुलिस मौके पर पहुँच घटना की जानकारी परिजनों से लिया।पति की हत्या की खबर सुन पत्नी मालती देवी देवी सोनपुर थाना के सबलपुर दियरा मैके से चीख पुकार करते हुए घटना स्थल पहुँची।भूमि को लेकर हत्या करने की आरोप लगाई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि युवक मोहम्मदपुर विद्यालय के समीप सैलून चलता था।और परिजनों का भरण पोषण करता था।रक्षा बंधन के दिन 11 बजे तक दुकान चलाया और उसके बाद दुकान बंद कर दुकान से निकला।राखी बांधने के लिए बहन घर पहुँची।और दूरभाष पर सम्पर्क किया।फोन की रिंग बज रही थी लेकिन फोन रिसीव नही हुआ।जिसपर परिजन को शक संदेह हुआ।लेकिन बहन ससुराल जाने की बातों पर अयिकन करने लगी।रात्रि में भी बहन भाई राखी बांधने के लिए खोज बिन किया।लेकिन कोई सुराग नही मिला। और मंगलवार की अहले सुबह हत्या की जानकारी मिली।मृतक युवक के शरीर पर कई स्थानों पर जले का निशान है। शव को देखने से प्रतीत हो रहा था कि पूरे शरीर के अलग अलग भाग में बिजली के करेंट से घात किया गया है।ग्रामीणों के अनुसार बताया जाता था कि युवक की हत्या कर शरीर को बिजली की करेंट से जला दिया गया है ताकि लोग बिजली से मौत होने की आशंका जतायेगा।

# संस्कृत दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।श्रावणी पूर्णिमा के पावन अवसर पर जहां बहनें भाइयों की कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घ जीवन की कामना करती हैं और अपनी रक्षा का वचन लेती हैं और वैदिक विद्वान् श्रावणी उपाकर्म कर वेद अध्ययन का शुभारंभ करते हैं वहीं संस्कृत अनुरागी भारत की आत्मा संस्कृत की रक्षा के लिए संस्कृत दिवस मनाते हैं ।इसी भाव भूमि के परिपेक्ष्य में संस्कृत विभाग, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा ने लोक भाषा प्रचार समिति, भारत, बिहार शाखा और चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान, बिहार प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया ।आयोजन में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति और बहु विषय विशेषज्ञ आचार्य परमेंद्र कुमार बाजपेई थे। उन्होंने जहां एक और संस्कृत दिवस मनाने की उपयोगिता पर प्रकाश डाला वहीं केवल रटने और पढ़ने की स्थिति पर चिंता प्रकट की ।संस्कृत केवल पढ़ने के लिए नहीं बल्कि अपनाने और व्यवहार करवाने के लिए है। उन्होंने वेद से लेकर वैशेषिक दर्शन तक का उल्लेख करते हुए परमाणु तत्व, ईश्वर तत्व ,चरक और सुश्रुत संहिता की तंत्रयुक्ति के माध्यम से ग्रन्थों की प्रामाणिकता के संबंध में अपने विद्वत्ता और तथ्यपूर्ण व्याख्यान से श्रोताओं को झंकृत और आन्दोलित कर दिया । कुलपति वाजपेई ने चिन्ता और खेद व्यक्त करते हुए कहा कि सब से प्राचीन और समृद्ध भाषा होने पर भी नई शिक्षा नीति में पढ़ाने का भाषामाध्यम नहीं बन सकी। संस्कृत को लोक व्यवहार में आगे बढ़ाने पर बल दिया और संस्कृत के आचार्यों की कई कमियों की ओर सावधान करते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# धार्मिक परंपराओं के प्रति संकल्पित माता सती स्पोर्ट्स क्लब रसूलपुर के युवा पूर्वजों के विरासत को रखे हैं जिंदा

प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर। रसूलपुर के बाबा दुर्गेश्वर नाथ मंदिर में झूलनोत्सव के बीच हर साल संपन्न होने वाले सावन के अंतिम सोमवारी को हजारों श्रद्धालुओं के बीच मालपुआ का प्रसाद वितरण सम्पन्न हुआ ।चर्चित मालपुआ प्रसाद के निर्माण व वितरण का कार्य माता सती स्पोर्ट्स क्लब के युवाओं द्वारा अपने गांव के लोगों से सहयोग लेकर बहुत ही श्रद्धा के सम्पन्न किया ।साथ ही मौके पर पूर्व उपमुखिया चंद्रमा प्रसाद, समाजसेवी हरिहर प्रसाद, व हलवाई स्व जगलाल को श्रद्धा पूर्वक याद किया गया ।मालपुआ प्रसाद से जुड़ी यादों को शेयर करते फौजी अनिल दूबे ने बताया कि मंदिर में भोग लगने के बाद देर रात तक घर-घर घूम कर प्रसाद वितरण करने का कार्य किया जाता है। बहुत पहले से इस कार्य में शामिल रसूलपुर के 65 वर्षीय त्रिभुवन दुबे का कहना है कि हम लोगों के समय में स्वर्गीय त्रिलोकी मिश्रा एवं अन्य साथियों के साथ बहुत ही निष्ठा से यह कार्य किया जाता था जिसमें स्वर्गीय सूर्यनारायण मिश्रा कमलाकांत दुबे अनिरुद्ध तिवारी एवं पूर्व मुखिया भैरव प्रसाद का बहुत ही सहयोग रहता था। पूर्व उप मुखिया स्वर्गीय चंद्रमा प्रसाद के दिशा निर्देशन में हलुवाई जगलाल का प्रसिद्ध मालपुआ का बहुत दिनों तक भोग चढ़ा है बाबा दुर्गेश्वर नाथ को। आज के व्यस्त समय में भी नयी पीढ़ी के युवाओं द्वारा समय निकालकर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ इस कार्य को करते देख बहुत खुशी होती है।

# भाभी से नाजायज सम्बंध का विरोध करना पत्नी के जान पर पड़ा भारी



प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा में जहां भाभी से नाजायज सम्बन्ध का विरोध करना पत्नी की जान पर भारी पड़ा है। पति बबलू समेत ससुरालियों ने अनीता देवी को जहर देकर मौत के घाट उतार दिया है। मृतका के परिजनों का आरोप है की अनीता को पहले जहर दिया गया और बाद में उसकी गला दबाकर हत्या कर दीं गईं है। घटना के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं। दरअसल वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के पीपराकुट्टी गाँव निवासी बब्लू मुखिया से अनीता देवी की शादी करीब 9 वर्ष पूर्व हुईं थी जिसके बाद बबलू और अनीता से दो बच्चे भी हैं बावजूद इसके बबलू का अपनी भाभी के साथ अवैध सम्बन्ध था जिसको लेकर अनीता लगातार विरोध कर रहीं थी लिहाजा जयपुर गया बबलू तीन दिन पहले घर लौटा था और अनीता के नाम पर उसने बैंक से कर्ज लिया फिर बड़ी हीं चालाकी से घर वालों के साथ मिलकर उसे जहर दें दिया तबियत बिगड़ने पर अस्पताल लें गया फिर लौटने के बाद सोमवार की देर शाम अनीता का काम तमाम कर दिया । वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गईं है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लें लिया है और पुलिस पोस्टमार्टम समेत आगे की कार्रवाई में जुटी हुईं है। इधर मृतका के मासूम बच्चों समेत उसकी मां का रों रों कर बुरा हाल है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है तो आरोपी बबलू मुखिया अभी फरार है ।

# चाकूबाजी की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा ।शहर के भगवान बाजार थाना अंतर्गत भगवान बाजार चौक के समीप मामूली विवाद को लेकर हुई चाकू बाजी में एक युवक को चाकू से गोदकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया. जिससे पटना में उपचार के दौरान उसकी मौत हुई है. मृतक की पहचान छपरा शहर के भगवान बाजार थाना अंतर्गत कुली मंदिर के समीप मछरहट्टा मोहल्ला निवासी वीरेंद्र प्रसाद के 20 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार के रूप में की गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि सन्नी साइकिल से जा रहा था, उसी बीच शिव बाजार मोहल्ला निवासी गोलू के पैर पर साइकिल चढ़ गया.। जिसके बाद दोनों के बीच बहस और विवाद हुआ था और मामला शांत हो गया, लेकिन गोलू अपने घर और मोहल्ले वाले को सूचना देकर कुछ लोगों को बुला लिया और उन लोगों ने सनी को घेर कर उसके साथ मारपीट करने के बाद उसके शरीर पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिया. जिसके बाद वह लोग फरार हो गए और लहूलुहान स्थिति में सन्नी को परिवार वालों के द्वारा छपरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया. जहां पीएमसीएच में उपचार के दौरान उसकी आज सुबह मौत हुई है. वही उसके मौत की सूचना के बाद घर परिवार में मातम पसरा हुआ है। इस मामले में मृतक के पिता ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर उसके पुत्र सन्नी को शिव बाजार मोहल्ला निवासी चंदन एवं गोलू के द्वारा अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर चाकू से गोद कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था, जिसकी मौत पीएमसीएच में हुई है. फिलहाल पीएमसीएच में पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया चल रही है. वही इस मामले में भगवान बाजार थाना अध्यक्ष सुभाष कुमार ने बताया कि बीती रात्रि साइकिल से धक्का लगने को विवाद को लेकर गोलू और सन्नी के बीच विवाद के बाद झगड़ा हुआ था जिसके बाद गोलू के द्वारा मोहल्लेवासियों और घर वालों को बुलाकर सन्नी के ऊपर चाकू से हमला किया गया था. गंभीर स्थिति में सन्नी को पीएमसीएच रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हुई है. वहीं पुलिस मामले की जांच कर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा को लेकर हुई बैठक

बिक्रमगंज (रोहतास) शहर के रेलवे स्टेशन समीप सदाफल आश्रम पर राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा को लेकर बैठक की गई। जिस बैठक में नगर के इंटर स्तरीय कॉलेज खेल मैदान में 26 अगस्त को होने वाले संत श्री विज्ञानदेव जी महाराज के सानिध्य में कन्याकुमारी से काश्मीर तक राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा के लिए विचार विमर्श को लेकर बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ बैठक में उपस्थित सभी गुरुभाई को अलग-अलग कार्यभार दिया गया। मौके पर रामधनी सिंह, राम पुकार सिंह, सियाराम सिंह, लालचंद पटेल, छोटू पटेल सहित सैकड़ों गुरुभाई मौजूद थे।

### 26 अगस्त को मनेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

बिक्रमगंज (रोहतास) सनातन धर्म में भगवान श्रीकृष्ण की उपासना का विशेष महत्व बताया गया है। बता दें कि प्रत्येक वर्ष भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बांके बिहारी जी की उपासना की जाती है और व्रत का पालन किया जाता है। इस दिन मध्य रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण की उपासना का विधान बताया गया है। जानकारों के मुताबिक भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 26 अगस्त को सुबह 3:40 बजे शुरू हो रही है और इस तिथि का समापन 27 अगस्त रात्रि 2:20 बजे होगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण की उपासना मध्य रात्रि अर्थात निशिता काल में की जाती है। इसलिए यह पर्व 26 अगस्त सोमवार के दिन मनाया जाएगा। वहीं इस व्रत का पारण 27 अगस्त को किया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर निशिता काल का समय 26 अगस्त की रात्रि 12:05 बजे से मध्य रात्रि 12:45 बजे के बीच रहेगा। भक्तों को पूजा के लिए 40 से 45 मिनट का समय मिलेगा। जानकारों का कहना है कि वहीं स्थान के अनुसार भी शुभ-मुहूर्त में परिवर्तन हो सकता है।

### बिहार कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष बनें विशाल

सासाराम (रोहतास) बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी में ओबीसी विभाग के चेयरमैन अनुराग चन्दन ने विशाल मल्होत्रा पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। विशाल ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद तथा ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग चन्दन जी के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए कहा की मेरा अथक प्रयास होगा की मैं अध्यक्ष महोदय की आशाओं पर खरा उतरूं साथ ही देश के युवाओं की पहली पसंद हम सभी के नेता राहुल गाँधी जी तथा बिहार प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश प्रसाद के सड़क से लेकर सदन तक के संघर्ष में उनकी आवाज को अधिक बुलंद करने में अपना सहयोग दे सकें। विशाल के मनोनयन पर उनके समर्थकों में खुशी की लहार है।

### शराबी को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर ग्रामीणों का हमला

परसा। परसा सिवान स्टेट मार्ग 73 पर सगुनी महतो टोला के समीप रात्रि गस्ती में निकली पुलिस गांव में पीकर हंगामा कर रहे युवक को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर आक्रोशित हो ग्रामीण एक जुट होकर ईट पत्थर से हमला बोल दिए और जिसमे पुलिस पदाधिकारी पी एस आई सीतालाल गुप्ता सहित दो सैप जवान जख्मी हो गए। वही पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। त्वरित करवाई करते हुए परसा पुलिस ने दो महिला समेत चार लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिसिया करवाई तेज कर दी गई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सगुनी महतो टोला में विजय महतो दारू पीकर हंगामा कर रहा था।

### महम्मदपुर पंचायत के पूर्वमुखिया के निधन पर शोक

पानापुर(सारण) महम्मदपुर पंचायत के पूर्व मुखिया रामविनोद साह की मंगलवार की सुबह हृदयगति रुकने से मौत हो गयी। 67 वर्षीय दिवंगत पूर्व मुखिया वर्ष 2001 से 2006 एवं 2011 से 2016 तक महम्मदपुर पंचायत के मुखिया रहे थे। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गयी। शोक व्यक्त करनेवालों में तरैया विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्यसचेतक जनक सिंह, जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर, प्रमुख प्रतिनिधि मोनू सिंह, माले नेता सह पूर्व मुखिया सभापति राय, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गिरी, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा, सुरेंद्र पंडित, पूर्व मुखिया धनंजय कुमार सिंह, अनिल कुमार, मौलाद्दीन, जलेश्वर मांझी, पैक्स अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह उर्फ शंभु सिंह सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल हैं।

# डेंगू को लेकर डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की अंतरविभागीय बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



गया। गया जिला में डेंगू और चिकनगुनिया रोग के संभावित प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जरूरी तैयारी कर ली है। डेंगू रोग की रोकथाम के लिए जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में विभागीय बैठक की गयी है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह, डीपीएम नीलेश कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलांस मेडिकल अफसर डॉ कुणाल, डीआईओ डॉ राजीव अंबष्ट, यूनिसेफ से संजय कुमार, जिला शिक्षा विभाग, जिला पंचायती राज विभाग, विभिन्न प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, आइसीडीएस तथा अन्य विभागों से पदाधिकारी शामिल हुए हैं। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक ने पावर प्रिजेंटेशन के माध्यम से बताया कि वर्ष 2024 में डेंगू के 33 मामले प्रतिवेदित हुए हैं। डेंगू का सबसे अधिक मामला गया शहरी क्षेत्र में मिला है। यहां ग्यारह मामले डेंगू के प्रतिवेदित हुए हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 22 मरीज प्रतिवेदित हुए हैं। सभी मरीज पूरी तरह सुरक्षित हैं। जिला के विभिन्न प्रखंडों के तीस गांव—टोलों को डेंगू प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। डेंगू प्रतिवेदित मरीज के घर के आसपास फॉगिंग शहरी क्षेत्र में नगर निगम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। डीएम ने निर्देश दिया है सितंबर एव अक्टूबर माह में डेंगू के मामले आने की पूरी संभवना रहती है। स्लम एरिया में जहां भी सुअर पालन या जल जमाव है, वहां विशेष रूप से दवाओं का छिड़काव एव फोगिंग करवाये। नियमित जांच की व्यवस्था दुरुस्त रखे और जांच किट की कोई कमी नहीं है, किट का भरपूर प्रयोग करें। प्लेटलेट्स की पूरी व्यवस्था एव उपलब्धता रखें। ब्लीचिंग पाउडर, एन्टी लार्वा, एन्टी फोगिंग का पूरा इस्तेमाल करें। बाजार एरिया में भी नियमित फोगिंग करवाये। डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए जागरूकता लायी जा रही है। इसके लिए शहर के प्रमुख जगहों पर जागरूकता बैनर लगाए गए हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थानों के परिसर तथा प्रमुख स्थानों पर बैनर लगाया गया है। स्कूलों में विद्यार्थियों को डेंगू के प्रति जागरूकता लाने के लिए वेक्टर जनित नियंत्रण पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी जा रही है। डेंगू लार्वा की खोज के लिए जिले में डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर के रूप में प्रत्येक प्रखंड में पांच आशा फैसिलिटेटर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आशा फैसिलिटेटर घर—घर जाकर डेंगू लार्वा की खोज करेंगी एंव निरोधात्मक उपाय करेंगी। जिला अंतर्गत सदर अस्पताल में एलिसा एनएस1 से जांच की जा रही है। डेंगू एंव चिकनगुनिया नियंत्रणार्थ कार्यक्रमों के संचालन एवं अनुश्रवण के लिए एक नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही डेंगू कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर 8294235135 है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी के नेतृत्व में आठ सदस्यीय रैपिड रिस्पांस टीम तैयार किया गया है। जयप्रकाश नाराण अस्पताल के दो लैब टेक्नीशियन को डेंगू का एलिसा रीडर से जांच के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। डेंगू मरीजों के उपचार के लिए जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कुल 116 डेडीकेटेड बेड एवं मेडिकल कॉलेज में 96 बेड उपलब्ध हैं। जयप्रकाश नारायण अस्पताल और जयप्रभा अस्पताल में डेंगू मरीज के बेड के लिए 10—10 मेडिकेटेड मच्छरदानी दिया गया है।

## घर से दूर होकर भी बहनों की कमी महसूस नहीं हुई मुझे : उप विकास आयुक्त

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। रक्षाबंधन के दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके दीघार्यु होने की कामना करती हैं, बदले में भाई भी अपनी बहनों को वचन देते हैं कि वे हमेशा उनकी रक्षा करेंगे। आज रक्षाबंधन के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उप विकास आयुक्त भोजपुर ने जिले वासियों के बीच सामाजिक समरसता का संदेश देने कार्य किया। सम्बंधों की पवित्रता, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की सुरक्षा के संकल्प के साथ सांस्कृतिक संबंधों के प्रतीक ' रक्षाबंधन पर्व' को इस वर्ष अपनी बहनों के साथ मनाया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आज मैं अपने घर से दूर हूं लेकिन मुझे बहनों की कमी महसूस नहीं होती, यह रक्षाबंधन का पर्व आप सभी बहनों के जीवन में सौभाग्य लाए, समाज में सद्भाव, सौहार्द व सहयोग की भावना जगाए। आप सभी बहने उन्नति के पथ पर अग्रसर हों और सशक्त बनें। हमारा सहयोग और आशीर्वाद हमेशा आप के साथ है। इस मौके पर शिवांगी सोनी, अनुप्रिया सिंह, रानी तिवारी, मासूम राय और अदिति गुप्ता ने विकासआयुक्त, भोजपुर के कार्यालय में आकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। अनुप्रिया सिंह ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम सब किन्नर होते हुए भी अपने जिले के उप विकास आयुक्त को अपना बड़ा भाई मानकर उनकी कलाई पर राखी बांधकर इस त्यौहार को मानते है। हम अपने बड़े भाई की लंबी उम्र और अच्छे स्वस्थ की कामना करते है और ईश्वर से प्रार्थना करते है कि वे हमेशा नए कृतिमान स्थापित करे।

रक्षाबंधान के इस मौके पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय आरा के छात्राओं ने भी उप विकास आयुक्त के कलाई पर राखी बंधा कर इस त्यौहार को मनाया। विद्यालय की कई बहनों ने उप विकास आयुक्त को पत्र लिखकर इस त्यौहार को साथ में मनाने के लिए आमंत्रित भी किया था। देर शाम पहुंचकर उप विकास आयुक्त ने बहनों से राखी बंधवाया। भाई– बहन का रिश्ता, रिश्ता ही होता है चाहे अपना हो या पराया। इस वाक्य को पूरा किया। विद्यालय के शिक्षिका ने कहा कि सर के आने का इंतजार बहने बहुत देर से कर रही थी और उनको उम्मीद भी थी कि सर आयेंगे। सर के आने से आज का त्यौहार विद्यालय में एक पर्व की तरह मनाया गया।

## मच्छर जनित रोगों से हर साल दुनिया में लाखों लोगों की मौत हो जाती है : सिविल सर्जन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। सिविल सर्जन कार्यालय में सीएस डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विश्व मच्छर दिवस मनाया गया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मियों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों मसलन फाइलेरिया, डेंगू, कालाजार, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि के बारे में बताया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने बताया कि मच्छर दुनिया के सबसे खतरनाक कीटों में से एक हैं। इनके काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, जीका वायरस और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ध्यान न देने पर ये बीमारियां जानलेवा भी साबित हो सकती है। मच्छर जनित रोगों से हर साल दुनिया में लाखों लोगों की मौत हो जाती है। एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2010 में अफ्रीका में सबसे ज्यादा मौतें मच्छरों के काटने से हुई थी। इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को इन्हीं खतरनाक बीमारियों के प्रति सचेत करना है और मच्छरों से बचाव के तरीकों के बारे में बताना है।

**तेजी से उभर रहा है डेंगू का प्रकोप :** एसीएमओ सह प्रभारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि भोजपुर समेत पूरे देश में मच्छरों का प्रभाव देखा जाए तो, पिछले दो सालों में डेंगू, चिकनगुनिया, लिम्फैटिक फाइलेरिया और लीशमनियासिस जैसी प्रमुख वेक्टर जनित बीमारियों में कमी आई है। लेकिन, इन सभी वेक्टर जनित बीमारियों में से डेंगू ही एक ऐसी बीमारी है जो तेजी से उभर रहा है और इसका प्रकोप सबसे ज्यादा है। उन्होंने बताया कि मच्छरों से होने वाले खतरों के साथ ही ये भी जानना जरूरी है कि ये खतरनाक कीट हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को सुचारू रूप से चलाने में बहुत ही अहम भूमिका निभाते हैं। पूरी तरह के इनका खात्मा करने से पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे कई तरह के खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए हम लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों पर ध्यान देने की सलाह देते हैं।

**बरसात में सावधानी बरतने की जरूरत :** एसीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि बरसात के दिनों में मच्छरों का आतंक बढ़ जाता है। इस मौसम में मच्छर के काटने से कई बीमारियां पनपती हैं। इनमें डेंगू, मलेरिया, जीका वायरस और चिकनगुनिया शामिल हैं। खासकर, डेंगू और मलेरिया से अधिक बचाव जरूरी है। इसलिए इस दौरान सावधानी बरतने की जरूरत है। हमें अपने घर एवं आस–पास मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। डेंगू–चिकनगुनिया मच्छर साफ पानी में पनपते हैं। इसलिए पानी के बर्तन एवं घर के पानी टंकी को ढक कर रखना चाहिए। घर के आसपास साफ–सफाई रखें। मच्छरदानी के अंदर ही सोये क्योंकि एडिस मच्छर दिन में ही काटते हैं इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले वस्त्र धारण करें।

## भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 80वीं जयंती सह श्रधांजलि सभा का आयोजन किया

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 80वीं जयंती सह श्रधांजलि सभा भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम जी के नेतृत्व में पार्टी मुख्यालय शहीद भवन आरा में पूर्वाहन 11 बजे आयोजित किया गया। श्रधांजलि सभा के बाद स्वर्गीय राजीव जी जीवनी और उपलब्धियों पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को सम्बोन्धित भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने लोकप्रिय नेता, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वर्गीय राजीव जी गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सद्भाव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति, समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान, पंचायती राज संस्थाओं को बढ़ावा देने और महिलाओं के राष्ट्र निर्माण के लिए एक प्रतीक के रूप मे याद किए जाते हैं। यह दिन हमें उनके आदर्शों के प्रति खुद को फिर से समर्पित करने का अवसर प्रदान करता है। कांग्रेस उनके दूर दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध हैं। जयंती समारोह सह श्रधांजलि सभा में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अशोक राम, सत्य प्रकाश राय, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, श्रीधर तिवारी, रतन धमालिया, घनश्याम उपाध्याय, अशोक यादव, प्रेम प्रकाश पांडेय, राकेश त्रिपाठी, नागेंद्र मिश्रा, अब्दुल सलाम कुरैशी, राजेश जी, अरबिंद सिंह, गोपाल कृष्ण गोखले, शिव शंकर चौबे, रविन्द्र कुमार रवि, सूरज राम सहित दर्जनों नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजस्व कर्मचारी का शराब पार्टी करते का वीडियो वायरल मामले में भोजपुर डीएम ने किया निलंबित

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में कुछ लोग बैठकर पार्टी करते नजर आ रहे थे। उनमें से एक शख्स की पहचान कोइलवर अंचल के राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार के रूप में हुई। राजस्व कर्मचारी के पास ग्लास में रखे शराब को लेकर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और वीडियो में दावा किया गया कि राजस्व कर्मचारी पार्टी के दौरान शराब पी रहे हैं।

कोइलवर अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी का शराब पार्टी करते का वीडियो वायरल मामले में भोजपुर डीएम ने संज्ञान लेते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मालूम हो कि बिहार में साल 2016 से पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है। इस कानून के लागू होने के बाद बिहार में शराब बेचना, या सेवन करना कानूनी अपराध है। बावजूद इसके शराब के शौकीन लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। आम लोगों की तो बात ही छोड़ दें सरकारी कर्मचारी ही अक्सर शराबबंदी कानून का माखौल उड़ाते नजर आते हैं। संबंधित अधिकारी ने पार्टी करने वाले राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार से स्पष्टीकरण मांगा था। राजस्व कर्मचारी द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर डीएम ने आरोप को सही पाते हुए राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। डीएम के इस एक्शन के बाद जिले के अन्य सरकारी कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया है।

## जिलाधिकारी से विधायक के नेतृत्व में मिला शिष्यमंडल

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ(गोपगुट) भोजपुर की एक शिष्टमंडलीय वार्ता जगदीशपुर के विधायक राम विशुन सिंह लोहिया के सकारात्मक पहल पर भोजपुर के जिला पदाधिकारी राजकुमार से हुई। शिष्टमंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह बिमल ने किया। जिला पदाधिकारी ने संघ के पदाधिकारियों की विभिन्न मांगे जिसमें से मुख्य रूप से जिले के कोषागार चयनित शिक्षकों का 15% एरियर का भुगतान करने, ई पी एफ कटौती नियमित रूप से करने, बेसिक ग्रेड में कार्यरत नियोजित शिक्षकों का स्नातक ग्रेड ने प्रोन्नति करने, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अहिरपुरवा, आरा नगर का सरकारी जमीन पर नया भवन निर्माण करने, दो पालियों में चलने वाले विद्यालयों का समय पूर्व की भांति 6:30 से 11:30 करने, अपर मुख्य सचिव के आदेशानुसार प्रत्येक विद्यालय में संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से नियुक्त निरीक्षण कर्मियों के द्वारा विद्यालय कीट, दवाइयां, पुस्तकें, डायरी आदि भेजवाने की व्यवस्था करने, उदवंतनगर प्रखंड में वार्षिक मूल्यांकन के पश्चात दीक्षांत समारोह में हुए व्यय का भुगतान करने, अनिल कुमार आजमनगर, गड़हनी के शिक्षक का निरीक्षणकर्ता शंभू कुमार द्वारा गलत तरीके से काटे गए वेतन का भुगतान करने, जिले के नियोजित शिक्षकों की सेवा पुस्तिका अद्यतन करने सहित अन्य मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर से वार्ता की एवं शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल वार्ता में जिला सचिव धर्म कुमार राम, केदार नाथ सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह एवं अनिल कुमार सिंह थे।

## भाजपा नेता आनंद रमन उर्फ रमन सिंह ने शोकाकुल परिवारों से किया मुलाकात

### शोकाकुल परिवार को मुआवजे को लेकर किया जिलाधिकारी से मुलाकात

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। आरा मझौआ हवाई अड्डे पर विगत दिनों एक घटना हुई थी जिस घटना के दौरान तीन नवजात युवा बच्चों की डूब जाने से मौत हो गई थी।

मौत के बाद भारतीय जनता पार्टी ( युवा मोर्चा ) के पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं भाजपा नेता आनंद रमन उर्फ रमन सिंह ने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात किया था मुलाकात के बाद सभी परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया था। उसी कड़ी में भाजपा नेता आनंद रमन उर्फ रमन सिंह ने आज भोजपुर जिला के जिला अधिकारी राजकुमार से मुलाकात किया और उन परिवारों को मिलने वाले मुआवजे के लिए बात करते हुए उन्होंने आरा के केंद्रीय विद्यालय को दो शिफ्ट में संचालन करने के लिए ज्ञापन भी सौंपा। भाजपा नेता ने कहा एनडीए की सरकार हमारे बिहार में डबल इंजन की सरकार है और इस सरकार में जनता से जुड़ी हर समस्या को समाधान करने का प्रयासरत रहूंगा। पीड़ित परिवारों में पिपरपाती निवासी श्री बासुकिनाथ पांडेय के सुपुत्र अनिकेश पांडेय मझौआ से समरेंद्र सिंह के पुत्र शुभम कुमार एवं अरविंद कुमार शुक्ल के सुपुत्र अतुल कुमार शुक्ल इस दुर्घटना में शामिल हैं।

## इंसानियत : ऑटो में छूटे दस्तावेज को ड्राइवर ने स्टूडेंट को खोज वापस किया

प्रात: किरण संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। हमारे देश में प्रतिदिन हजारों लोगों का सामान भूल जाता है और मिलता नहीं। इसमें से बहुत सारे लोग सामान की चोरी कर यात्रियों को परेशान में डाल देते हैं। उसमें कुछ अच्छे लोग भी होते हैं, जो दूसरों की मदद करना अपना ईमान समझते हैं। उसी में से एक है आरिफ मोहम्मद, जो बस्तीपुर डेहरी के रहने वाला नेक इंसान हैं। बीती रात इनके टोटो टेंपो से अमरा तिलौथू के रवि रंजन कुमार अपने सारे सामान और डॉक्यूमेंट के साथ अपने तिलौथू से डेहरी तक जा रहे थे, जल्दीबाजी में अपना सारा डॉक्यूमेंट का बैग फाइल टेंपू में ही छोड़ कर आगे की बस पकड़ लिए। टेंपू ड्राइवर आरिफ ने आधा घंटा इंतजार किया तिलौथू स्टैंड में ही की कोई आए खोजते खोजते तो उसे वापस कर दूंगा, बहुत इंतजार के बाद भी जब कोई नहीं वापस आया, तो वे अपने घर डेहरी चले गए, बैग फाइल का फोटो लिए और संदेश लिख कर दो व्हाटासप ग्रुप में शेयर किए, की जिनका भी ही आकार ले जाएं, थोड़ी देर बाद फाइल खोलकर उन्होंने डॉक्यूमेंट की तलाशी ली, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पता मोबाइल नंबर भी मिला। उक्त नंबर पर कॉल करने के बाद रवि रंजन कुमार, जो कि खुद 2 घंटे से परेशान थे, उनके जीवन की सारी कमाई और सारा डॉक्युमेंट्स भूल चुका था। फोन पर जानकारी मिलते ही वे बसतीपुर डेहरी पुनः वापस आकर आरिफ को गले लगाया, बहुत बहुत धन्यवाद किए और एक नेक इंसान से मिलकर उन्होंने सेल्फी भी ली।

## जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता को लेकर डीएम ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) जिलास्तरीय 1 से 5 सितंबर तक न्यू स्टेडियम फजलगंज में विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024 का होगा आयोजन। जिसकी तैयारी को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार और बिक्रमगंज के अनुमंडल पदाधिकारी श्री अनिल बसाक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। वहीं बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, शिक्षा तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इस संबंध में कल सभी प्राचार्य, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा खेल शिक्षकों की बैठक अपने-अपने प्रखंडों में बुलाई जाए। उन्होंने कहा कि सभी 285 विद्यालयों में बैनर के माध्यम से सभी 18 खेल विधाओं के बारे में छात्र–छात्राओं को जानकारी दी जाए तथा उस बैनर पर एक व्हाट्सएप नंबर भी अंकित किया जाए, जिस पर खेल में शामिल होने वाले इच्छुक छात्र–छात्राएं अपना नाम दर्ज करवा सकें। उन्होंने सबसे पहले सभी स्कूलों से खेल विधावार सूची तैयार करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जिला स्तर पर एक चयन समिति का निर्माण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि वैसे शारीरिक शिक्षक जोकि दो–तीन वर्षो से ज्यादा समय से पदस्थापित हैं, उन्हें इस चयन समिति में शामिल न किया जाए। उन्होंने चयन समिति को पूरी तरीके से पारदर्शी और स्वच्छ बनाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने खेल स्थल पर चेंजिंग रूम, शौचालय तथा पानी की उत्तम व्यवस्था करने निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिलेभर के विभिन्न विद्यालयों से हजारों बच्चे–बच्चियां यहां आएंगे। ऐसे में उन्होंने विधि व्यवस्था संधारण के लिए खेल प्रतियोगिता के दौरान आरक्षियों की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। उन्होंने खेल स्थल पर दो एंबुलेंस, मेडिकल कैंप, पैथोलॉजी आदि की समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो बच्चे राज्य स्तर पर पदक जीतकर आएंगे, उनके प्राचार्य और शारीरिक शिक्षक को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उनका नाम सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के लिए भी नामित किया जाएगा। उन्होंने आरसीडी और नगर निगम को सम्मिलित रूप से खेल मैदान के समतलीकरण और साफ सफाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बारिश की आशंका को देखते हुए खिलाड़ियों के लिए शेड बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी खेल विधाओं को तिथिवार तरीके से जल्द से जल्द बांटने का निर्देश दिया है। उन्होंने फुटबॉल, हॉकी और क्रिकेट जैसे खेलों को किसी अलग खेल मैदान में कराने का निर्देश दिया है। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024 में कुल 18 खेल विधाओं को शामिल किया गया है, जिसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, खो–खो, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती, भारोत्तोलन, ताइक्वांडो, रग्बी, बास्केटबॉल, शतरंज, हॉकी, बॉक्सिंग, योगा, क्रिकेट, वुशु शामिल हैं। इस खेल प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 में बच्चे बच्चियों शामिल होंगी। जिस खेल का आयोजन न्यू स्टेडियम फजलगंज, खेल भवन, मल्टीपरपज हॉल, बास्केटबॉल कोर्ट और वॉलीबॉल कोर्ट में किया जाएगा। फुटबॉल, क्रिकेट और हॉकी के लिए खेल स्थल का चयन जल्द ही किया जाएगा।

## विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं तेजी : जिलाधिकारी



बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुयी। बैठक में विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं तथा किए जा रहे विभिन्न कार्यो की गहन समीक्षा की गयी। इस बैठक में जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ ही सभी एसडीओ, बीडीओ, बीपीआरओ, सीओ, पीओ (मनरेगा) सहित अन्य अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

जिला समन्वय समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने बीडीओ, सीओ सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं तथा लंबित कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीडीओ, बीपीआरओ, सीओ अपने–अपने कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मियों पर नजर बनाकर रखेंगे तथा उनके द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करेंगे। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि सभी अधिकारियों का प्रयास यह होना चाहिए कि विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ संबंधित व्यक्तियों को समय पर मिल जाय। उन्हें बेवजह परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि कार्यो का निष्पादन विधिसम्मत तरीके से कराना सुनिश्चित किया जाय। सरकार एवं जिला प्रशासन की छवि किसी भी सूरत में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। ऐसा करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि दाखिल–खारिज सहित राजस्व के अन्य कार्यो को पूर्ण पारदर्शी तरीके से त्वरित गति से निष्पादित कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही संभावित बाढ़ आपदा के मद्देनजर संबंधित कार्यपालक अभियंता के साथ नदियों के तटों का निरीक्षण भी करेंगे एवं आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अंचलाधिकारी अपने–अपने मोबाईल नंबर को हमेशा फंक्शनल रखेंगे ताकि सूचनाओं के आदान–प्रदान में परेशानी नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करने में तत्परता दिखाएं। योजनाओं की कार्य प्रगति की लगातार समीक्षा करें एवं निरीक्षण करें।

## अमन और शांति का पैगाम देने वाली भाषा है उर्दू : जिलाधिकारी

बेतिया(घनश्याम)। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, उर्दू निदेशालय, पटना के तत्वाधान में जिला उर्दू भाषा कोषांग, पश्चिम चंपारण, बेतिया द्वारा उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, पश्चिम चंपारण दिनेश कुमार राय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में जिला के विभिन्न प्रखंडों के अलग–अलग शिक्षण संस्थानों से मैट्रिक, इंटर तथा स्नातक में पढ़ने वाले उर्दू भाषा के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन बेतिया प्रखंड में पदस्थापित उर्दू अनुवादक श्री मोहम्मद मोहियुद्दीन अशरफी ने किया। उर्दू निदेशालय द्वारा इस प्रतियोगिता हेतु मैट्रिक/समकक्ष स्तर के विद्यार्थियों के लिए नज्म और रुबाईः–तारीफ व तौजीह, इंटर स्तर के लिए फन अफसाना निगारीः– एक जायजा तथा स्नातक स्तर के लिए नाविल निगारीः– आगाज व इरतका विषयों पर छात्रों एवं छात्रओं ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सबसे पहले मैट्रिक/समकक्ष स्तर के कुल 32 छात्रों/छात्राओं ने निर्धारित विषय पर अपना–अपना पक्ष रखा, इसके बाद इंटर/समकक्ष स्तर के कुल 15 विद्यार्थियों ने उनके लिए निर्धारित विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। उसके बाद स्नातक स्तर के कुल 24 विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित विषय पर वाद–विवाद की प्रस्तुति दी गई।



# द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का ट्रेलर जारी, दोहरी भूमिका में हैं थलापति विजय

साउथ इंडियन स्टार थलापति विजय की अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का शनिवार 17 अगस्त को एक्शन-फुल ट्रेलर रिलीज हो गया। विजय ने 15 अगस्त को अपने फैंस से फिल्म का ट्रेलर शनिवार को रिलीज करने का वादा किया था। विजय एक बार फिर एक्शन मोड में हैं। उनकी पिछली फिल्म 'लियो' में भी विजय इसी रूप में नजर आए थे। विजय फिल्म में बाप और बेटे का रोल प्ले करते दिख रहे हैं। विजय बाप वाले रोल में एक ऐसे इंडियन एजेंट हैं, जिन्होंने 68 सफल ऑपरेशन किए हैं। विजय फिल्म में बाप और बेटे का रोल प्ले करते दिख रहे हैं। विजय बाप वाले रोल में एक ऐसे इंडियन एजेंट हैं, जिन्होंने 68 सफल ऑपरेशन किए हैं। ये सब जानकारी देते हुए एक किरदार कहता है कि कम से कम शब्दों में कहा जाए तो वे ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम है। इसके बाद हमें ट्रेलर में विजय मारधाड़ करते हुए दिखते हैं और फिर उन्हें कुछ हल्की-फुल्की कॉमेडी करते हुए देखा जाता है। विजय दोनों रोल में दुश्मनों से लोहा ले रहे हैं। विजय को जवान दिखाने के लिए एआई टूल का इस्तेमाल किया गया है। फिल्म को वेंकट प्रभु ने निर्देशित किया है। फिल्म को युवान शंकर राजा ने संगीतबद्ध किया है। सिद्धार्थ नूनी ने सिनेमैटोग्राफी की है। फिल्म में थलापति विजय के साथ प्रशांत, प्रभु देवा, अजमल अमीर, मोहन, जयराम, स्नेहा और लैला के भी अहम रोल हैं। फिल्म को एएसजी एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। 300 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म का निर्माण प्रोड्यूसर कलापति एस अघोरम, कलापित एस गणेश और कलापति एस सुरेश ने किया है। आगामी 5 सितम्बर को प्रदर्शित होने वाली थलापति विजय की यह 68वीं फिल्म है और इसे पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किए जाने की सम्भावना है। हालांकि ट्रेलर में इस बात की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है कि विजय अभिनीत यह फिल्म पैन इंडिया रिलीज होगी या नहीं। यह सम्भावना इसलिए प्रकट की जा रही है क्योंकि विजय की पिछली दोनों फिल्में जिनमें लियो भी शामिल है को पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किया गया था। इन फिल्मों को हिन्दी भाषी दर्शकों ने भी काफी तादाद में पसन्द किया था।



# प्रियंका की राह चलने वाली हैं परिणीति

परिणीति चोपड़ा हिंदी सिनेमा की जान-पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने करियर में कई बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत ही एक बेहद सफल फिल्म इश्कजादे से की थी। हाल में ही वो इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में नजर आईं। इस फिल्म के लिए उन्हें काफी सराहना भी मिली थी। इन दिनों अभिनेत्री यूनाइटेड किंगडम में छुट्टियां मना रही हैं। इस बीच अभिनेत्री ने एक बड़ी इच्छा भी जताई है। परिणीति चोपड़ा को एक बहुमुखी अभिनय क्षमता वाली अभिनेत्री के रूप में देखा जाता है। हाल में ही ईस्टर्न आई के साथ एक इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी भारतीय सिनेमा के अलावा वेस्ट की फिल्मों में काम करने को लेकर सोचा है। इस पर उन्होंने उत्साह जताते हुए कहा कि वो वहां काम करने के लिए इच्छुक हैं और अवसर तलाश रही हैं। अभिनेत्री ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, ओह, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। क्यों नहीं? दरअसल, मैं वाकई यूके में काम करना चाहती हूं और अवसरों की तलाश कर रही हूं। इसमें मेरी बहुत दिलचस्पी होगी, शायद हॉलीवुड जितना वेस्ट नहीं, लेकिन यूके में ही कुछ रचनात्मक करना चाहूंगी। गौरतलब है कि अभिनेत्री की बहन प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड में भी काम नाम कमा चुकी हैं। अपने करियर को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि वो अब उस पड़ाव पर हैं, जहां मात्रा से ज्यादा वो गुणवत्ता को प्राथमिकता देना पसंद करती हैं। उन्होंने कहा कि भले ही गुणवत्ता की वजह से उन्हें सिर्फ एक ही फिल्म करनी पड़े, लेकिन वो फिल्म उन्हें अंदर से उत्साहित करनी चाहिए, जैसे अमर सिंह चमकीला ने किया था। परिणीति ने आगे कहा कि उन्होंने दो साल पहले चमकीला की थी। उनकी सबसे बड़ी सीख है ऐसी भूमिकाएं करना, जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से उत्साहित करती हैं, जिनमें होमवर्क करना पड़े और जो लोगों के दिलों को छूए। बताते चलें कि परिणीति आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ पंजाबी गायक सह अभिनेता दिलजीत दोसांझ भी नजर आए थे। इस बायोग्राफिकल ड्रामा में पंजाब के दिवंगत गायक की कहानी दिखाई गई थी, जो रिकॉर्डतोड़ गीतों के लिए जाने जाते थे। फिल्म इस साल ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों और फिल्म समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इसके बाद से उन्होंने किसी और फिल्म की घोषणा नहीं की है।



# वॉर 2 के सेट पर घायल हुए जूनियर एनटीआर!

**साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दूसरी ओर वे बॉलीवुड फिल्म वॉर 2 को लेकर भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ इस फिल्म में नजर आएंगे, जिसकी शूटिंग वे पहले ही शुरू कर चुके हैं। हालांकि, अब अभिनेता को लेकर परेशान करने वाली खबर सामने आई है। फिल्म की शूटिंग अभी चल रही है, वहीं इस बीच एक खबर आई है कि जूनियर एनटीआर सेट पर घायल हो गए हैं।**

रिपोर्ट्स के अनुसार, जूनियर एनटीआर एक एक्शन सीन की तैयारी कर रहे थे, तभी उनके हाथ में चोट लग गई। इसके चलते उन्हें दो महीने आराम करने की सलाह दी गई है। खबर है कि इस वजह से मुंबई शेड्यूल आगे खिसक गया है। जूनियर एनटीआर के साथ सीन अब अक्तूबर में उनके ठीक होने के बाद शूट किया जाएगा। इसका मतलब है कि यह सीन उनकी फिल्म देवरा की रिलीज के बाद फिल्माया जाएगा। देवरा 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता फिल्म में अपने एंट्री सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे थे, जिसमें उन्हें एक्शन सीन शूट करना था। हालांकि, चोट लगने के कारण वह सेट हटा दिया गया है और अब वे अक्तूबर में दोबारा शूटिंग शुरू करेंगे। ऐसे में अब वॉर 2 की शूटिंग में आगे खिसक गई है। वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ अभिनेत्री कियारा आडवाणी भी हैं, जो फिल्म में एक्शन करती दिखेंगी। ऋतिक और कियारा अपने एंट्री सीन्स की शूटिंग कर चुके हैं। वॉर 2 वाईआरएफ द्वारा बनाई गई स्पाई दुनिया की छठी फिल्म होगी। इससे पहले आई फिल्मों में एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है , वॉर, पठान और टाइगर 3 शामिल हैं। यह फिल्म अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित है। फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म भारत के स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले 14 अगस्त, 2025 को बड़े पर्दे पर आने वाली है।

# कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनना चाहती हैं शरवरी



शरवरी वाघ इन दिनों अपनी फिल्म वेदा की वजह से चर्चा में हैं। फिल्म में उनके किरदार की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें किस तरह की फिल्में पसंद हैं। शरवरी के मुताबिक वह एक बेहतरीन कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनना जरूर पसंद करेंगी। शरवरी ने अपनी शुरुआत साल 2020 में वॉर ड्रामा सीरीज द फॉरगॉटन आर्मी - आजादी के लिए से अपनी शुरुआत की थी। उसके बाद उन्होंने कॉमेडी फिल्म बंटी और बबली 2, हॉरर कॉमेडी मुंजा और पीरियड ड्रामा फिल्म महाराज में काम किया। हालिया बातचीत के दौरान शरवरी ने कहा कि कॉमेडी एक ऐसी शैली है जो उनके दिल के काफी ज्यादा करीब है।

## अभिनेत्री को पसंद है कॉमेडी

साक्षात्कार में शरवरी ने कहा, मेरी पसंदीदा शैली कॉमेडी है। अंदाज अपना अपना, हेराफेरी, दे दना दन जैसी कॉमेडी फिल्में मुझे पसंद हैं। इस तरह की फिल्मों में मैं जरूर काम करना चाहूंगी। मुझे उम्मीद है कि एक दिन मैं और भी बेहतरीन कॉमेडी फिल्में भी कर सकूंगी।

# कैमरे के आगे ही नहीं, पीछे भी कमाल करती हैं फातिमा सना शेख, फोटोग्राफी का है जुनून



आमिर खान की फिल्म 'दंगल' से बॉलीवुड में मशहूर होने वाली अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' पर फोटोग्राफी के प्रति अपने जुनून के बारे में बताया। फिल्मी पर्दे पर फातिमा को उनकी अदाकारी के लिए पहचाना जाता है, लेकिन अभिनय के अलावा फातिमा को फोटोग्राफी से भी प्यार है। उन्हें दुनिया को कैमरे में कैद करने में मजा आता है।

फोटोग्राफी करती है अधिक जागरूक

अभिनेत्री ने कहा, 'मेरे लिए फोटोग्राफी, समय में पलों और भावनाओं को रोकने का एक तरीका है। जब मेरे हाथ में कैमरा होता है तो मैं अपने आस-पास के बारे में अधिक जागरूक होती हूं। मैं उन चीजों को नोटिस करती हूं जो मैं सामान्य तौर पर नहीं कर पाती। पल, हाव-भाव, चेहरे। मुझे लोगों की तस्वीरें लेना बहुत पसंद है! उनकी आंखें और हाथ बहुत कुछ बता देते हैं।' फातिमा सना शेख अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटोग्राफी साझा करती रहती हैं। उनके प्रशंसकों को उनकी फोटोग्राफी काफी पसंद आती है। भावना और रचनात्मकता से भरपूर उनकी तस्वीरें कला से उनके गहरे जुड़ाव को दिखाती हैं। इससे पता चलता है कि उनकी प्रतिभा कैमरे के सामने और पीछे दोनों ही जगहों पर समान रूप से बेहतर है।

## फातिमा सना शेख का वर्क फ्रंट

फातिमा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म मेट्रो इन दिनों में अली फजल के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी और कोंकणा सेन शर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म इस साल 29 मार्च को सिनेमाघरों में आने वाली थी लेकिन अब यह 29 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी।



# कन्नड़ फिल्मों को नहीं मिलती ओटीटी पर जगह

ऋषभ शेट्टी फिल्म कंतारा में अभिनय और निर्देशन के बाद पैन इंडिया स्टार बन गए। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड को तोड़ा। साथ ही अब शुक्रवार, 16 अगस्त को एक्शन थ्रिलर में एक्टर के प्रदर्शन के लिए 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में बेस्ट एक्टर का खिताब भी जीता। इस अवॉर्ड के मिलने के बाद एक्टर ने एक इंटरव्यू में बताया कि कसे कन्नड़ फिल्मों को ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर जगह नहीं मिलती और उन मूवीज को यूट्यूब पर डालने के लिए मजबूर किया जाता है। ऋषभ शेट्टी ने अपनी बड़ी जीत पर खुशी व्यक्त की और अपनी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कन्नड़ फिल्मों की दुर्दशा के बारे में बताया कि उन्हें ओटीटी प्लेटफार्मों पर जगह नहीं मिलती है और उन्हें YouTube पर डालने के लिए मजबूर किया जाता है। एक्टर ने कन्नड़ निर्माताओं को अपनी फिल्मों के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म खोजने में आने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि उनकी फिल्में फेस्टिवल्स पर प्रीमियर होती हैं और पुरस्कार जीतती हैं, लेकिन उन्हें कोई प्लेटफार्मों नहीं मिलता। इस वजह से, उन्हें ऐसी फिल्मों के लिए कोई रिकवरी नहीं मिलती। उन्होंने कहा, ओटीटी प्लेटफॉर्म कन्नड़ कंटेंट नहीं खरीदते हैं, इसलिए हमें इसे YouTube चैनलों पर डालने के लिए मजबूर होना पड़ता है। मैं इससे तंग आ चुका हूं। हमें ऐसी फिल्मों से कोई रिकवरी नहीं मिलती है।

## नेशनल अवॉर्ड मिलने पर बोले शेट्टी

कंतारा ने संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली कैटगरी में भी बेस्ट पॉप्युलर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड भी जीता। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, अभिनेता ने कहा कि उन्हें न तो पुरस्कार जीतने की उम्मीद थी और न ही इसे जीतने के बारे में उत्साहित थे। मैं बस अपना काम करता हूं, लेकिन कंतारा की जीत का श्रेय इसमें शामिल हर टीम के सदस्य को जाना चाहिए। मैं इसका सिर्फ एक चेहरा हूं, लेकिन बहुत सारे टेक्नीशियन थे जिन्होंने फिल्म के लिए अपना बेस्ट दिया। मैं उनकी ओर से लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। उनकी ही बदौलत ये फिल्म पैन इंडिया बनी।

# पैन इंडिया फिल्म में नजर आ सकते हैं आमिर



आमिर खान बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी फिल्म रिलीज होने का प्रशंसक ही क्या सेलेब्स भी इंतजार करते हैं, क्योंकि उनकी फिल्में हर बार अनोखी और शानदार होती हैं। यही वजह है कि आमिर खान बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहलाते हैं क्योंकि वह जो भी काम करते हैं बिल्कुल परफेक्ट करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर जल्द ही साउथ निर्देशक लोकेश कनगराज और माइथ्री मूवी मेकर्स की आगामी परियोजना में नजर आ सकते हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स और निर्देशक लोकेश के साथ आमिर अपनी अगली पैन-इंडिया फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। साउथ निर्देशकर लोकेश कनगराज, जिन्होंने थलापति विजय, कमल हासन, रजनीकांत, सूर्या जैसे कई बड़े अभिनेताओं के साथ कई बेहतरीन फिल्में निर्देशित की हैं। उन्होंने अपने आमिर खान के साथ अपनी आगामी परियोजना के बारे में जानकारी साझा की है। लोकेश ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आमिर, लोकेश और माइथ्री मूवी मेकर्स एक साथ आ रहे हैं। ये एक पैन इंडिया फिल्म है। इस पैन इंडिया फिल्म के लिए जल्द ही आमिर, लोकेश और माइथ्री मूवी मेकर्स जल्द ही फिल्म की आधिकारिक घोषणा करेंगे। गौरतलब है कि आमिर की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। लाल सिंह चड्ढा के बाद वो किसी भी फिल्म में नहीं दिखे हैं। उनके प्रशंसकों को उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार रहता है। ऐसे में सामने लोकेश के साथ आमिर के कोलैबोरेशन की खबर ने प्रशंसकों को बेहद उत्साहित कर दिया है।




# चढ़ने लगे सोने-चांदी के भाव सस्ता होने की नहीं है कोई उम्मीद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों में आज सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। सोना जहां 261 रुपये महंगा खुला वहीं, चांदी ने 1003 रुपये की छलांग लगाई है। दूसरी ओर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत बैठक के मिनट्स जारी होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की चर्चा से पहले मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स में आज सोने की कीमत सपाट खुली।

**सर्राफा मार्केट का हाल-** सर्राफा मार्केट में आज 24 कैरेट सोना 71369 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 1003 रुपये प्रति किलो चढ़कर 84294 रुपये पर पहुंच गई है। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुतबिक 23 कैरेट सोना अब 71083 रुपये, 22 कैरेट सोना 65374 रुपये, 18 कैरेट गोल्ड 53527 रुपये और 14 कैरेट सोना 41751 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला।

**एमसीएक्स पर किस भाव बिक रहा सोना-** एमसीएक्स पर सोने का रेट आज 71,530 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला और ओपनिंग बेल के कुछ ही मिनटों के भीतर 71,597 के इंट्राडे को छू गया। इस इंट्राडे हाई पर चढ़ते हुए एमसीएक्स पर आज सोने की कीमत अपने ऑल टाइम हाई 74,732 रुपये प्रति 10 ग्राम से लगभग 3,000 रुपये दूर थी। सोना 11-50 बजे के करीब यह 0.22 पर्सेंट नीचे 71426 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का क्मेंया रहा भाव- ग्लोबल मार्केट में हाजिर सोने की कीमतें करीब 2,500 डॉलर प्रति औंस हैं। शुक्रवार को जैक्सन होल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के भाषण में नीतिगत दरों में कटौती की घोषणा की 82 प्रतिशत संभावना है।

**बाय-ऑन-डिप्स रणनीति बनाए रखें-** एक्सपर्ट्स ने सोने के निवेशकों को तब तक बाय-ऑन-डिप्स रणनीति बनाए रखने की सलाह दी है, जब तक कि सोने की हाजिर कीमत 2,480 डॉलर से ऊपर न हो जाए और एमसीएक्स गोल्ड रेट 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर न हो जाए।

लाइव मिंट के मुताबिक गोल्ड आउटलुक के बारे में पूछे जाने पर एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी एंड करेंसी के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा, इस हफ्ते फेड की बैठक के मिनट सोने की कीमत रैली को और दिशा देंगे, जो 2500-2515 के क्षेत्र में रेजिस्टेंट का सामना कर सकता है और 2480-2470 डॉलर पर सपोर्ट के साथ कुल मिलाकर ट्रेंड सोने के लिए सकारात्मक है।

## संक्षिप्त समाचार

### घरेलू हवाई यातायात जुलाई में सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.29 करोड़ पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने जुलाई में 1.29 करोड़ से अधिक यात्रियों को मंजिल तक पहुंचाया, जो सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। हालांकि, जुलाई में हवाई यातायात इस साल जून की तुलना में कम था, जब 1.32 करोड़ यात्रियों ने उड़ान भरी थी।
इंडिगो ने घरेलू हवाई यातायात क्षेत्र पर अपना दबदबा जारी रखा और जुलाई में इसकी बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 62 प्रतिशत हो गई। दूसरी



ओर एयर इंडिया की हिस्सेदारी घटकर 14.3 प्रतिशत रह गई। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने विस्तारा की घरेलू बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई। एआईएक्स कनेक्ट और स्पाइसजेट की हिस्सेदारी घटकर क्रमश: 4.5 प्रतिशत और 3.1 प्रतिशत रह गई। इसके अलावा, अकासा एयर और अलायंस एयर की हिस्सेदारी क्रमश: 4.7 प्रतिशत और 0.9 प्रतिशत तक गिर गई। डीजीसीए ने कहा, ''जनवरी-जुलाई, 2024 के दौरान घरेलू एयरलाइंस ने 923.35 लाख लोगों को यात्रा कराई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 881.94 लाख था। इस तरह यात्रियों की संख्या में 4.70 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि और 7.33 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्ज की गई।''

### रिलायंस, टाइटन समेत पांच बड़ी कंपनियों ने निकाले 52 हजार कर्मचारी; खुदरा क्षेत्र में भारी छंटनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी के बीच कमजोर मांग के कारण खुदरा क्षेत्र की पांच बड़ी कंपनियों ने 2023-24 में 52,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कंपनियों की ताजा सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, यह संख्या पांचों फर्मों की संयुक्त श्रमबल का 17 फीसदी है। छंटनी करने वाली कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल, टाटा समूह की टाइटन, रेमंड, पेज इंडस्ट्रीज और स्पेन्सर शामिल हैं। कुल छंटनी में रिलायंस रिटेल की हिस्सेदारी सर्वाधिक रही। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष के दौरान 38,029 लोगों की छंटनी की। रिलायंस इंडस्ट्रीज की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस रिटेल के कर्मचारियों की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में घटकर 2,07,552 रह गई। 2022-23 के दौरान कंपनी के पास 2,45,581 कर्चमारी थे। टाइटन के कर्मचारियों की संख्या 2022-23 के 26,104 से घटकर 2023-24 में 17,535 रह गई। इस तरह, कंपनी ने बीते वित्त वर्ष के दौरान 8,569 लोगों को नौकरी से निकाला। ?पेज इंडस्ट्रीज के कर्मचारियों की संख्या में भी 4,217 की कमी देखने को मिली है। ? 2022-23 में कंपनी के पास 26,781 कर्मचारी थे, जिनकी संख्या 2023-24 में कम होकर 22,564 रह गई। उधर, रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ कुमार राजगोपालन ने कहा, जुलाई, 2024 में खुदरा क्षेत्र की बिक्री में एक साल पहले की तुलना में 2 फीसदी की मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। ?

**एक दर्जन सूचीबद्ध कंपनियों में भी 26,000 छंटनी-** एक दर्जन सूचीबद्ध लाइफस्टाइल, ग्रॉसरी रिटेलर्स और क्विक सर्विस रेस्टोरेंट्स ने बीते वित्त वर्ष अपने श्रम बल में 26,000 की कटौती की है। इन खुदरा विक्रेताओं के पास 2022-23 में कुल 4.55 लाख कर्मचारी थे, जिनकी संख्या 2023-24 में घटकर 4.29 लाख रह गई।

# 2259 पर जा सकता है पतंजलि का शेयर, एक्सपर्ट्स बोले-खरीदो

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स के शेयर की कीमत पिछले तीन महीनों में करीब 25 प्रतिशत उछले हैं। ब्रोकरेज फर्म सिस्टमैटिक्स इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने बाय रेटिंग के साथ कवरेज शुरू किया है और 2,259 रुपये का टार्गेट प्राइस तय किया है। यानी यह टार्गेट प्राइस बीएसई पर मंगलवार के शुरुआती मूल्य 1800.05 रुपये प्रति शेयर से 25 प्रतिशत की उछाल का संकेत दे रहा है।




ब्रोकरेज हाउस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पतंजलि फूड्स का रेवेन्यू 40,000 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है और वित्त वर्ष 2027 तक 8.5 प्रतिशत मार्जिन हासिल करने की उम्मीद है। ब्रोकरेज हाउस द्वारा कंपनी का मूल्य वित्तीय वर्ष 2026 की अनुमानित आय का 40 गुना है, जो अपने एफएमसीजी साथियों की तुलना में 20 प्रतिशत छूट का प्रतिनिधित्व करता है।

सिस्टेमैटिक्स का अनुमान है कि कंपनी एफएमसीजी सेक्टर के भीतर शानदार ग्रोथ हासिल करेगी, जो अपनी प्रोडक्ट चेन और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क दोनों के विस्तार से प्रेरित है। मार्जिन और रिटर्न रेशियो में सुधार जारी रहने की उम्मीद है। पतंजलि फूड्स के शेयर की कीमत सोमवार के सेशन में 52-सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो बीएसई पर 1,844 रुपये पर थी। जबकि, पतंजलि फूड्स का शेयर 1,812.85 रुपये के इंट्राडे हाई और 1,778.10 रुपये के इंट्राडे लो पर पहुंच गया। ब्रोकरेज के मुताबिक कंपनी की ग्रोथ ब्रांडेड टेक्चर्ड वाले सोया प्रोटीन सेक्टर में लीडर होने के कारण बढ़ी है। कंपनी के फूड और एचपीसी पोर्टफोलियो के साथ तालमेल को मजबूत किया गया है। पतंजलि समूह के मजबूत प्रमोटर वंशावली, न्यूट्रेला ब्रांड के माध्यम से हाई मार्जिन प्रीमियम फूड पोर्टफोलियो में सुधार, उच्च मार्जिन न्यूट्रास्यूटिकल्स पोर्टफोलियो में ग्रोथ को गति देना तथा मास, वैल्यू और प्रीमियम मार्केट सेगमेंट में मौजूद होना है।

कंपनी एफएमसीजी और फास्ट मूविंग हेल्थ गुड्स बाजारों में एक बड़ी, बहुमुखी बहुराष्ट्रीय कंपनी है। फर्म भारत भर में 25 प्रोसेसिंग प्लांट्स (जिनमें से 19 काम कर रहे हैं) संचालित करती है और प्रमुख मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटीज के अलावा 43 कांट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट है। कंपनी के पास अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम ऑपरेशन का अच्छा संतुलन है और यह पाम और सोया वैल्यू चेन में सक्रिय है।

# आईपीओ से चमकी 'भारत के एलन मस्क' भाविश अग्रवाल की किस्मत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के सीईओ भाविश अग्रवाल की किस्मत इस समय चमक रही है। कंपनी के आईपीओ को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। सपाट लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयरों तेजी देखने को मिली है। उनकी कंपनी में कुल हिस्सेदारी 30.02 प्रतिशत की है। कंपनी की शेयर बाजार लिस्टिंग के बाद उनकी नेटवर्थ मंगलवार के उच्चतम स्तर 21000 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गई।

आईपीओ के लिए कंपनी ने 72 से 76 रुपये का प्राइस बैंड तय किया था। बीएसई में आज कंपनी के शेयर 154 रुपये पर खुलने के बाद 157.53 रुपये के आल टाइम हाई पर पहुँच गया। जोकि इश्यू प्राइस से दोगुना है। हालांकि इसके बाद कंपनी के शेयरों में नरमी देखने को मिली है।

लिस्टिंग के बाद भाविश अग्रवाल के पास ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के कुल 1,32,39,60,029 शेयर थे। आज के दिन के उच्चतम स्तर पर शेयर पहुंचने के बाद उनकी नेटवर्थ 83.87 रुपये के एक्सचेंज रेट पर 20,856 करोड़ रुपये हो गई थी। बता दें, आईपीओ के वक्त भाविश अग्रवाल ने कुल 288 करोड़ रुपये के शेयर भी बेचे थे। अगर उसे भी मिला दें तो उनकी कुल नेटवर्थ 21,144 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था।

### 76 हजार 293 करोड़ की बकाया वसूली में सेबी नाकाम


**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूंजी बाजार नियामक सेबी विभिन्न प्रयासों के बावजूद 76,293 करोड़ की बकाया राशि को वसूलने में नाकाम रहा है। यह रकम पिछले साल की तुलना में चार फीसदी बढ़ गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 2023-24 की अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा, 31 मार्च, 2024 तक वसूली में मुश्किल (डीटीआर) के रूप में 807 मामलों की पहचान की गई है। इन पर 76,293 करोड़ बकाया है। 2023 में 73,287 करोड़ के 692 मामलों की पहचान की गई थी। इन 807 मामलों में 36 राज्य की अदालतों, एनसीएलटी व एनसीएलएटी में चल रही कार्यवाही के कारण लंबित हैं।

# अदाणी समूह का कर पूर्व लाभ जून तिमाही में 33 प्रतिशत बढ़ा

## शुद्ध मुनाफा 50 प्रतिशत ज्यादा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जाने माने उद्योगपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाले समूह ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में कर-पूर्व लाभ में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसका कारण मुख्य बुनियादी ढांचा कारोबार के साथ-साथ सौर और पवन विनिर्माण से लेकर हवाईअड्डों तक के उभरते कारोबारों का मजबूत प्रदर्शन है। समूह ने एक बयान में कहा, पहली तिमाही में कर पूर्व लाभ(ईबीआईटीडीए) सालाना आधार पर 32.87 प्रतिशत बढ़कर 22,570 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले 12 महीनों (टीटीएम) का ईबीआईटीडीए 79,180 करोड़ रुपये रहा, जो उससे पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 45.13 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में समूह का शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 10,279 करोड़ रुपये रहा। समूह ने कहा, लगातार बढ़ता ईबीआईटीडीए मुख्य रूप से समूह के अत्यधिक स्थिर और मजबूत 'मुख्य बुनियादी ढांचा' मंच के कारण है।



मुख्य बुनियादी ढांचा मंच में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रमुख बुनियादी ढांचा कारोबार, उपयोगिता (अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी पावर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अदाणी टोटल गैस) और परिवहन (अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड) कारोबार हैं।

अदाणी एंटरप्राइजेज का ईबीआईटीडीए अप्रैल-जून में 46 प्रतिशत बढ़कर 4,487 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 1,776 करोड़ रुपये पहुंच गया।

नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी का जून तिमाही में ईबीआईटीडीए 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,866 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ लगभग दोगुना होकर 629 करोड़ रुपये रहा। अदाणी पावर का लाभ जून तिमाही में 54 प्रतिशत बढ़कर 3,490 करोड़ रुपये हो गया, जबकि अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड का लाभ 47 प्रतिशत बढ़कर 3,107 करोड़ रुपये हो गया।

लाभ में सबसे कम वृद्धि सिटी गैस वितरण कंपनी अदाणी टोटल गैस लिमिटेड में हुई। कंपनी ने 14.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 172 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के अंतर्गत आने वाली उभरती इन्फ्रा कंपनियां (अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हवाई अड्डे और सड़कें) कुल वृद्धि में सबसे आगे रही। इसमें ईबीआईटीडीए 70 प्रतिशत बढ़कर 2,991 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी ने कहा ईबीआईटीडीए के अनुपात में शुद्ध कर्ज भी कई साल के निचले स्तर पर आ गया है।

# तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक ने सली एस नायर को एमडी और सीईओ के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की



**मुंबई, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के प्रसिद्ध बैंकों में से एक तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक (टीएमबी) ने श्री सली एस नायर को मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के तौर पर नियुक्त करने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति बैंक में उनके कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्षों के लिए प्रभावी होगी। अपनी नियुक्ति पर श्री सली ने कहा, ''तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक के लिए ऐसे महत्वपूर्ण समय में यह भूमिका निभाना मेरे लिए वाकई बड़े सम्मान की बात है। मैं अपने पूर्ववर्तियों द्वारा रखी गई मजबूत नींव पर निर्माण करने और बैंक की रणनीतिक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए बोर्ड, प्रबंधन टीम और सभी कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।'' श्री सली को बैंकिंग और वित्तीय सेवा उद्योग में 35 से अधिक वर्षों का व्यापक अनुभव है और उनका सफलता का एक प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड है।

इस नियुक्ति से पहले, उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक में उप प्रबंध निदेशक और मुख्य ऋण अधिकारी के रूप में कार्य किया। श्री सली एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उन्होंने अपना बैंकिंग करियर वर्ष 1987 में शुरू किया जब वे भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में शामिल हुए। पिछले 35 वर्षों के दौरान, श्री सली ने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यभार संभाला है। उन्होंने ज्यादातर कॉरपोरेट अकाउंट समूह में, रिलायंस (मुकेश समूह) और एस्सार समूह के अलग-अलग समूहों सहित बड़े कॉरपोरेट्स से संबंधित कार्यदायित्व को संभाला है।

# वी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया 'वी गारंटी' प्रोग्राम

## ● एक साल के लिए सभी 5जी एवं नए 4जी स्मार्टफोन उपभोक्ताओं के लिए 130 जीबी गारंटीड एक्स्ट्रा डेटा

**भोपाल।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने प्रीपेड यूज़र्स के लिए लिमिटेड पीरियड ऑफर 'वी गारंटी प्रोग्राम' का लॉन्च किया है। यह नई पहल सभी 5जी एवं नए 4जी स्मार्टफोन उपभोक्ताओं को बिना किसी रूकावट के हाई स्पीड डेटा उपलब्ध कराएगी।

वी के यूज़र एक साल के लिए 130 जीबी गारंटीड एक्स्ट्रा डेटा ओवर का लाभ उठा सकेंगे, यानि लगातार 13 सायकल्स के लिए हर 28वें दिन 10 जीबी डेटा उनके अकाउन्ट में ऑटोमेटिकली क्रेडिट हो जाएगा। इस एक्स्ट्रा डेटा ऑफर का लाभ उठाने के लिए वी के यूज़र्स को रु 299 या अधिक का डेली डेटा अनलिमिटेड प्लान लेना होगा। यूज़र मौजूदा डेटा कोटा खत्म होने के बाद ही इस एक्स्ट्रा डेटा का उपयोग कर सकेंगे। यह ऑफर वी के उन उपभोक्ताओं के लिए वैद्य है जिनके पास 5जी स्मार्टफोन है या जिन्होंने हाल में नए 4जी स्मार्टफोन पर अपग्रेड किया है। भारत के ज़्यादातर स्मार्टफोन यूज़र पर्याप्त मात्रा में डेटा न मिलने के कारण अपनी 4 जी/ 5 जी मोबाइल डिवाइसेज़ की पूर्ण क्षमता का लाभ नहीं उठा सकते। इस ऑफर के साथ वे डेटा कोटा खत्म हो जाने पर भी अपने पसंदीदा कंटेंट का लुत्फ़ उठा सकेंगे। वी गारंटी कोटा के साथ वे बिना किसी अतिरिक्त लागत के डेटा का लाभ उठा सकेंगे।

क्विता नडकरणी, क्लस्टर बिज़नेस हैड, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़, वोडाफ़ोन आइडिया ने कहा, ''हम अपने उपभोक्ताओं के लिए डिजिटल अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आप मुझे आने वाले मैचों में गेंदबाजी करते हुए देखेंगे : इशांत शर्मा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुरानी दिल्ली 6 के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा मैदान पर वापस आने और नई दिल्ली के प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में चल रही दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। पुरानी दिल्ली 6 मंगलवार को ईस्ट दिल्ली राइडर्स से भिड़ेगी और बुधवार को वेस्ट दिल्ली लायंस से भिड़ेगी। इशांत ने आखिरी बार आईपीएल 2024 में सफेद गेंद का मैच खेला था, अब डीपीएल में मैदान पर कदम रखने के लिए उत्सुक हैं।

इशांत ने एक बयान में कहा, डीपीएल की तैयारी अच्छी रही है। आईपीएल के बाद मुझे अभ्यास के लिए ज्यादा समय नहीं मिला। बस अपनी फ्रेंचाइजी के लिए थोड़ी और तैयारी और मैं डीपीएल में मैदान पर उतरने के लिए तैयार हो जाऊंगा। आप सभी मुझे पुरानी दिल्ली 6 के लिए आने वाले मैचों में गेंदबाजी करते हुए देखेंगे।

इशांत अपने विशाल अनुभव के जरिए युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। पुरानी दिल्ली 6 के युवा खिलाड़ी इशांत शर्मा के साथ अपने प्रवास का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। इशांत ने पिछले सप्ताह कहा, युवा खिलाड़ियों के लिए मेरा संदेश है कि कड़ी मेहनत करते रहें और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें, यह प्रारूप कठोर हो सकता है, लेकिन अगर आप अपनी क्षमताओं पर भरोसा और कड़ी मेहनत करते हैं तो आप किसी भी प्रारूप में कमाल कर सकते हैं।

पुरानी दिल्ली 6 के टीम के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, इशांत शर्मा पुरानी दिल्ली 6 में अनुभव का खजाना लेकर आए हैं। उनका मार्गदर्शन और सलाह हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए अमूल्य है। टीम में उनके जैसा खिलाड़ी होने से पूरी टीम के लिए सीखने की प्रक्रिया में वृद्धि होती है। वह नियमित रूप से प्रशिक्षण सत्र में भाग लेते हैं और हम सभी उनकी गेंदबाजी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### पुरानी दिल्ली 6 टीम


ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

# राजनीति में आ सकती हैं विनेश, चचेरी बहन बबीता के खिलाफ लड़ सकती हैं चुनाव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलवान विनेश फोगट के हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। करीबी सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी सामने आई है। हालांकि विनेश ने पहले कहा था कि वह सक्रिय राजनीति में नहीं आएंगी। लेकिन ताजा रिपोर्ट के अनुसार कुछ राजनीतिक दल उन्हें मनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की फ्रीस्टाइल 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने का मौका विनेश ने गंवा दिया क्योंकि उन्हें 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण फाइनल से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। विनेश का शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी और सोनीपत के उनके गांव बलाली में जोरदार स्वागत किया गया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा और उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें माला पहनाई। हालांकि विनेश किस पार्टी में शामिल होने जा रही हैं इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। 2024 ओलंपिक फाइनलिस्ट पहलवान की भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर फोगट परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया, हां, क्यों नहीं? संभावना है कि हरियाणा विधानसभा में आप विनेश फोगट बनाम बबीता फोगट और बजरंग पुनिया बनाम योगेश्वर दत्त देखें। कुछ राजनीतिक दल उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं।विनेश के एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही उनके प्रशंसकों, परिवार और दोस्तों ने उनका जोरदार स्वागत किया, जो सुबह के समय के बावजूद बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। जबरदस्त समर्थन और स्नेह ने कुश्ती आइकन को भावुक कर दिया। एयरपोर्ट के बाहर लोगों ने जश्न मनाया और उनकी भावनाएं चरम पर थीं। विनेश का स्वागत करने वालों में सबसे पहले साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया शामिल थे जिन्होंने पिछले साल कुश्ती से संन्यास ले लिया था।

# यूट्यूबर जैक पॉल से फाइट करेंगे 58 साल के माइक टायसन



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** माइक टायसन 58 साल के हैं और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण रिंग में उनकी वापसी को स्थगित करना पड़ा लेकिन यह दिग्गज मुक्केबाज फिर से दस्ताने पहनने के लिए तैयार है। एक समय दुनिया के सबसे खतरनाक मुक्केबाज रहे टायसन फिर से रिंग में उतर कर खुद को खतरे में डाल सकते हैं। रविवार को यहां जब उनसे पूछा गया कि वह जैक पॉल से मुकाबला क्यों करना चाहते हैं तो उन्होंने तपाक से उत्तर दिया। टायसन ने खचाखच भरे संवाददाता सम्मेलन में कहा- क्योंकि मैं ऐसा कर सकता हूं। क्या मेरे अलावा कोई और है जो ऐसा कर सकता है। इस मुकाबले में मेरे अलावा और कौन लड़ेगा। इस दौरान प्रशंसकों ने टायसन के समर्थन में नारे लगाए जबकि पॉल की हूटिंग की। टायसन और पॉल के बीच की यह मुकाबला पहले 20 जुलाई को होना था। टायसन को अल्सर की समस्या होने के कारण इसे टाल दिया गया था। यह मुकाबला अब 15 नवंबर को टेक्सास के आर्लिंगटन में होगा।

# स्टीव स्मिथ की नजर लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक पर

### अगले चार साल का प्लान बनाया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने पर है, जो टी20 प्रारूप में खेले जाने की संभावना है। स्मिथ को इस साल जून में ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज अपने टी20आई भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रेंचाइजी सिडनी सिक्सर्स के साथ तीन साल का नया करार किया है, जिसके तहत वह कम से कम 2026-27 तक टूर्नामेंट खेलते नजर आएंगे। हालांकि स्मिथ को ओलंपिक में खेलने के अपने सपने को पूरा करने के लिए टी20आई राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान फिर से हासिल करना होगा।

स्मिथ ने कहा, मैं चार साल बाद भी टी20 क्रिकेट खेल सकता हूं, इसलिए आप कभी नहीं जान सकते। यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैं खुद को शायद दूसरों की तुलना में बहुत लंबे समय तक खेलते हुए देख सकता हूं, खासकर दुनिया भर में फ्रेंचाइजी के साथ। मैंने यहां तीन साल के लिए अनुबंध किया है, इसलिए उसके बाद बस एक साल और है। ओलंपिक का हिस्सा बनना अच्छा रहेगा।

उन्होंने कहा, मेरी कोई योजना नहीं है। मैं इस समय बस खेल का आनंद ले रहा हूं, मैं काफी आराम से हूं और इस गर्मी का इंतजार कर रहा हूं। यूनाइटेड किंग दौरे के लिए टी20आई मैचों से बाहर रहने के बाद स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में वापसी करेंगे। हालांकि उनकी असली परीक्षा भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में होगी क्योंकि उनकी रेड-बॉल ओपनिंग स्पॉट अभी भी अनिश्चित है।

स्मिथ ने कहा, आप पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में वास्तव में नहीं छिप सकते हैं, जैसा कि आप दो मैचों की सीरीज में कर सकते हैं। अगर कोई आपको हरा देता है, तो उससे वापसी करना मुश्किल हो सकता है। यह एक शानदार सीरीज होने जा रही है। दाएं हाथ के बल्लेबाज को उम्मीद है कि वह 10 साल में पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को घरेलू मैदान पर हराएंगे क्योंकि मेहमान टीम ने ऑस्ट्रेलिया में 2014-15 के बाद से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी है।

उन्होंने कहा, हम शायद टेस्ट क्रिकेट में इस समय दो सर्वश्रेष्ठ टीमें हैं। हमने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला था और उन्हें वहां हराया था। वे पिछले कुछ समय से यहां शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेला है, उम्मीद है कि हम पासा पलट सकते हैं। हमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीते हुए 10 साल हो गए हैं, इसलिए इस साल ऐसा करने की जरूरत है।

स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी की स्थिति को लेकर बेफिक्र हैं और अपने सामान्य नंबर 4 स्थान पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में चार टेस्ट खेले हैं और 28.50 की औसत से 171 रन बनाए हैं, हालांकि इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 91 रन की शानदार पारी भी शामिल है। उन्होंने कहा, अभी तक मेरी बातचीत यही रही है कि हम इंग्लैंड जाएंगे... मैं वहां वनडे के लिए जाऊंगा, उसके बाद फैसला लूंगा। पृष्ठभूमि में बातचीत चल रही है। आप कुछ टिप्पणियां देख सकते हैं कि उस्मान (ख्वाजा) जैसे लोगों ने कहा है कि उन्हें मेरा नंबर 4 पर खेलना पसंद है, उन्हें लगता है कि मार्नस भी इसी तरह की सोच रखते हैं। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। मैं कहीं भी बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हूं।

स्मिथ ने अंत में कहा, मेरे लिए यह सिर्फ एक स्थिति है। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए मैं पहली दो गेंदों के बाद बल्लेबाजी कर सकता हूं। मैं कई मौकों पर जल्दी बल्लेबाजी कर चुका हूं और नई गेंद का सामना कर चुका हूं। मेरे लिए, यह सिर्फ एक नंबर की तरह है। मैंने लंबे समय तक तीसरे नंबर पर भी बल्लेबाजी की और हमने पहले ओवर में ही विकेट गंवा दिए और मैं आकर रन बनाऊंगा। एकमात्र वास्तविक चीज जिसकी मुझे आदत डालनी थी, वह यह थी कि जब आप मैदान से बाहर आते हैं तो यह कितनी जल्दी बदल जाता है और आपके पास केवल 10 मिनट होते हैं, खासकर जब मैं चेंजिंग रूम में बहुत कुछ करता हूं।



# एक ओवर में 39 रन, समोआ के क्रिकेटर ने टी20 में युवराज सिंह का रिकॉर्ड तोड़ा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** समोआ के डेरियस विसर ने मंगलवार 20 अगस्त को दिग्गज युवराज सिंह का रिकॉर्ड तोड़ दिया। टी20 विश्व कप क्वालीफायर में खेलते हुए विसर ने एक ही ओवर में 39 रन ठोककर खेल के टी20आई प्रारूप में एक ही ओवर में सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। विसर ने युवराज (2007), कीरोन पोलार्ड (2021), दीपेंद्र सिंह ऐरी (2024) और निकोलस पूरन (2024) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया ये वे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टी20आई प्रारूप में एक ही ओवर में 36 रन ठोके थे।

विसर खेल के टी20आई प्रारूप में शतक बनाने वाले पहले समोआ क्रिकेटर भी बन गए। मंगलवार को 2026 विश्व कप क्षेत्रीय क्वालीफायर में विसर की 62 गेंदों पर 132 रनों की पारी की बदौलत समोआ ने वानुअतु पर 10 रनों से जीत दर्ज की। 62 गेंदों पर 132 रनों की पारी खेलने वाले विसर 46 रन पर थे, जब वानुअतु के नलिन निपिको 15वें ओवर में गेंदबाजी करने आए। इस दौरान समोआ के बल्लेबाज ने छह मौकों पर गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया और तीन नो बॉल के कारण अतिरिक्त 3 रन मिले। निपिको ने ओवर की पांचवीं गेंद पर डॉट बॉल फेंकी, लेकिन इसके बाद दो नो बॉल फेंकी, जिनमें से दूसरी पर 28 वर्षीय विसर ने छक्का लगाया।

युवराज ने 2007 के टी20 विश्व कप मैच में इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। पोलार्ड ने 2021 में श्रीलंका के अकिला धनंजय के साथ भी ऐसा ही किया, अप्रैल में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एरी तीसरे बल्लेबाज बन गए।

# करुण नायर का महाराजा ट्रॉफी टी20 में धमाकेदार शतक




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** करुण नायर के धमाकेदार शतक की बदौलत मैसूर वॉरियर्स ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में महाराजा ट्रॉफी टी20 लीग के दूसरे मैच में मंगलुरु ड्रैगन्स पर 27 रन (वीजेडी पद्धति) से शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए करुण नायर के 40 गेंदों पर बनाए गए धमाकेदार शतक की बदौलत मैसूर ने 20 ओवर में 226/4 का मजबूत स्कोर बनाया। बारिश के कारण बीच पारी में बाधित मंगलुरु ड्रैगन्स को 14 ओवर में 166 रन का संशोधित लक्ष्य मिला लेकिन वे लक्ष्य से काफी पीछे रह गए और इस अभियान में उन्हें दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

पहली पारी में मैसूर वॉरियर्स को शुरुआती झटके का सामना करना पड़ा जब कार्तिक सी. ए. (11) तीसरे ओवर में अभिलाष शेट्टी का शिकार बने। इसके बावजूद सलामी बल्लेबाज कार्तिक एसयू (23) और कप्तान करुण नायर (124*) ने पावरप्ले के दौरान 46 रन बनाए। नायर ने शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया और दोनों ने 47 रन की साझेदारी की, जो पारी की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी थी। कार्तिक एसयू, जिन्हें पहले दो बार आउट किया गया था, आखिरकार किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया, जब एमबी दर्शन ने उन्हें आठवें ओवर में आउट कर दिया, जिससे मैसूर का स्कोर 61/2 हो गया।

नायर ने अपनी शानदार पारी जारी रखी और 27 गेंदों में तेजी से अर्धशतक जड़ा। दूसरी तरफ समित द्रविड़ (16) को निश्चित राव ने आउट किया, इससे एक गेंद पहले ही उन्होंने छक्का लगाया था। अभिलाष शेट्टी के आक्रमण पर लौटने पर सुमित कुमार (15) आउट हो गए जिससे मनोज भांडगे (31*) क्रीज पर आए। भंडगे नाबाद रहे और 14 गेंदों पर तेज पारी खेली, नायर ने आक्रमण का साथ दिया और 29 गेंदों में 85 रनों की साझेदारी की। नायर ने 15वें ओवर में पारस गुरबक्स आर्य के खिलाफ दो छक्के और एक चौका लगाया और फिर निश्चित राव को तीन बड़े छक्कों के साथ आउट कर सिर्फ 40 गेंदों पर शानदार शतक बनाया। उनके शतक में 13 चौके और नौ छक्के शामिल थे।

नायर ने इसके बाद लगातार पांच चौके (6, 6, 4, 4, 4) लगाकर पारी का अंत किया और मैसूर को 20 ओवर में 226/4 का विशाल स्कोर बनाने में मदद की। मंगलुरु ड्रैगन्स के रन चेज को शुरुआती झटके लगे। कार्तिक सीए ने पहले मैकनील नोरोन्हा को आउट किया और जे सुचित ने पांचवें ओवर से पहले रोहित के को आउट कर दिया। हालांकि निकिन जोस (32) और केवी सिद्धार्थ (50) ने मिलकर प्रभावी प्रदर्शन किया और सुनिश्चित किया कि लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ा जाए।

केवी सिद्धार्थ ने छठे ओवर में विद्याधर पाटिल को चार चौके लगाए जिससे मंगलुरु ड्रैगन्स ने पावरप्ले के अंत तक 61/2 का स्कोर बनाया। नौवें ओवर में बारिश के कारण कुछ देर के लिए खेल रुक गया। मैच फिर से शुरू हुआ जिसमें मंगलुरु ड्रैगन्स को 166 (वीजेडी पद्धति) के संशोधित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 33 गेंदों में 87 रनों की आवश्यकता थी। निकिन जोस के आउट होने के तुरंत बाद जे सुचित ने पैड पर गेंद मारी जिससे 50 रनों की साझेदारी टूट गई।

इसके बाद सागर सोलंकी (0) आउट हुए, उनके बाद केवी सिद्धार्थ आउट हुए, लेकिन उन्होंने 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया जिससे मंगलुरु ड्रैगन्स का स्कोर 11 ओवर में 114/5 हो गया। दर्शन एमबी ने छह गेंदों में 12 रन बनाकर ड्रैगन्स को उम्मीद की किरण दिखाई, लेकिन वे जल्द ही रन आउट हो गए और मंगलुरु ड्रैगन्स का स्कोर 138/7 पर सिमट गया।

# बीबीएल में खेलते नजर आएंगे डेविड वार्नर, इस टीम के साथ किया करार

**सिडनी (एजेंसी)।** डेविड वार्नर सिडनी थंडर के साथ दो साल का नया करार करने के बाद अपने करियर में पहली बार बिग बैश लीग (बीबीएल) में पूर्णकालिक उपस्थिति के लिए तैयार हैं जबकि स्टीव स्मिथ सिडनी सिक्सर्स के साथ तीन साल के नए करार के साथ अपने टेस्ट करियर से परे प्रतियोगिता में बने रहेंगे। पूरे सत्र के लिए वार्नर की उपलब्धता थंडर के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़ावा है। हाल ही में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को समाप्त करने के बाद विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अब पूरी तरह से बीबीएल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्वतंत्र है।

वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण पिछले दो सत्रों में थंडर के लिए केवल आठ खेलों में भाग लिया था, अब फाइनल सहित पूरे टूर्नामेंट में अपने लगभग 20 वर्षों के टी20 अनुभव का उपयोग करेंगे। थंडर के महाप्रबंधक ट्रेंट कोपलैंड ने एक बयान में कहा, %डेवी जहां भी खेलते हैं, पूरी दुनिया में खास तौर पर भारत में, लोकप्रिय हैं और मुझे पता है कि सिडनी के पश्चिम में दक्षिण एशियाई समुदाय थंडर में उनका पूरा समर्थन करेंगे। डेवी के रूप में हमें एक विश्व स्तरीय प्रतिभा मिली है और अब जबकि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, हम पूरे टूर्नामेंट के लिए उनके पूर्ण ध्यान और प्रतिबद्धता पर भरोसा कर सकते हैं।

इस बीच स्मिथ ने तीन साल के अनुबंध के माध्यम से सिक्सर्स के साथ अपना भविष्य सुरक्षित कर लिया है। स्मिथ वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट सलामी बल्लेबाजों में से एक हैं, इस सौदे से उन्हें एक पूर्ण बीबीएल सत्र खेलने का विकल्प मिला है यदि वह अगले तीन वर्षों के भीतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला करते हैं। हालांकि, स्मिथ अपने टेस्ट भविष्य के बारे में अनिर्णीत हैं। उन्होंने कहा, %मेरे पास कोई योजना नहीं है। मैं इस समय बस खेल का आनंद ले रहा हूं, मैं काफी आराम से हूं और इस गर्मी का इंतजार कर रहा हूं।

स्मिथ 2012 में उद्घाटन बीबीएल जीतने वाली सिक्सर्स टीम का हिस्सा थे, ने दो साल पहले पांच मैचों में लगातार दो शतकों के साथ यादगार वापसी की। आगामी सत्र में उनकी उपस्थिति भले ही केवल कुछ खेलों के लिए हो, लेकिन सिक्सर्स के अभियान में महत्वपूर्ण बढ़त जोड़ने की उम्मीद है। वार्नर और स्मिथ के अलावा मार्नस लाबुशेन और एलेक्स कैरी जैसे अन्य ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट सितारों ने अपनी-अपनी क्क्क्रू टीमों के साथ




फिर से अनुबंध किया है।

जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के समाप्त होने के बाद लाबुशेन ब्रिसबेन हीट में वापस आएंगे, जो मौजूदा चैंपियन है। हीट के कोच जोहान बोथा ने कहा, उनकी खेल समझ असाधारण है और यह मैदान पर और बाहर हमारे लिए बहुत बड़ी संपत्ति है। कैरी जो अपने पूरे बीबीएल करियर के दौरान एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ रहे हैं, ने फ्रैंचाइजी के साथ चार साल का नया करार किया है। ऑस्ट्रेलिया के तीन बड़े तेज गेंदबाजों - जोश हेजलवुड, मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस में से किसी ने भी अभी तक बीबीएल अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उनसे श्रीलंका दौरे से पहले आराम करने की उम्मीद है तथा टूर्नामेंट में भाग लेने की अपेक्षा स्वास्थ्य लाभ को प्राथमिकता दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजेगा एनडीए, उपचुनाव के लिए 21 अगस्त को दाखिल करेंगे नामांकन पत्र

**पटना, एजेंसी।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने सोमवार को बताया कि वह राज्यसभा उपचुनाव के लिए इस सप्ताह के अंत में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। बिहार में राज्यसभा की 2 सीटों के लिए होंगे उपचुनाव राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, राज्यसभा की सदस्यता के लिए मेरा नामांकन अब 20 अगस्त को नहीं, बल्कि 21 अगस्त को होगा। बिहार में राज्यसभा की दो सीटों के लिए उपचुनाव होने हैं। उच्च सदन की ये सीट विवेक ठाकुर (भाजपा) और मीसा भारती (राजद) के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद खाली हुई हैं। लोकसभा चुनाव में बिहार के लिए राजग के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के फार्मूले के अनुसार, कुशवाहा की पार्टी को संसद में एक सीट और राज्य विधान परिषद में एक सीट मिलनी थी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख ने काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और तीसरे स्थान पर रहे थे। इस सीट से भाकपा माले के राजा राम कुशवाहा ने जीत हासिल की और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह (निर्दलीय उम्मीदवार) दूसरे स्थान पर रहे। उपेंद्र कुशवाहा ने 2014 में राजग के उम्मीदवार के रूप में काराकाट सीट जीती थी। बिहार से राज्यसभा की इन दोनों सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। अब तक न तो राजग ने दूसरी सीट के लिए उम्मीदवार का नाम घोषित किया है और न ही बिहार में 'इंडिया गठबंधन ने उपचुनाव के लिए अपने पत्ते खोले हैं।

### महिलाएं 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' देखने के बाद लव जिहाद पर विश्वास नहीं करेंगी: भागेश्वर

**भोपाल।** भागेश्वर धाम में एक शक्तिशाली वक्तव्य में, श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने आगामी फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के लिए अपना अटूट समर्थन व्यक्त किया, इसे सनातन धर्म से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मिशन बताया। शास्त्री जी ने जीतेंद्र नारायण सिंह शुक्ला (पूर्व में वसीम रिजवी) की प्रशंसा की, उनकी पहचान में आए परिवर्तन पर जोर देते हुए कहा- अब उन्हें उनके पूर्व नाम से नहीं जाना जाता; अब वे जीतेंद्र शुक्ला हैं - भगवान का एक नाम, हरि का एक नाम। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने फिल्म के समर्थन में कई महत्वपूर्ण बिंदु रखे, जिसमें इसके प्रभाव और महत्व पर प्रकाश डाला गया- पश्चिम बंगाल की डायरी एक आंख खोलने वाली फिल्म है, जो उस वास्तविकता को दिखाती है जहां हिंदुओं की बेटियों को अकल्पनीय क्रूरता और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है। फिल्म इन कठोर सच्चाइयों को इतनी शक्तिशाली तरीके से दर्शाती है कि एक बार हमारी बेटियां इसे देख लें, तो भारत में 'लव जिहाद' शब्द का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। यह प्रचार नहीं है; यह भक्ति है। फिल्म सनातन धर्म के सिद्धांतों के अनुरूप है और हिंदुओं को सच्चाई बताने का एक महत्वपूर्ण मिशन है। जितेन्द्र नारायण सिंह (वसीम रिजवी) को उनके निडर रुख के लिए मिल रही धमकियों का जिक्र करते हुए, शास्त्री जी ने घोषणा की, इनके सर काटने पर जो 5 करोड़ का इनाम है, वो धरा का धरा रह जाएगा! पूरा सनातन धर्म वसीम रिजवी के साथ है। फिल्म की रिलीज पर- शास्त्री जी ने दर्शकों से सिनेमाघरों में फिल्म देखने का आग्रह करते हुए कहा, द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल सिर्फ एक फिल्म नहीं है; यह लव जिहाद और सांप्रदायिक तनाव जैसे सामाजिक मुद्दों पर एक साहसिक टिप्पणी है। इसे अवश्य देखना चाहिए।राष्ट्र बेसब्री से द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल की रिलीज का इंतजार कर रहा है, जिसे जितेंद्र नारायण सिंह (वसीम रिजवी) द्वारा निर्मित और सनोज मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया है, यह फिल्म 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आने वाली है। अर्शिन मेहता और यजुर मारवाह जैसे सितारों से सजी यह फिल्म सांप्रदायिक हिंसा की कठोर वास्तविकताओं को गहराई से दर्शाती है, दर्शकों से शांति और एकता के मार्ग पर विचार करने का आग्रह करती है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी का समर्थन फिल्म की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित करता है, जो न केवल एक सिनेमाई कृति के रूप में, बल्कि ध्यान देने योग्य समकालीन मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी के रूप में इसके महत्व को उजागर करता है।

# 52 दिनों से चल रही अमरनाथ यात्रा संपन्न, 5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू, एजेंसी।** छड़ी मुबारक के साथ अमरनाथ तीर्थयात्रा सोमवार को संपन्न हो गई। इस वर्ष एक दर्जन से अधिक पर्वतीय बचाव दलों ने इस यात्रा में हजारों तीर्थयात्रियों की सहायता की। इस बार 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में पवित्र हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पर्वतीय बचाव दलों (एमआरटी) को 29 जून को तीर्थयात्रा शुरू होने से लगभग एक सप्ताह पहले 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर की ओर जाने वाले दोहरे मार्गों पर तैनात किया गया था। इन दलों को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने हरी झंडी दिखाई। इन दलों में जम्मू-कश्मीर पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल थे। आठ एमआरटी अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे



पारंपरिक पहलगाम मार्ग पर महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात थीं, जबकि पांच एमआरटी गांदरबल जिले में छोटे लेकिन अधिक ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग पर तैनात थीं। एमआरटी के प्रभारी निरीक्षक राम सिंह ने मीडिया से कहा, ''दोनों मार्गों की लगातार दो बार की गई रेकी के बाद सभी 13 एमआरटी को 24 जून तक निर्धारित स्थानों पर तैनात कर दिया गया और उन्होंने 1,300 से अधिक जरूरतमंद तीर्थयात्रियों को बचाने में मदद करने के साथ ही यात्रा के दौरान 20,000 अन्य लोगों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराई। मई 2008 में सिंह ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर इतिहास रच दिया था क्योंकि ऐसा करने वाले वह जम्मू-कश्मीर पुलिस के पहले कर्मी थे। उन्होंने कहा कि एमआरटी ने तीर्थयात्रियों को 20,000 से अधिक रेनकोट भी निःशुल्क वितरित किए। देश-विदेश से 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने यात्रा के दौरान गुफा मंदिर के दर्शन किए। एसडीआरएफ द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में तीर्थयात्री एमआरटी की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए तथा यात्रा को यादगार बनाने के लिए बचावकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दिखाई देते हैं। एमआरटी की सराहना करते हुए एक महिला तीर्थयात्री ने कहा, ''वे (एसडीआरएफ कर्मी) बहुत मददगार थे। उनकी मदद के लिए उनका विशेष धन्यवाद, अन्यथा मेरे लिए यात्रा करना संभव नहीं था। रक्षाबंधन के अवसर पर श्रावण पूर्णिमा, सोमवार दोपहर गुफा मंदिर में पहुंची और इसके साथ ही अमरनाथ यात्रा संपन्न हो गई। 2012 में 6 लाख 35 हजार शिवभक्तों ने पवित्र हिम शिवलिंग के दर्शन किए थे जोकि अब तक का आल टाइम रिकार्ड भी है। साल 2010 में 4 लाख 55 हजार, 2011 में 6 लाख 21 हजार, 2013 में 3 लाख 54 हजार, 2014 में 3 लाख 72 हजार, 2015 में 3 लाख 52 हजार, 2016 में 2 लाख 21 हजार, 2017 में 2 लाख 60 हजार, 2018 में 2 लाख 85 हजार, 2019 में 3 लाख 43 हजार शिवभक्तों ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे।

## राखी बांधने की चल रही थी तैयारी, बहन के सामने ही भाई को मारी गोली; फरीदाबाद में सनसनीखेज मर्डर

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद के आदर्श नगर के गली नंबर-10 में रक्षाबंधन के दिन सोमवार को एक घर में घुसकर बाइक सवार बदमाशों ने बहन के सामने भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। युवक की पहचान 20 वर्षीय अरूण के रूप में हुई है। वह रोहतक स्थित एक कॉलेज में आर्किटेक्ट के द्वितीय वर्ष का छात्र था। सोमवार दोपहर वारदात के दौरान वह घर में बहन और भाई के साथ बातचीत कर रहा था। आदर्श नगर थाना की पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार युवक के पिता डॉ. करण सिंह गौतम मूल रूप से यूपी के मथुरा के रहने वाले हैं। वह एक आरएमपी डॉक्टर हैं और साल 1997 से कॉलोनी में अपना एक क्लीनिक चला रहे हैं। उन्होंने पुलिस को बताया है कि उनके दो बेटे और एक बेटी है। बड़ा बेटा दिल्ली स्थित एक कंपनी में नौकरी करता है। बेटी भी पढ़ाई करती है। वहीं करण उनका सबसे छोटा बेटा था। वह रोहतक स्थित एक कॉलेज में आर्किटेक्ट की पढ़ाई करता था। वह द्वितीय वर्ष का छात्र था। रविवार रात मृतक रक्षा बंधन पर रोहतक से घर आया था। सोमवार सुबह वह पत्नी के साथ रक्षा बंधन को लेकर खरीदारी करने गए थे। इस दौरान अरूण अपने बड़े भाई अजय सिंह और बहन के साथ घर पर था। सभी रक्षाबंधन की तैयारी कर रहे थे। दोपहर करीब सवा 12 बजे एक बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। एक युवक ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। वह लोगों पर नजर रखने के लिए घर के बाहर खड़ा रहा। दूसरा युवक अरूण को आवाज देते हुए घर के अंदर गया। उस दौरान अरूण अपने भाई और बहन से बात कर रहा था।

## नोएडा में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक से टकराया कैंटर, 4 की मौत, 26 घायल

**नोएडा, एजेंसी।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर रविवार की रात सड़क हादसे में बैंड बाजा बजाने वाले चार लोगों की मौत हो गई। 26 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह हादसा कैंटर का टायर फटने से सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने के दौरान हुआ। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। दनकौर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एक बैंड पार्टी में काम करने वाले मेरठ के रहने वाले तीस लोग एक कैंटर में सवार हापुड़ से फरीदाबाद पंखा मेले में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

रविवार की देर रात ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर दनकौर कोतवाली क्षेत्र में कैंटर का टायर फट गया। इस बीच तेज रफ्तार कैंटर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। हादसे में कैंटर सवार 38 वर्षीय अर्जुन निवासी ग्राम कीनापुर, जिला मेरठ, 50 वर्षीय सोमपाल निवासी गांव महलवाला थाना किठौर जिला मेरठ, 35 वर्षीय राजू निवासी गांव महलवाला, जिला मेरठ और 40 वर्षीय निवासी गांव आलमपुर, जिला मेरठ की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। हाईवे से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। दनकौर कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह घायलों को नजदीक के एक अस्पताल पहुंचवाया। इस दौरान हाईवे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक को भी रोकना पड़ा। एक क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड करवाया।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस का मेनिफेस्टो झूठ का पुलिंदा : तरुण चुघ

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी दलों के नेताओं की ओर से प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। जम्मू-कश्मीर के भाजपा प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के चुनाव घोषणापत्र पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह झूठ का पुलिंदा है। एससी, एसटी और महिला आरक्षण को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं लिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का संविधान जम्मू-कश्मीर में लागू किया। उस संविधान को हटने नहीं दिया जाएगा।

चुघ ने सवाल किया कि आतंकवाद को पैदा करने वाले पाकिस्तान के गाने और तराने अब्दुल्ला परिवार को क्यों अच्छा लगता है? हमें आज तक यह समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि 1,70,000 कश्मीरी पंडितों को निकालने वाले अब्दुल्ला और मुफ्ती आज घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। 1990 में सुरक्षा देने की बजाय उन्होंने उन्हें निकाला गया।

# ग्रेटर नोएडा में कॉमर्शियल प्लॉट्स के लिए नई योजना लॉन्च

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्रेटर नोएडा में कॉमर्शियल क्षेत्र में जान फूंकने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। सरकार ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 22डी और सेक्टर 22ए में कॉमर्शियल एक्टिविटीज को बढ़ाने के लिए नई स्कीम लाई गई है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा लाई गई इस स्कीम में पांच प्रकार के शॉप्स और छह प्रकार के कमर्शियल प्लॉट्स का आवंटन किया जाना है।

इससे पहले यीडा की ओर से अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम समेत तमाम प्रकार की भू आवंटन स्कीमें लाई गई हैं। इन्हें काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। माना जा रहा है कि ये स्कीमें कॉमर्शियल एक्टिविटीज को बढ़ावा देने में मददगार साबित होंगी। मौजूदा स्कीम के तहत 31.22 वर्ग मीटर से लेकर 116.33 वर्ग मीटर सुपर एरिया वाले शॉप्स और 112 वर्ग मीटर से लेकर 140 वर्ग



मीटर सुपर एरिया के प्लॉट्स आवंटन के लिए उपलब्ध हैं।

योजना के तहत ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 22 डी में 5 प्रकार के शॉप्स आवंटन के लिए उपलब्ध होंगे। इनमें एसआर-111 और एसआर-113 आर 31.22 वर्ग मीटर एरिया के हैं। इनका रिजर्व प्राइस पर प्रीमियम 1.19 करोड़ निर्धारित किया गया है। एसआर-101 और एसआर-201 का कुल क्षेत्रफल 116.33 वर्ग मीटर एरिया है। इसका रिजर्व प्राइस पर प्रीमियम क्रमशः 4.44 और 2.06 करोड़ रुपए रखा गया है।


इसी प्रकार, एसआर-202 का क्षेत्रफल 105.4 वर्ग मीटर है। इसका रिजर्व प्राइस पर प्रीमियम 1.87 करोड़ निर्धारित किया गया है। सेक्टर 22 ए में कमर्शियल फुटप्रिंट प्लॉट्स की भी अलग-अलग केटेगरीज हैं। इनमें कमर्शियल फुटप्रिंट नंबर-5 व 7 के प्लॉट्स का सुपर एरिया 112 स्क्वेयर मीटर है। रिजर्व प्राइस पर इनका टोटल प्रीमियम 3.05 करोड़ निर्धारित है। वहीं, कॉमर्शियल फुटप्रिंट नंबर-10, 12 और 13 के प्लॉट्स का सुपर एरिया 124 वर्ग मीटर है, जबकि रिजर्व प्राइस पर इनका टोटल प्रीमियम अमाउंट 3.38 करोड़ निर्धारित किया गया है। सेक्टर 22 ए के ही कॉमर्शियल फुटप्रिंट नंबर 22 के प्लॉट का सुपर एरिया 140 वर्ग मीटर है। रिजर्व प्राइस पर इसका टोटल प्रीमियम अमाउंट 3.81 करोड़ निर्धारित है। इन सभी प्लॉट्स और शॉप्स के लिए आवेदनकर्ता 6 सितंबर तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस स्कीम के बारे में यीडा की आधिकारिक वेबसाइट से अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सभी प्लॉट्स व शॉप्स को ई-ऑक्शन के माध्यम से आवंटित किया जाएगा जिसमें बैंकिंग पार्टनर की भूमिका आईसीआईसीआई बैंक निभा रहा है।

# न्यूयार्क में इंडिया डे परेड में दिखी राम मंदिर की झांकी, सोनाक्षी और जहीर इकबाल भी पहुंचे

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयार्क में भारतवंशियों ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को इंडिया डे परेड निकाली। इसमें भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और धार्मिक विविधता की झलक दिखी। यह 42वीं इंडिया डे परेड थी। इसमें अयोध्या के राम मंदिर की झांकी शामिल की गई। इसके अलावा मुस्लिम, ईसाई और सिखों की झांकियां भी देखने को मिलीं।

परेड में भारतीय यहूदी और बौद्ध समूह के लोग भी शामिल हुए। लोगों ने महाराष्ट्र के पारंपरिक ढोल बजाते हुए राम मंदिर की झांकी का स्वागत किया। हजारों लोगों ने इस परेड में भाग लिया। हालांकि इस दौरान एक मुस्लिम संगठन के नेतृत्व वाले समूह ने परेड को बाधित करने का प्रयास किया, जिसे असफल कर दिया गया।

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और अभिनेता जहीर इकबाल भी परेड में शामिल हुए। न्यूयार्क पुलिस विभाग ने परेड में मार्च करने के लिए अधिकारियों और बैंड की एक टुकड़ी भेजी। पुलिस विभाग ने अपने बैनर के साथ मार्च



किया। भारतीय तिरंगा थामे दो घुड़सवार पुलिसकर्मी भी रहे।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे हमले को लेकर भी एक झांकी निकाली गई, जिसमें बांग्लादेश में हिंदू नरसंहार रोकने की अपील की गई। इजरायली झंडा लिए एक व्यक्ति भी परेड में शामिल हो गया था। परेड मार्ग के कई स्थानों पर यहूदी और इजरायली लोगों ने राम मंदिर झांकी का समर्थन किया।

दक्षिण अफ्रीका के प्रतिष्ठित वांडरर्स स्टेडियम में इंडिया डे महोत्सव के साथ भारत सप्ताह का समापन हो गया है। इंडिया डे महोत्सव में 10 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस वर्ष इंडिया डे का विषय %स्वतंत्रता का आनंद% था, जिसमें 600 से अधिक कलाकारों ने भारत और दक्षिण अफ्रीका की विविध संस्कृति का प्रदर्शन किया। जोहान्सबर्ग में भारत के महावाणिज्यदूत महेश कुमार, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे।

## ढाका में अज्ञात लोगों ने मीडिया समूह के कार्यालय में तोड़फोड़ की, महिला पत्रकार से मारपीट की

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में अराजक तत्वों ने एक मीडिया संस्थान के कार्यालय में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और एक महिला पत्रकार से मारपीट भी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बशुंधरा आवासीय क्षेत्र में हॉकी स्टिक और डंडों से लैस कम से कम 70 लोग ईस्ट वेस्ट मीडिया ग्रुप के ऑफिस में घुस गए। इसके बाद उन्होंने कार्यालय के अंदर जमकर तोड़फोड़ की साथ ही विरोध करने पर एक महिला पत्रकार के साथ मारपीट भी की है, जिसमें महिला को मामूली चोटें आ गई हैं। ईस्ट वेस्ट मीडिया ग्रुप के प्रकाशन द डेली सन के संपादक एनामुल हक चौधरी ने कहा कि हमला लगभग 20 मिनट तक जारी रहा, हमलावरों ने इस दौरान खड़े हुए करीब 11 वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की।

हमले के बाद आसपास के दो निजी विश्वविद्यालयों के छात्र भी बाद में आए और हमले की निंदा की। साथ ही में छात्रों ने कहा कि हम इस हमले में शामिल नहीं थे। छात्रों ने बताया कि हमला राजनीतिक कारणों से नहीं बल्कि किसी दुश्मनी के कारण किया गया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने ईस्ट-वेस्ट मीडिया ग्रुप



पर हुए कायरतापूर्ण हमले की आलोचना की है। बीएनपी ने बयान में कहा कि बदमाशों के एक समूह ने ईस्ट-वेस्ट मीडिया ग्रुप पर बशुंधरा आवासीय क्षेत्र में उसके भवन में घुसकर हॉकी स्टिक से हमला किया, जिससे कंप्यूटर और एसी सहित उपकरण और मशीनों को नुकसान पहुंचा। कहा कि यह जघन्य हमला एक मकसद और साजिश के तहत किया है। बांग्लादेश में आरक्षण प्रणाली के खिलाफ आंदोलन के दौरान तीन लोगों की मौत के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के पूर्व मंत्रियों और अन्य लोगों के खिलाफ तीन नए मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

# डेमोक्रेट सम्मेलन में बोलीं हिलेरी- कमला हैरिस के पास अमेरिका को आगे ले जाने वाला चरित्र और दूरदृष्टि

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने सोमवार को कहा कि कमला हैरिस के पास अमेरिका को आगे ले जाने वाला चरित्र, अनुभव और दूरदृष्टि है। शिकागो में डेमोक्रेटिक पार्टी का सम्मेलन हो रहा है। इस सम्मेलन में ही कमला हैरिस को आधिकारिक तौर पर पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित किया जाएगा और हैरिस नामांकन स्वीकार करेंगी। सम्मेलन के दौरान संबोधित करते हुए हिलेरी क्लिंटन ने कहा कि मैं उनके दिल और उनकी ईमानदारी को जानती हूं। हम दोनों ने युवा वकील के रूप में दुर्व्यवहार के शिकार बच्चों के लिए काम किया है।

कमला हैरिस हमारा साथ देंगी

पूर्व प्रथम महिला हिलेरी क्लिंटन ने कहा कि, इस तरह का काम आपको बदल देता है। वे बच्चे आपके साथ रहते हैं। कमला अपने साथ हर उस बच्चे की उम्मीदें लेकर चलती हैं, जिसकी उन्होंने रक्षा की, हर उस परिवार



की मदद की, हर उस समुदाय की सेवा की, जिसकी उन्होंने सेवा की। इसलिए राष्ट्रपति के रूप में, वह हमेशा हमारा साथ देंगी। वह मेहनतकश परिवारों के लिए लागत कम करने के लिए लड़ेंगी। अच्छे वेतन वाली नौकरियों के लिए दरवाज़े खोलेंगी। और, हाँ, वह पूरे देश में गर्भपात के अधिकारों को बहाल करेंगी। क्लिंटन ने कमला हैरिस को संयुक्त राज्य अमेरिका का भविष्य बताया। क्लिंटन ने कहा कि मेरे जीवन की कहानी और हमारे देश का इतिहास यह है कि प्रगति संभव है, लेकिन इसकी गारंटी नहीं है। हमें इसके लिए लड़ना होगा और कभी हार नहीं माननी चाहिए। हमारे पास हमेशा एक विकल्प होता है कि क्या हम आगे बढ़ेंगे या पीछे हटेंगे? हम लोग साथ आएंगे या बंट जाएंगे? इस चुनाव में हमारे सामने यही विकल्प हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला बोलते हुए हिलेरी क्लिंटन ने कहा कि हमारा संविधान कहता है कि राष्ट्रपति का काम है कि वह ये ध्यान रखें कि कानूनों का ईमानदारी से पालन किया जाए। हमारे संस्थापकों ने ये बातें कही थीं। कमला को बच्चों, परिवारों और अमेरिका की परवाह है। डोनाल्ड को केवल अपनी परवाह है। अदालत में अपने पहले दिन कमला हैरिस ने पांच शब्द कहे थे, जो आज भी उनका मार्गदर्शन करते हैं।

## दुनिया भर में 2023 में 280 सहायता कर्मियों ने गंवाई जान, यूएन रिपोर्ट में दावा- इस साल आंकड़ा बढ़ सकता है

**बर्लिन, एजेंसी।** बीते साल दुनिया भर में संघर्षों में रिकॉर्ड संख्या में 280 सहायता कर्मी मारे गए। इस साल इनकी मौतों का यह आंकड़ा बीते साल के मुकाबले और भी भयावह हो सकता है। यह खुलासा सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने किया।

ओसीएचए के मुताबिक, 2023 में 33 देशों में 280 सहायता कर्मी मारे गए। यह 2022 के 118 मौतों के आंकड़े के दोगुने से भी ज्यादा है। सहायता कर्मियों की आधी से ज्यादा मौतें अक्तूबर में शुरू हुए इस्राइल-गाजा युद्ध के पहले तीन माह में हुईं। इसमें भी अधिकांश सहायताकर्मी हवाई हमलों में मारे गए। इनमें से ज्यादातर संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के सदस्य थे। एजेंसी

परिजनों को एक लाख की मदद

नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत सरकार ने घोषणा की है कि वह रविवार रात भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को प्रति व्यक्ति एक लाख रुपये की सहायता देगी। मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129